नई दिल्ली, मंगलवार 1 अप्रैल 2025 ■ चैत्र मास शुक्ल पक्ष-03 ■ वर्ष : 28, अंक : 351 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 34 न्यून. 21 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



दिल्ली की जामा मस्जिद पहुंचे नमाजी

### दिल्ली की मस्जिदों में अदा की गई नमाज, एक-दूसरे के मिले गले

# 'खुशियों' भरी ईद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोमवार को देशभर में ईद का त्योहार मनाया गया। इस खास मौके पर देश की सबसे बड़ी मस्जिद दिल्ली की जामा मस्जिद में नमाज अदा की गई।

जहां भारी संख्या में लोग पहुंचे। दिल्ली की जामा मस्जिद के बाद ईद-उल-फितर के मौके पर लोगों ने फतेहपुरी मस्जिद में नमाज अदा की। इस मौके पर यहां भारी संख्या में लोग पहुंचे। वहीं सुरक्षा के पुख्ता इंजाम भी रहे। मस्जिदों के बाहर दिल्ली पुलिस और



सुरक्षाबलों के जवान मौजूद रहे। इस मौके पर जामा मस्जिद पर भारी संख्या में लोग मस्जिद प्रांगण में जमा हुए। इस मौके पर बच्चों में खासा उत्साह देखा। जामा मस्जिद के बाहर और आसपास के इलाके में सुबह से भारी पुलिस बल तैनात है। रमजान के मुबारक महीने के खत्म होने के बाद ईद का पर्व मनाया आया। ईद सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि यह इंसानियत, भाईचारे और प्रेम का जश्न है। इस मौके पर गुरुग्राम के लेजर वैली ग्राउंड में ईद पर नमाज पढ़ते मुस्लिम समुदाय के लोग नजर आए।

### वक्फ बिल का विरोधः दिल्ली, हैदराबाद भोपाल में काली पट्टी बांधकर पहुंचे नमाजी

*ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आव्हान पर वक्फ संशोधन बिल में हुए बदलावों के विरोध में नमाज पढ़ने काली पट्टी बांधकर नमाजी पहुंचे। दिल्ली, हैदराबाद, भोपाल के नमाजियों का मानना है कि वक्फ बिल मौजूदा वक्फ संपत्ति को प्रभावित कर सकता है और इससे उनके धार्मिक स्थलों पर असर पड़ सकता है। यहां एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हम इस बिल का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे हैं, जैसा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने उन्हें बताया था।*

### कहा, धार्मिक आधार पर कई संगठन केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयक का समर्थन कर रहे

# वक्फ संशोधन विधेयक के विरोधी कर रहे लोगों को गुमराह करने का प्रयासः रिजिजू

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर विपक्षी सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि इसका विरोध करने वाले लोग शक्तिशाली लोग हैं, जबकि उन्होंने उन पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे कहा कि विधेयक की आलोचना करना हर किसी का अधिकार है, लेकिन यह ठोस होना चाहिए। उन्होंने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि ये वक्फ संशोधन विधेयक असंवैधानिक है। वक्फ नियम आज़ादी से पहले से ही अस्तित्व में हैं। ये सारे प्रावधान पहले से ही अस्तित्व में हैं। अगर वक्फ अधिनियम आज़ादी से पहले से ही अस्तित्व में है, तो फिर ये अवैध कैसे हो सकता है?

केरल कैथोलिक बिशप्स काउंसिल (केसीबीसी) द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक को समर्थन देने और राज्य के सांसदों से भी ऐसा करने



का अनुरोध करने के लिए भेजे गए पत्र के बारे में बोलते हुए, रिजिजू ने कहा कि धार्मिक आधार पर कई संगठन केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि संशोधन विधेयक गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है। उन्होंने कहा कि यह वक्फ बोर्ड के तहत संपत्तियों के प्रबंधन के मामले में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। रिजिजू ने कहा, केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल द्वारा भेजा गया अनुरोध पत्र सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न समुदायों के कई संगठन वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। हमें यह समझना चाहिए कि यह विधेयक मूल रूप से गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है और यह भी सुनिश्चित करता है कि वक्फ की संपत्तियों का प्रबंधन पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से हो। हम आम लोगों का कल्याण सुनिश्चित करते हैं।

किरेन रिजिजू ने आगे कहा कि भोले-भाले मुसलमानों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा है कि सरकार मुसलमानों की संपत्ति और अधिकार छीनने जा रही है। कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही झूठी बातें हमारे समाज और राष्ट्र के लिए बहुत हानिकारक हैं। मैं सभी से अनुरोध करना चाहूंगा कि कृपया उन नेताओं को पहचानें जो झूठ बोल रहे हैं। ये वे लोग हैं जिन्होंने सीएए के दौरान देश को गुमराह किया। मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि भारत में अल्पसंख्यक सबसे सुरक्षित हैं और अल्पसंख्यकों को भारत में स्वतंत्रता के सर्वोत्तम अधिकार प्राप्त हैं।

## भाग्यशाली हैं कि हम गंगा-जमुनी तहजीब वाले देश में हैंः चिश्ती

### संशोधन को बताया संविधान पर सीधा आक्रमण, गलत



इस विधेयक पर विपक्ष का विरोध जारी है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि वक्फ विधेयक संविधान पर सीधे तौर पर हमला है और इसकी नींव के खिलाफ है। हर विपक्षी दल इसका विरोध कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि धर्मनिरपेक्ष दलों जेडीयू और टीडीपी का क्या कहना है। रमेश ने कहा ⏩ शेष पेज 5

### कई ईसाई संगठन केंद्र सरकार के साथः चंद्रशेखर

केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल सहित कई ईसाई संगठन विधेयक का समर्थन कर रहे हैं, क्योंकि मुनंबम उपनगर में गरीब परिवारों ने दावा किया है कि वे वक्फ बोर्ड द्वारा जमीन जब्त किए जाने के खतरे में जी रहे हैं। उन्होंने लोगों की सहायता करने का आग्रह किया है।

### अजमेर दरगाह के चिश्ती बोले

### वक्फ में बदलाव जरूरी, होने चाहिए

ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन और अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख के उत्तराधिकारी सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हम गंगा-जमुनी तहजीब वाले देश में रह रहे हैं। यहां विभिन्न संस्कृतियों के लोग मिलजुलकर रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने ये सुनिश्चित किया है कि 'सौगात-ए-मोदी' देश के 22 लाख लोगों तक पहुंचे। मेरा मानना है कि वक्फ बिल में संशोधन की जरूरत है। उम्मीद है कि इस बिल से पारदर्शिता आएगी. विरोध और समर्थन करना लोकतंत्र का हिस्सा है। संवैधानिक तरीके से अगर कोई विरोध कर रहा है तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला

लखनऊ — पंजाब

शाम 7.30 बजे से

### तृतीया:मां चंद्रघंटा



पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता।।

## खबर संक्षेप

### चारधाम यात्रा के लिए पंजीयन 10 लाख पार

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आंकड़ा 10 लाख पार हो चुका है। इसमें केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक 3.29 लाख तीर्थयात्री पंजीकरण कर चुके हैं। यात्रा शुरू होने के बाद 40 प्रतिशत पंजीकरण ऑफलाइन किए जाएंगे। 30 अप्रैल से शुरू हो रही यात्रा के लिए 20 मार्च से ऑनलाइन पंजीयन शुरू किया था।



### दलाई लामा 'गोल्ड मर्करी अवार्ड' से सम्मानित

**धर्मशाला।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को शांति और सतत विकास के लिए प्रतिष्ठित 'गोल्ड मर्करी अवार्ड' से सोमवार को सम्मानित किया गया। यह विशेष पुरस्कार समारोह उनके धर्मशाला स्थित आवास पर आयोजित किया गया। यह पुरस्कार 'गोल्ड मर्करी इंटरनेशनल' द्वारा प्रदान किया।



### पहले भी पीएम के साथ किया काम

# प्रधानमंत्री मोदी की निजी सचिव बनीं निधि तिवारी, वाराणसी में भी रह चुकी हैं पदस्थ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नई निजी सचिव मिली हैं। 2014 बैच की आईएफएस अधिकारी निधि तिवारी को यह जिम्मेदारी दी गई है।

■ विदेश नीति में निभाया अहम रोल



निधि तिवारी पहले भी कई अहम जिम्मेदारियां निभा चुकी हैं जिसमें वो प्रधानमंत्री के साथ काम कर चुकी हैं। निधि का वाराणसी से भी खास कनेक्शन रहा है। इस बात की जानकारी कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश जारी करते हुए दिया है। 29 मार्च को जारी आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने निधि तिवारी की निजी सचिव के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। निधि तिवारी से पहले पीएम मोदी के पास दो निजी सचिव थे, जिनके नाम हार्दिक सतीशचंद्र शाह और विवेक कुमार थे। तिवारी वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में उप सचिव के रूप में कार्यरत हैं। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा नियुक्त आईएफएस निधि तिवारी जनवरी 2023 से कार्यरत हैं। नवंबर 2022 में आईएफएस अधिकारी निधि प्रधानमंत्री कार्यालय में अवर सचिव के रूप में शामिल हुईं और जनवरी 2023 से वह प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में डिप्टी सेक्रेटरी के रूप में कार्यरत हैं। यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के दौरान ⏩ शेष पेज 5 पर

### मोनालिसा को फिल्म ऑफर की

## सनोज मिश्रा 'रेप' के आरोप में गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महाकुंभ 2025 में वायरल हुई मोनालिसा को अपनी फिल्म में भूमिका ऑफर करने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा को बलात्कार के आरोप में



गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद यह गिरफ्तारी हुई है। निर्देशक पर एक महिला ने आरोप लगाया है कि उन्होंने कई वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया। दरअसल, दिल्ली पुलिस के मुताबिक 6 मार्च 2024 को निर्देशक के ⏩ शेष पेज 5 पर

### संघ के भैयाजी जोशी ने कहा

## शिवाजी महाराज ने अफजल खान का मकबरा बनवाया था

एजेंसी ⏭ नागपुर

मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की कुछ दक्षिणपंथी संगठनों की मांग के बीच आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश



'भैयाजी' जोशी ने सोमवार को कहा कि इस मुद्दे को बेवजह उठाया गया है। 'भैयाजी' जोशी ने कहा कि हमारे पास छत्रपति शिवाजी महाराज का आदर्श है, उन्होंने अफजल खान का मकबरा बनवाया था। यह भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक है। मकबरा बना रहेगा और जो भी वहां जाना ⏩ शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस नेता अय्यर अब बोले

## दो तिहाई आबादी हिंदू राष्ट्र के पक्ष में नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि नफरत की राजनीति के बावजूद देश की दो-तिहाई आबादी



हिंदू राष्ट्र के पक्ष में नहीं है। इसके साथ ही अय्यर ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां सभी का खुले दिल से स्वागत होता है और सभी को गले लगाया जाता है। एक-दूसरे के साथ सद्भाव के साथ रहना चाहिए। अय्यर ने कहा कि मैं उस भारत से बोल रहा हूं, जहां की सरजमीं सबका स्वागत करती है। सब ⏩ शेष पेज 5 पर

### न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट को खारिज कर बोला भारत

# ब्रिटेन की कंपनी ने भारत के मार्फत रूस को नहीं भेजे सैन्य उपकरण, संवेदनशील तकनीक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत ने सोमवार को प्रसिद्ध अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स (एनवाईटी) की उस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है। जिसमें कुछ दस्तावेजों के हवाले से यह दावा किया गया था कि ब्रिटेन के एयरोस्पेस निर्माता एच.आर स्मिथ ग्रुप के भारत की रक्षा क्षेत्र की एक कंपनी को दिए गए कुल करीब 2 मिलियन डॉलर के सैन्य उपकरण और संवेदनशील तकनीक रूस की प्रतिबंधित कंपनी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट को बेची गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनवाईटी की यह रिपोर्ट तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है, जिसमें राजनीतिक इस्तेमाल के लिए मुद्दों को गढ़कर तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

साथ ही प्रसिद्ध मीडिया आउटलेट ने किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पहले उसके बारे में बुनियादी जांच-पड़ताल करने के महत्वपूर्ण सिद्धांत का भी पालन नहीं किया है। भारतीय कंपनी ने कभी भी अंतरराष्ट्रीय मानकों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन नहीं किया है।

सूत्रों ने कहा कि भारत की कंपनी ने सामरिक व्यापार नियंत्रण और आपूर्तिकर्ता प्रतिबद्धता से जुड़ी हुई अंतरराष्ट्रीय बाध्यताओं और दायित्वों का कोई उल्लंघन नहीं किया है। मामले पर भारत में एक व्यापक कानूनी और नियामक तंत्र मौजूद है। जो उसकी तमाम कंपनियों ⏩ शेष पेज 5 पर

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम आदेश पारित किया

# भ्रूण की विसंगतियों से महिला 26 हफ्ते का गर्भ गिरा सकेगी

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक 32 वर्षीय गर्भवती की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम आदेश पारित किया है। इस फैसले में कोर्ट ने बच्चे को जन्म देने के अधिकार पर अहम टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति रेवती मोहित डेरे और जस्टिस नीला गोखले की खंडपीठ ने महिला को अपनी पसंद के निजी अस्पताल में गर्भपात की अनुमति दी है।

हालांकि, अस्पताल को एक हलफनामा दाखिल कर अदालत को बताना होगा कि हॉस्पिटल में



मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत सभी जरूरतें पूरी करने का इंतजाम है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में महिलाओं को प्रजनन की स्वतंत्रता, शारीरिक स्वायत्तता और पसंद के अधिकार पर विशेष जोर दिया है। दो जजों की ⏩ शेष पेज 5 पर

### आपदा से सर्वाधिक प्रभावित मांडले समेत अन्य जगहों पर राहत-बचाव अभियान जारी

बचाव अभियान ग्राउंड पर युद्धस्तर पर जारी है

# म्यांमार में भूकंप प्रभावितों की ग्राउंड पर मदद में जुटे भारत के सशस्त्र बल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बीते सप्ताह के अंत में 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप से कांपे म्यांमार में 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत शुरू किया गया भारत के सशस्त्र बलों का राहत और बचाव अभियान ग्राउंड पर युद्धस्तर पर जारी है। सेना ने सोमवार को बताया कि मांडले में सुबह 8 बजे भारतीय सेना ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और मेडिकल टीमों के साथ मिलकर आपदा प्रभावितों की खोज-खबर का काम शुरू किया। इसके साथ ही सेना के फील्ड अस्पताल के 110 और 10 एनडीआरएफ ⏩ शेष पेज 5 पर

### भारत की मदद का सूत्र 'वसुधैव कुटुंबकम'



म्यांमार में भारतीय दूतावास ने एक्स पोस्ट में बताया कि 30 मार्च को मांडले में पहुंचने के बाद हमारी टीमें भूकंप के बीच जिंदा बचे लोगों की तलाश और चिकित्सा सहायता में जुटी हुई हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं म्यांमार के आपदा प्रभावित लोगों के साथ हैं। मांडले और यांगून के लिए और अधिक सहायता और समर्थन भेजा जा रहा है। भारत मांडले, नेपीताव, सागाइंग और बागो के प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को मदद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा ⏩ शेष पेज 5 पर

### म्यांमार की सेना ने दी काफिले को सुरक्षा

भारत की सेना के दल को मांडले व अन्य जगहों तक पहुंचाने के समूचे मार्ग में म्यांमार की सेना के वाहनों ने सुरक्षा प्रदान की। रविवार को भारतीय सेना के फील्ड अस्पताल के 10 कर्मी, एनडीआरएफ सदस्य, डीसीएम और डीए म्यांमार की वायुसेना के विमान से मांडले पहुंचे थे। उन्होंने म्यांमार के प्राधिकारियों जैसे मांडले डिविजन के मुख्यमंत्री और तमाम मानवीय सहायता कार्य के मुख्य समन्वयक लेफ्टिनेंट जनरल मायो मो आंग के साथ राहत कार्य को लेकर विचार-विमर्श किया।

## दूसरी बेटी को सुरक्षित बाहर निकाला

# गैस रिसाव के कारण आग लगने से नाबालिग भाई-बहन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पंजाबी बाग थाना इलाके के मनोहर पार्क स्थित एक घर में एलपीजी सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण आग लग जाने से दो नाबालिग भाई-बहन की मौत हो गई। मृतक बच्चों की पहचान साक्षी (14) और उसके भाई आकाश (7) के रूप में हुई है। दमकल की दो गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया था। यह घटना रविवार रात करीब आठ बजकर 20 मिनट पर सामने आई।

डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार सूचना मिलने पर टीम मनोहर पार्क के डब्ल्यूजेड-7 नंबर मकान पर पहुंची। आग एलपीजी सिलेंडर से गैस रिसाव होने के कारण लगी थी। घटना के समय दोनों बच्चों की मां सविता (34) खाना बना रही थी। तभी पास में रखे कुछ कपड़ों में आग लग गई। घटना के समय कमरे में उनकी दो बेटियां और बेटा भी मौजूद थे। डीसीपी ने बताया कि सविता और उसकी दूसरी बेटी मीनाक्षी (11) सुरक्षित बाहर निकाल ली गई, जबकि साक्षी और आकाश अंदर फंस गए। इस घटना में तीन अन्य लोग भी झुलस गए, जिन्हें पीसीआर टीम ने आचार्य भिक्षु अस्पताल पहुंचाया। मृतक दोनों भाई-बहन पूरी तरह झुलस गए थे, जिन्हें चिकित्सकों ने अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि संदीप पाठक नामक एक अन्य व्यक्ति मामूली रूप से झुलसा था, जिसका इलाज चल रहा है। दोनों बच्चों के पिता लाल बहादुर (40) अशोका पार्क मेन इलाके में निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं और घटना के समय ड्यूटी पर थे।

### अस्पताल में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** लक्ष्मी नगर इलाके के प्रियदर्शनी विहार में स्थित मक्कड़ अस्पताल में रविवार रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार देर रात 11:42 बजे लगी आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल की चार गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गई थी। आग में कुछ फाइलें, एसी और बिस्तर जलकर खाक हो गये। पुलिस के अनुसार आग 'एयर कंडीशनर' और अस्पताल के बिस्तर में लगी थी, जिसे तुरंत बुझा दिया गया। कुछ मरीजों को तुरंत बाहर निकाला गया। ढाई साल के मरीज रियांश के परिजनों ने उसे नोएडा के कैलाश अस्पताल में स्थानांतरित कराया। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में पीसीआर कॉल रात करीब 12:04 बजे प्राप्त हुई थी। आग लगने की घटना रात करीब 11:30 बजे सामने आई थी। आग भूतल पर मुख्य आपातकालीन क्षेत्र से सटे एक खाली कमरे में लगी थी। कमरे में कुछ फाइलें और बिस्तर थे। पुलिस के अनुसार आपातकालीन वार्ड में कोई मरीज नहीं था, जबकि तीन मरीज प्रथम तल पर आईसीयू में थे। रियांश के रिश्तेदार ने बताया कि वह वेंटिलेटर पर था और आग लगने से कुछ घंटे पहले उसे अस्पताल रेफर किया गया था। परिजनों को जैसे ही पता चला कि आग लगी है, वे रियांश की हालत देखने पहुंचे। वह सुरक्षित था, लेकिन उसे ऐसे माहौल में नहीं रख सकते थे, इसलिए उसे दूसरे अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# सात वर्षीय बच्ची की गला रेतकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्वरूप नगर इलाके में सात वर्षीय बच्ची की उसके घर में ही गला रेतकर हत्या कर दी गई। वारदात रविवार रात सामने आई। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिये बाबू जगजीवन राम अस्पताल भिजवाया है। शुरुआती तफ्तीश और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से पता चला कि क्राइम सीन से मृतक बच्ची का पिता अपने एक जानकार के साथ कुछ समय पहले ही निकला था। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि घटना के बारे में शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे उस समय पता चला जब स्वरूप नगर बीट नंबर 2 पर तैनात हेड कांस्टेबल भूपेंद्र पेट्रोलिंग पर था। हेड कांस्टेबल ने एक घर के बाहर भारी भीड़ जमा देखी। वह घर के अंदर गया और पाया कि खून से लथपथ बच्ची अचेत अवस्था में पड़ी है। उसने तुरंत स्थानीय पुलिस थाने और अपने वरिष्ठों को सूचित किया। पुलिस ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में बच्ची का पिता प्रेम सिंह (32) और उनका परिचित रंजीत घटना के समय इलाके से निकलते दिखाई दे रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रेम सिंह मूलरूप से बिहार के पटना का निवासी है और मजदूरी करता है। उसकी पत्नी मुस्कान (32) गाजियाबाद की रहने वाली है और दिल्ली के लिबासपुर में एक फैक्ट्री में काम करती है। दंपति की एक और बेटी है, जिसकी उम्र नौ साल है। फॉरेंसिक और अपराध टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किये हैं।

### दो बेटों ने पड़ोसी संग मिल की पिता की हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मौजपुर में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके दो बेटों और एक पड़ोसी ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक का नाम रहीसुद्दीन बताया गया है। घटना विजय मोहल्ला इलाके में सामने आई। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भिजवा आरोपी बेटों की तलाश में जुटी है। स्पेशल स्टाफ को भी जांच में लगाया गया है। पुलिस के अनुसार रहीसुद्दीन पर उसके बेटों महमूद और जुबैद ने अपने पड़ोसी रफीक और एक नाबालिग के साथ मिलकर हमला किया। रविवार दोपहर करीब 1:35 बजे यह घटना सामने आई। घायल बुजुर्ग व्यक्ति को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पड़ोसी रफीक (46) को गिरफ्तार कर लिया गया है और नाबालिग को भी पकड़ा गया है। दोनों बेटे फरार चल रहे हैं। जाफराबाद थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# रेप और मारपीट केस का आरोपी डायरेक्टर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नबी करीम थाने में दर्ज रेप और मारपीट के केस का आरोपी गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया है। 45 वर्षीय आरोपी व्यक्ति पहले से विवाहित था और महिला को शादी का झांसा देकर रेप कर रहा था। आरोपी का नाम गाजियाबाद निवासी सनोज मिश्रा बताया गया है। वह मुंबई में रह रहा था। यह वहीं डायरेक्टर है जिसने कुंभ मेले की वायरल गर्ल मोनालिसा को फिल्म का ऑफर दिया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 28 वर्षीय महिला की शिकायत के आधार पर मध्य दिल्ली के नबी करीम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। महिला ने आरोपी पर रेप, दुर्व्यवहार, जबरन गर्भपात और धमकी देने का आरोप लगाया था। शिकायत में कहा गया है कि मिश्रा पिछले चार सालों से उसके साथ मुंबई में 'लिव-इन रिलेशनशिप' में रह रहा था। महिला ने अपनी शिकायत में यह आरोप भी लगाया है कि मिश्रा ने उससे शादी का वादा किया था और इस दौरान उसने उसे तीन बार गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया। बाद में वह अपने वादे से मुकर गया, जिसके बाद उसे पुलिस के पास जाना पड़ा। मिश्रा को 30 मार्च को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया।

# आधुनिक दिल्ली की शिल्पकार थीं शीला दीक्षित : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित आधुनिक दिल्ली की शिल्पकार थीं। उनके नेतृत्व में दिल्ली ने बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनका दृष्टिकोण हमें निरंतर प्रेरित करता रहेगा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोमवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम के दौरान यह संबोधन दिया। इस दौरान देवेन्द्र यादव ने कहा कि हम भाजपा की दिल्ली सरकार से उम्मीद करते हैं कि वह शीला दीक्षित द्वारा बनाए गए विश्वस्तरीय ढांचे को और मजबूत बनाकर दिल्ली में विकास करेंगे ना कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल की तरह दिल्ली के संस्थागत ढांचे को बर्बाद करके केवल विज्ञापनों के द्वारा दिल्लीवालों को भ्रमित करने का काम करेंगे।

प्रदेश कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पार्टी कार्यकर्ता और समर्थकों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र नाथ किरण वालिया, मीडिया कम्युनिकेशन अध्यक्ष अनिल भारद्वाज, जतिन शर्मा, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव, धर्मपाल चंदेल राजकुमार जैन हर्ष चौधरी आदेश भारद्वाज डॉ पीके मिश्रा जेपी पावर श्री सुनील कुमार एडवोकेट आभा चौधरी अशोक भसीन शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष यादव ने 1कुछ प्रमुख उपलब्धियों को याद किया और कहा कि दिल्ली के चहुंमुखी विकास के लिए शीला सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

### आप और भाजपा पर साधा निशाना

शीला दीक्षित को श्रद्धांजलि देते हुए देवेंद्र यादव ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार की असफलताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशासन पर भ्रष्टाचार को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया और बेरोजगारी, महंगाई, कचरा प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और सार्वजनिक परिवहन जैसे मुद्दों की अनदेखी करने के आरोप भी लगाए। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार की लोकलुभावन घोषणाओं, जैसे 2,500 मासिक भत्ता, सस्ती एलपीजी, गर्भवती महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता और स्वास्थ्य योजनाओं के विस्तार पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन योजनाओं को लागू करने के लिए कोई ठोस राजस्व उत्पन्न करने की योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी 75 प्रतिशत संसदीय घोषणाओं को पूरा करने में विफलता दिखाई है और हमें आशंका है कि भाजपा की दिल्ली सरकार का यह बजट भी केवल एक 'जुमला' बनकर रह जाएगा।

# एक करोड़ पांच लाख की हेरोइन जब्त, दो पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ टीम ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की 548 ग्राम उच्च गुणवत्ता की हेरोइन जब्त की गई है। पुलिस ने सिलसिलेवार अभियान चलाकर इससे पहले पूजा देवी को गिरफ्तार किया था। उसके पास 415 ग्राम हेरोइन जब्त हुई थी।

डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान महिला ने रोहित नाम के व्यक्ति के बारे में बताया था। उसी से मादक पदार्थ महिला द्वारा लिया जाता था। इसके बाद रोहित को सुल्तानपुरी इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 133 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। गिरफ्तार पूजा ने बताया कि वह पहले अवैध शराब के कारोबार में लिप्त थी। लेकिन ज्यादा पैसा कमाने के लिये वह रोहित के साथ मादक पदार्थ तस्करी में भी शामिल हो गई। दोनों दिल्ली-एनसीआर में हेरोइन की तस्करी करते थे। पुलिस के अनुसार राजधानी में मादक पदार्थ की तस्करी में संलिप्त नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए जांच कर रही है।

# पड़ोसी की कार की चपेट में आने से बच्ची की मौत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में एक पड़ोसी की कार की चपेट में आ जाने से दो साल की बच्ची की मौत हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार शाम करीब सवा छह बजे पहाड़गंज के राम नगर में हुई। पुलिस को एक बच्ची के सड़क दुर्घटना में घायल होने के बारे में सूचना मिली थी, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि वाहन पीड़ित परिवार के पड़ोसी का है और दुर्घटना के समय पड़ोसी का बेटा वाहन चला रहा था। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 (तेज गति से वाहन चलाना) और 106(1) (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# जामा मस्जिद में लोगों ने कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की ईद की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जामा मस्जिद के आसपास ईद-उल-फित्र के अवसर पर सोमवार को कड़ा सुरक्षा पहरा रहा। कड़ी सुरक्षा के बीच बच्चों और बुजुर्गों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शांति के साथ ईद का पर्व मनाया जाना सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस दलों को जामा मस्जिद में तैनात किया गया था।

पुलिस के अनुसार हमने ईद के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। कई दिनों से तैयारियां चल रही थी और स्थानीय निवासियों से भी पुलिस को भरपूर सहयोग मिला। इसके अतिरिक्त पुलिस की सोशल मीडिया निगरानी टीम द्वारा प्रमुख हस्तियों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर बनाये रही। कई नमाजियों को नमाज के बाद भीड़ को संभालने में पुलिस कर्मियों की मदद करते हुए देखा गया। मुश्तकीम नाम के एक शख्स ने कहा कि ईद शांति का त्योहार है और एक महीने के उपवास के बाद हम इसे खुशी के साथ मनाते हैं।

# स्त्री सशक्तिकरण से ही समाज होगा सशक्त : प्रो. साधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय के श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला महाविद्यालय के हिंदी विभाग एवं 'पहल' के संयुक्त तत्वावधान में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 'स्त्री सशक्तिकरण और बालिकाओं की आत्मनिर्भरता' (साहित्य, समाज और मनोविज्ञान के परिप्रेक्ष्य में) विषय पर अंतर-अनुशासनिक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. साधना शर्मा ने अपने स्वागत वक्तव्य में बताया कि स्त्री सशक्तिकरण से ही समाज सशक्त होगा, स्त्रियां आत्मनिर्भर बनेंगी और तभी समाज का पूर्ण विकास होगा। प्रो. अनिल मिश्रा ने 'पहल' द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। प्रो. राकेश सिन्हा ने अपने वक्तव्य में कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों के माध्यम से स्त्री अधिकारों की बात की। इतिहास में महिलाओं की यथार्थ स्थिति से अवगत कराते हुए उनकी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया, और कहा कि पहले की तुलना में आज महिलाओं की स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलता है लेकिन यह पर्याप्त नहीं हैं, इसलिए अभी हम सबको मिल कर महिला सशक्तीकरण के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे।

# अप्रैल से जून तक पांच दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने रामनवमी और गुड फ्राइडे समेत महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहारों पर शराब की दुकानों को बंद रखने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में पांच ड्राई डे घोषित किए हैं। इस संबंध में आबकारी विभाग द्वारा जारी आदेश में जानकारी दी गई है। सरकार के आबकारी विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में शराब की दुकानें रामनवमी के उपलक्ष्य में छह अप्रैल, महावीर जयंती पर 10 अप्रैल, गुड फ्राइडे पर 18 अप्रैल, बुद्ध पूर्णिमा पर 12 मई और ईद-उल-जुहा पर छह जून को बंद रहेंगी। आबकारी आयुक्त सनी सिंह ने जारी आदेश में कहा कि लाइसेंसधारियों को अपने लाइसेंस प्राप्त परिसर में प्रमुख स्थान पर आदेश को प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है। जिससे आम लोगों को इस बारे में जानकारी मिल सके। 'ड्राई डे' का मतलब है, वह दिन जब पूरे राज्य में शराब की बिक्री प्रतिबंधित होती है।

## भाजपा शासित शहरों में होती है निर्बाध बिजली आपूर्ति

# केजरीवाल सरकार ने पिछले दस वर्षों में बिजली आपूर्ति के नाम पर की घोटालेबाजी : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



खेदपूर्ण है कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने 2015 से 2025 के बीच बिजली आपूर्ति के नाम पर केवल घोटालेबाज़ी की है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को दिल्ली की पिछली केजरीवाल सरकार पर यह आरोप लगाते हुए उक्त बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित मुम्बई, पुणे, अहमदाबाद, वड़ोदरा, बंगलोर और ना जाने कितने शहर हैं जहां भाजपा शासन से निर्बाध बिजली आपूर्ति होती है। उत्तर प्रदेश जिसे 2017-18 तक बिजली उत्पादन एवं आपूर्ति में बीमार प्रदेश माना जाता था, वह आज रात दिन रोशन प्रदेश की तरह जगमगाता है। उन्होंने कहा है कि आतिशी मार्लेना को मालूम होना चाहिए कि दिल्ली देश की राजधानी है और अगर यहां 24 घंटे बिजली आपूर्ति होती है तो यह कोई अनूठा काम नहीं है।

सचदेवा ने कहा है कि इसके अलावा पावर डिस्कॉम में शामिल निजी कम्पनियों ने भी बिजली उत्पादन एवं सप्लाई की स्थिति सुधारने का प्रयास किया पर खेदपूर्ण है कि केजरीवाल सरकार ने 2015 से 2025 के बीच बिजली आपूर्ति के नाम पर के केवल घोटालेबाज़ी की है। उन्होंने कहा कि आतिशी मार्लेना बतायें कि क्या यह सच नहीं कि दिल्ली में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे को दिखाते दिखाते केजरीवाल सरकार ने निजी कम्पनियों के साथ मिलकर बिजली सब्सिडी एवं पीपीएसी घोटाले किये।

### 24 घंटे बिजली सप्लाई शासन का कर्तव्य है, अहसान नहीं

सचदेवा ने कहा कि भाजपा नेता अपने राज्यों में अच्छी बिजली आपूर्ति पर कोई ढोल नहीं पीटते क्योंकि 24 घंटे बिजली आपूर्ति शासन का कर्तव्य है ना कि जनता पर कोई एहसान। सचदेवा ने कहा है कि आतिशी मार्लेना आज जिस शानदार बिजली आपूर्ति का दावा कर रही हैं, उसकी नींव दिल्ली में राष्ट्रपति शासन के दौरान 2014 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने संसद में दिल्ली का बजट पेश करते हुए रखी थी।

### केंद्र सरकार ने करोड़ों रुपये बिजली सुधार आदि के लिए दिए

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली वालों को अरूण जेटली का वो बजट भाषण भलीभांति याद है जिसमें उन्होंने दिल्ली की खराब बिजली आपूर्ति की स्थिति का जिक्र करते हुए इसके सुधार के लिए बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्टमेंट पर जोर देते हुए 675 करोड़ रुपए की इन्वेस्टमेंट नये विद्युत प्लांट लगाने पर और 200 करोड़ रुपये दिल्ली में बिजली ट्रांसफार्मर एवं तारों के सुदृढीकरण पर केन्द्र की ओर से दिये थे।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**धारा 84 BNSS देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरिफ उर्फ पारो पुत्र** मो० असलम, **निवासी 43/3,** गली नं. 19, ब्रह्मपुरी, गोकुलपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 1966/2021 U/s 379/411 IPC थाना: वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आरिफ उर्फ पारो** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आरिफ उर्फ पारो** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1966/2021 U/s 379/411 IPC थाना: वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आरिफ उर्फ पारो** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार दिपाक्षी राणा
एमएम-03, शाहदरा कोर्ट नं. 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/3077/NE/2025**
**(Court Matter)**



### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | अल्ट्रावायलेट फोटो डायरेक्टर मैजरमेंट सैटअप के विकास हेतु विभिन्न मदों की खरीद। | 28.03.2025 21.04.2025 | 2.51 लाख | www.mdu.ac.in | 92189613025 sajjandahiya.physics@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/33467/1/88/7 दि. 31.03.25

# भारत के युवा विकास के लाभार्थी नहीं, भविष्य के निर्माता भी हैं : विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारत के युवा केवल विकास के लाभार्थी नहीं, बल्कि इसके भविष्य के निर्माता भी हैं। यह बात दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को राज्यस्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद' को संबोधित करते हुए कही। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के नेतृत्व विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। नेहरू युवा केंद्र संगठन और दिल्ली विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह युवा संसद प्रधानमंत्री के उस सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम है, जिसमें भारत की राजनीति में 1 लाख युवा नेताओं को लाने की परिकल्पना की गई है। विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप यह युवा संसद नई पीढ़ी को नीतियों और समाधान-आधारित सोच के प्रति जागरूक बनाने का कार्य कर रही है।'

- दिल्ली विधानसभा में राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन

गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राज्य स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधानसभा के सदस्य डॉ. अनिल गोयल, रविंद्र सिंह नेगी और रविकांत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा, नेहरू युवा केंद्र संगठन, दिल्ली के राज्य निदेशक लाल सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक सर्वण कटारिया, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी संजय बेनीवाल, आईआईटीएम की निदेशक डॉ. रचना राणा और गीतकार अनिरुद्ध पांडे भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। युवा संसद में दिल्ली के विभिन्न जिलों से चयनित 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ये प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गए थे। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सार्थक अरोरा (प्रथम स्थान), लावण्या कार्की (द्वितीय स्थान), दिव्यांशी पांडा(तृतीय स्थान) प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो भारतीय संसद में आयोजित होगी।

### हिंदू नववर्ष के अवसर पर मंदिरों में दो दिन का चलाया गया विशेष अभियान, 522 मंदिरों की हुई सफाई

# सीएम गुप्ता ने धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में जारी मेगा सफाई अभियान के तहत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। हिंदू नववर्ष के अवसर पर दिल्ली के मंदिरों में दो दिन का विशेष अभियान चलाया गया। एमसीडी ने 522 मंदिरों में दो दिन 28 मार्च और 29 मार्च को विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान धार्मिक स्थलों से 24,500 से अधिक पोस्टर/बैनर/होर्डिंग्स हटाए गए। इस अभियान के तहत धार्मिक स्थलों को साफ और अधिक स्वच्छ और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाया गया। पूरी दिल्ली में सरकारी संपत्तियों पर लगे अवैध बैनर और पोस्टर हटाने का अभियान जारी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दीपाली चौक स्थित काली मंदिर में दर्शन किए और वहां स्वच्छता अभियान का जायजा लिया। और सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को सफाई अभियान के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने सोमवार को दीपाली चौक स्थित काली मंदिर में दर्शन किए और स्वच्छता अभियान का लिया जायजा
- सफाई के विशेष अभियान के तहत दिल्ली के धार्मिक स्थलों से 24,500 से अधिक पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स हटाए



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली के धार्मिक स्थल केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा हैं। हमारी सरकार स्वच्छता को प्राथमिकता देती है और यह सुनिश्चित कर रही है कि धार्मिक स्थलों का वातावरण भक्तों के लिए स्वच्छ और पवित्र बना रहे। यह सफाई अभियान जनता की भागीदारी और प्रशासन के सहयोग से एक मिसाल बन रहा है। सरकार स्वच्छ और हरित दिल्ली के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए पूरी कटिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में हिंदू नववर्ष के अवसर पर 28 और 29 मार्च को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के तहत फिलहाल 522 मंदिरों में विशेष सफाई अभियान संपन्न किया गया है। इस दौरान धार्मिक स्थल से लगभग 24,500 से अधिक पोस्टर/बैनर/होर्डिंग्स हटाए गए। 5896 पोस्टर और 461 बैनर के साथ सबसे अधिक स्वच्छता कार्य सिटी एसपी ज़ोन में संपन्न हुआ। साथ ही 269 मंदिरों के साथ सीएनजेड ज़ोन में सर्वाधिक मंदिरों की सफाई की गई और ए स ए स जे ड, एसएनजेड,सीएलजेड , केपीजेड, आरजेड और अन्य जोन में भी व्यापक सफाई कार्य हुआ है।

**पोस्टर-बैनर हटाने का काम रहेगा जारी, लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकारी संपत्तियों पर लगे अवैध बैनर और पोस्टर हटाने का अभियान जारी है। सभी सम्बंधित विभाग की टीम अवैध बैनर और पोस्टर हटाने का काम कर रही है। उन्होंने लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी, निर्देश दिया है कि गैर-अनुपालन करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी।

**सीएम ने दिल्लीवासियों से की अभियान को सफल बनाने की अपील**

मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें और स्वच्छता बनाए रखने की इस पहल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार अन्य धार्मिक स्थलों पर भी इसी प्रकार के स्वच्छता अभियान को तेज गति से आगे बढ़ाएगी। सीएम ने बताया कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण, स्वच्छ दिल्ली के सपने को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

## सड़कों और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने के बाद फिर लग जाता है अतिक्रमण



दया राम ⏭ नई दिल्ली

- बवाना, नरेला और शाहबाद डेयरी इलाके में फिर परेशान दिखे नागरिक

दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में होने वाली सदन की अधिकतर बैठकें हंगामें की भेंट चढ़ जाती है और यहां सदन में अपनी बात नहीं रखपाने में असमर्थ निगम पार्षद जोनल वार्ड समिति की बैठकों में सड़कों और फुटपाथ से अतिक्रमण को लेकर अपनी बात रखते हैं और जोन चैयरमैन द्वारा भी अतिक्रमण पर एक्शन करने की बात कही जाती है। हालांकि इसे लेकर एक्शन भी किया जाता है लेकिन दो चार दिन बार फिर से पहले जैसे हालात हो जाते हैं। बार बार हटाना और फिर से सड़कों और फुटपाथ पर अतिक्रमण हो जाने का असर भले ही निगम अधिकारियों पर नहीं पड़ता है लेकिन आम जन इस प्रकार के अतिक्रमण से बेहद परेशान हैं। बता दें कि इस वर्ष दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने दिल्ली के रोहिणी, नरेला, केशवपुरम व अन्य जोनों में सड़कों और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने के लिए एक्शन किया लेकिन कुछ दिन बाद फिर से वहीं हालात हो गए हैं। हाल ही में नरेला जोन के अंतर्गत शाहबाद डेयरी, बवाना और नरेला के मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर कार्रवाई हुई थी लेकिन दो चार दिन बाद फिर से वहीं हालात बताए गए हैं।

**घंटों यातायात जाम में फंसे रहते हैं पार्षद**

बता दें कि पार्षद जब अपने इलाके में दौरे, आयोजनों व पार्टी व निगम बैठकों के लिए निकलते हैं तो घंटों जाम में फंसे रहते हैं और कई पार्षद जोन बैठकों में यह मामले प्रमुखता से उठा चुके हैं। पार्षदों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के लिए बड़ी मुश्किल से पुलिस बल मिलता है और उसके बाद भी हालात पहले जैसे ही हो जाते हैं।

**बिक रहे हैं बाजार के फुटपाथ**

पार्षदों ने निगम बैठकों में यहां तक कहा है कि मुख्य बाजारों में सड़कों और फुटपाथ को मासिक दरों पर बेचा जा रहा है और निगम इस पर कुछ भी एक्शन नहीं ले पा रही है। निगम के कुछ अधिकारियों की कार्यशैली पर भी पार्षद सवाल उठा चुके हैं लेकिन उन अधिकारियों का कुछ नहीं हो पा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### दिल्ली में लग रहे लंबे पावर कट : आतिशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी वरिष्ठ नेता और नेता विपक्ष आतिशी ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद से लगातार बिजली कटौती बढ़ने लगी है। आज सोशल मीडिया पर दिल्ली में पावर कट को लेकर शिकायतों का अंबार है। लोग ट्वीट कर बताते हैं कि दिल्ली यूनिवर्सिटी में 5 घंटे, किराड़ी में 3 घंटे, रोहिणी सेक्टर 22 में 6-8 घंटे, तिलक नगर में 8 घंटे, बुराड़ी में 4 घंटे, जगतपुर गांव में 8 घंटे, राजपुर खुर्द में 7 घंटे, करावल नगर में 2 घंटे का पावर कट हो रहा है। आतिशी ने कहा कि पावर कट को लेकर दिल्लीवालों की परेशानी सोशल मीडिया पर साफ दिख रही है। 10 साल तक दिल्ली में 24 घंटे बिजली आपूर्ति हुई और केंद्र सरकार के आंकड़े भी पुष्टि करते हैं कि पूरे देश में सबसे बेहतरीन बिजली की आपूर्ति दिल्ली में मिल रही है। वहीं, भाजपा की सरकार बनते ही मात्र एक महीने में दिल्ली में जगह-जगह पावर कट्स होने लग गए।

### आईपीयू को मिला पर्यावरण संरक्षण के लिए पुरस्कार



**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी को पर्यावरण संरक्षण, विशेषकर शहरी वानिकी, के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया है। यह पुरस्कार यूनिवर्सिटी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने दिया है। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो, (डॉ,) महेश वर्मा को यह पुरस्कार दिया है। आईपीयू प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने बताया कि दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित दो-दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस ऑन एनवायरनमेंट 2025 में यह पुरस्कार दिया गया।

## प्रवेश वर्मा ने जनता की समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- संबंधित विभागों को समाधान के दिए निर्देश

दिल्ली सरकार पीडब्ल्यूडी और जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने जब से मंत्री पद का कार्यभार संभाला वह लगातार अपने निवास पर जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को मंत्री प्रवेश वर्मा ने अपने निवास पर जनता की समस्याओं को सुना और उनके तत्काल निदान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। मंत्री प्रवेश वर्मा अपने निवास पर सुबह सबसे पहले लोगों की शिकायतों को सुनते हैं। सोमवार को भारी संख्या में लोग उनके निवास पर अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। इनमें दिल्ली की किसान भी शामिल थे। उन्होंने सभी की शिकायतों को ध्यान से सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं मंत्री प्रवेश वर्मा को बधाई देने का सिलसिला अभी तक जारी है। सोमवार को मंत्री प्रवेश वर्मा का स्वागत करने के लिए भारी संख्या लोग अपने हाथों में गुलदस्ता, पगड़ी, फूल की मालाएं, शॉल आदि लेकर उनके निवास पर पहुंचे। जिसके बाद बारी-बारी से सभी से मंत्री प्रवेश वर्मा का अपने- अपने अंदाज में स्वागत किया।

### मुंडका-कराला सड़क को एमसीडी से ले दिल्ली सरकार, तभी सुधरेंगे हालात

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात इलाके की मुंडका-कराला सड़क की हालात पिछले 10 वर्षों से पुनर्निर्माण एवं मरम्मत न होने से पूरी तरह खंडहर हो चुकी है और इसके चलते सात गांवों, एवं एक दर्जन से अधिक अधिकृत अनाधिकृत कालोनियों की लगभग 10 लाख आबादी बुरी तरफ प्रभावित है और आवागमन के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण परिवहन विकास मंच के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने यह जानकारी दी है और इस मामले में दिल्ली के उप राज्यपाल, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और लोक निर्माण विभाग मंत्री को पत्र लिखा है। सोमवार को उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के अंतर्गत यह सड़क आती है और दिल्ली सरकार ने यदि इसे अपने अंतर्गत नहीं लिया तो हालात और भी खराब हो जाएगें। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम द्वारा इसकी मरम्मत एवं नए सिरे से पुनर्निर्माण न होने की वजह से आज इसकी स्थिति बहुत ही दयनीय है। यही नहीं पिछले सात महीनों से दिल्ली परिवहन निगम ने अपनी बसों का परिचालन खराब सड़कों का बहाना बनाकर, बंद किया हुआ है जिससे स्थानीय ग्रामीण एवं अधिकृत अनाधिकृत कानूनी के बड़ी संख्या में दैनिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# राजौरी गार्डन में मंत्री सिरसा ने की विकास परियोजनाओं की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को अपनी विधानसभा राजौरी गार्डन में लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन विकास कार्यों के तहत लगभग 30 लाख रुपये की लागत से नई पानी पाइपलाइन, संत नगर एक्सटेंशन (गली नंबर 5 के पास) और श्याम नगर एक्सटेंशन मेन रोड में डाली जा रही है। इसके अलावा लगभग 82 लाख रुपये की लागत से विष्णु गार्डन और टीसी कैंप में सीवर लाइन के नवीनीकरण कार्य की शुरुआत हुई, जिससे इन इलाकों में सफाई और स्वच्छता की स्थिति में सुधार आएगा। मंत्री सिरसा ने कहा कि नई पानी पाइप लाइन बिछने से लोगों को साफ और शुद्ध पेयजल मिलेगा, जिससे गंदे पानी की समस्या खत्म होगी। वहीं, सीवर लाइन के नवीनीकरण से गंदगी और जलभराव की समस्या कम होगी, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी कम होंगे। इसके अलावा, लगभग 28 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर 96 में छह से अधिक गलियों की सड़कों के सुधार और मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है। इसमें तीतरपुर, डी ब्लॉक एक्सटेंशन, टैगोर गार्डन और राजौरी गार्डन के प्रमुख स्थानों को शामिल किया गया है। मंत्री सिरसा ने बताया कि इन सुधारों से सड़कों की स्थिति बेहतर होगी, जल निकासी की समस्या दूर होगी और नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

- संत नगर और श्याम नगर एक्सटेंशन में 30 लाख रुपये से नई पानी की पाइप लाइन डाली जाएगी
- विष्णु गार्डन और टीसी कैंप में 82 लाख रुपये से सीवर लाइन का नवीनीकरण किया जाएगा
- वार्ड नंबर 96, राजौरी गार्डन में 28 लाख रुपये की लागत से सड़कों के सुधार और नवीनीकरण कार्य किये जाएंगे

**नागरिक सुविधाओं त्वरित समाधान किया जाएगा**

इस दौरान माननीय मंत्री जी ने स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और उन्हें बिजली, पानी, सफाई एवं सड़कों जैसी नागरिक सुविधाओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सेवा और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह पहल क्षेत्र को स्वच्छ, सुविधाजनक और बेहतर रहने योग्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके साथ ही मैं हमेशा राजौरी गार्डन की जनता के बीच उपस्थिति रहूंगा। दिल्ली सरकार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और नागरिकों को स्वच्छ, स्वस्थ व बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### परिसर में मच्छरों का प्रजनन मिला तो होगी कार्रवाई

# साथ मिलकर करेंगे मच्छरों का खात्मा : निगम आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्वनी कुमार ने कार्यालयों, संस्थानों और कार्य स्थलों पर मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए निगम के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों का कोई उपचार और टीका नहीं है इसलिए डेंगू, मलेरिया तथा चिकनगुनिया से बचाव और नियंत्रण के लिए स्रोत पर एडिस मच्छरों का प्रजनन समाप्त करना एक मात्र उपाय है। उन्होंने चेताते हुए यह भी कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग जनता को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के लिए मदद देने के लिए अथक प्रयास कर रहा है और जिस संस्थान के परिसर में मच्छरों का प्रजनन मिलेगा वहां के अधिकारी और जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी।बार बार मच्छरों का प्रजनन पाये जाने पर कानूनी नोटिस, चालान के अलावा पुलिस में भारतीय न्याय संहिता की धारा 271 के अंतर्गत शिकायत की जा सकती है। आयुक्त अश्वनी कुमार ने निगम द्वारा जारी परामर्शों में मच्छर जनित बीमारियों के बचाव और नियंत्रण के कदमों पर कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने सभी सरकारी, स्वायत्त कार्यालयों, शिक्षा संस्थानों, व्यावसायिक केंद्रों, व्यापार संघों, आर.डब्ल्यू.ए के प्रमुखों को एक परामर्श जारी कर पहले से अधिसूचित कदमों पर तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए।

**ओवर हैड और अन्य टंकियों को ढक कर रखा जाए**

निगमायुक्त अश्वनी कुमार ने व्यापार संघों और आर.डब्ल्यू.ए और पदाधिकारियों और कार्यालयों के प्रशासनिक प्रमुखों से यह सुनिश्चित करने का कहा है कि ओवर हैड और अन्य टंकियों को ढक कर रखा जाए, कूलर की पानी की टंकियों पर फिर पेंट किया जाए और पैड बदला जाए, कूलरों को सप्ताह में एक बार साफ कर सूखने दिया जाए, जिन कूलरों को खाली नहीं किया जा सकता उनमें एक चम्मच पेट्रोल या मिट्टी का तेल डाला जाए, आसपास पानी जमा न होने दें और बर्तनों, बोतलों, गमलों और टायरों आदि में भी पानी जमा न होने दें तथा डीबीसी कर्मियों को छत के ऊपर रखी टंकी की जांच करने के लिए ऊपर जाने दें।

**मच्छरों के प्रजनन के बचाव के कदम नहीं उठाना एक दंडनीय अपराध**

निगमायुक्त ने सभी संस्थानों के प्रमुखों को अपने संस्थान में मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहा है जोकि निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर मच्छरों की रोकथाम के लिए मिलकर कार्य करेगा। दिल्ली नगर निगम दिल्ली के नागरिकों को बताना चाहता है कि नगर निगम (मलेरिया और अन्य मच्छरजनित रोग) उप नियम 1975 के अनुसार मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल परिस्थितियों को बढ़ावा देना उचित नहीं है और मच्छरों के प्रजनन के बचाव के कदम नहीं उठाना एक दंडनीय अपराध है।

## एमसीडी को कूड़े में आग लगाने से रोकिए नेता विपक्ष आतिशी : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को कूड़े जलने के दो वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर शेयर करते हुए आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी से अनुरोध किया है कि वह दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को कूड़े में आग लगाने से रोकें। इससे चारों तरफ प्रदूषण हो रहा है। जिससे दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब हो जाएगी। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि आतिशी जी, मैं आपके साथ तिलक नगर विधानसभा के दो वीडियो साझा कर रहा हूं जिसमें एमसीडी ने कूड़े को आग लगा रखी है जिससे चारों तरफ प्रदूषण हो रहा है। हम पिछले कुछ हफ्तों से दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को बेहतर करने के जितने भी प्रयास कर रहे हैं वो सभी प्रयास इस तरह कूड़े को आग लगाने से विफल हो जाएंगे। मेरी आपसे विनती है कि आप एमसीडी को रोकिए। आपको मेयर को हिदायत देनी चाहिये कि वो इस तरह कूड़े को आग लगाना बंद करें ताकि दिल्ली की हवा साफ सुथरी बनी रहे।

# श्याम भक्त कन्हैया मित्तल के भजनों पर जमकर झूमे भक्तजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद**

हर वर्ष की भांति इस बार भी हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के मौके पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड़ एवं जय श्री राम मित्र मण्डल के संयुक्त तत्वाधान में सेक्टर-17 स्थित हुडा ग्राउंड में एक शाम सांवरिया के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शहर के हजारों लोगों ने शिरकत करते हुए इस भक्ति संध्या का आनंद उठाया। सर्वप्रथम ब्रह्मलीन गुरु मां सावित्री बाई के सुपौत्र राहुल शर्मा (सन्नी भईया) ने ज्योत प्रचण्ड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने खाटू श्याम बाबा के प्रसिद्ध भजनों से समां बांध दिया। इस दौरान उन्होंने हारा हूँ बाबा पर तुझपे भरोसा है, जीतूगा एक दिन मेरा दिल ये कहता है। ओ संवारे मुझे तेरी जरुरत है, गजब मेरे खाटू वाले गजब थारे ठाठ निराले। सेठो के सेठ बाबा श्याम है, हम हारे हारे हारे तुम हारे के सहारे, जैसे भजन गाए, जिससे वहां मौजूद भक्तजन भाव विभोर होते हुए जमकर झूमे। इसी के साथ-साथ कोलकाता से आए प्रसिद्ध कलाकार शुभम रुपम की जोड़ी, मयूर रस्तोगी सहित अन्य कलाकारों ने भी अपने-अपने भजनों में बाबा श्याम का जमकर गुणगान किया और भक्तजनों का मन मोहा।

*भाजपा नेता अजय गौड़ व जय श्री राम मित्र मंडल ने किया एक शाम सांवरिया के नाम कार्यक्रम का आयोजन*

### कार्यक्रम में यह लोग उपस्थित रहे



कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्यमंत्री राजेश , राज्यमंत्री गौरव गौतम, महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, विधायक पं. मूलचंद शर्मा, धनेश अदलखा, सतीश फागना, संदीप , पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी, पूर्व मंत्री बनवारीलाल, सीमा त्रिखा, पूर्व विधायक ललित, जगदीश , दीपक मंगला, विनोद भ्याणा, भाजयुमो अध्यक्ष शोभित अरोड़ा, जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा, मनमोहन गर्ग सहित अनेकों गणमान्य लोगों ने शिरकत करते हुए खाटू श्याम बाबा का आशीर्वाद लिया।

### धार्मिक आयोजनों से समाज में सुख-समृद्धि का आगमन

कार्यक्रम में उपस्थित भक्तजनों को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि अजय गौड़ व जय श्री राम मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह धार्मिक आयोजन बहुत ही बेहतरीन है, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि नवरात्रों के मौके पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सुख-समृद्धि का आगमन होता है और अजय गौड़ व उनकी टीम समय-समय पर ऐसे धार्मिक आयोजन करके लोगों में जो सनातन धर्म की अलख जगा रहे है, वह सराहनीय है। धार्मिक संध्या में पहुंचने पर मोहनलाल बड़ौली का अजय गौड़ व जय श्री राम मित्र मण्डल के पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया।

### धर्म के प्रचार प्रसार के लिए हर सनातनी आगे आए

इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता अजय गौड़ ने कहा कि अपने धर्म का प्रचार प्रसार करना हर व्यक्ति का दायित्व बनता है और हर सनातनी को इसके लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह पिछले कई वर्षो से हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन कराते है और इसका उद्देश्य समाज में सुख-समृद्धि कायम रखना है। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी भजन गायकों सहित पूरी टीम का आभार जताया और विश्वास दिलाया कि आगे भी वह इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### दो अलग-अलग मामलों में 4 जुआरी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना धौज की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में 4 जुआरियों को धौज से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 मार्च को थाना धौज की दो पुलिस टीम गस्त पर थी, जिनको गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की गांव धौज में ताश के माध्यम से दाव लगाकर जगह सरेआम पर जुआ खेला जा रहा है जिस पर कार्रवाई करते हुए टीम ने रेड की गई तथा हाकम, जावेद, आसम खान व शेरु निवासी गांव धौज को काबू कर गिरफ्तार किया गया।

### आभूषण चोरी के मामले में आरोपी पकड़ाया



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने आरोपी विनय को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि दिवेश वासी डबुआ कॉलोनी ने थाना भूपानी में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी भूपानी में एक ज्वैलरी शॉप है, 19 मार्च को उसकी पत्नी ज्वैलरी शॉप पर बैठी थी तभी दो महिलाएं आई तथा ज्वैलरी देखने के बहाने सोने के कुछ आभूषण चुरा कर ले गई। जिस शिकायत पर थाना भूपानी में चोरी की धारा में मामला दर्ज किया गया।

### 2.050 किलोग्राम गांजा सहित आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने गांजा तस्करी करने के आरोपी मनोज को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 मार्च को क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम गस्त पर थी। गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से एक व्यक्ति द्वारा गांजा बेचने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोज निवासी गांव सोलरा मोहना जिला पलवल को सेक्टर 85 एरिया फरीदाबाद से काबू करके 2.050 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना खेड़ीपुल में एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह डिलीवरी बॉय का काम करता है।

### केंद्रीय व कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में नवनिर्वाचित महापौर ने संभाला पदभार

# जिले के विकास में दिन-रात कार्य करेगी ट्रिपल इंजन की सरकार: राज्यमंत्री गुर्जर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद**

जिले में ट्रिपल इंजन की सरकार का साक्ष्य सोमवार को नगर निगम फरीदाबाद की नव निर्वाचित महापौर प्रवीण बत्रा जोशी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में देखने को मिला। उनको पदासीन कराने के लिए केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर व खेल मंत्री गौरव गौतम के अलावा अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने महापौर को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई देते हुए जिले को विकास कार्य तेज गति से पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनता ने ऐतिहासिक मतदान कर उन्हें जनसेवा का मौका दिया है। ऐसे में वह आश्वस्त हैं कि ट्रिपल इंजन की सरकार के कार्यकाल में फरीदाबाद के विकास को नए पंख लगेंगे। इसके लिए ट्रिपल इंजन की सरकार दिन रात काम करेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए प्रत्येक पार्षद को एक-एक करोड़ रुपये की राशि अलॉट की जाएगी। उन्होंने स्थानीय क्षेत्रों का नेतृत्व करने वाले पार्षदों से आह्वान करते हुए कहा कि वह सभी क्षेत्र के विकास के लिए तत्काल काम करना शुरू करें। इसमें अधिकारी सहित सरकार का प्रत्येक प्रतिनिधि उनका सहयोग करें।



### यह लोग उपस्थित रहे

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ सरमा, विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अदलक्खा, सतीश फागना, हरेंद्र रामरतन, संदीप जोशी, जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, जिला अध्यक्ष फरीदाबाद पंकज रामपाल, जिला अध्यक्ष बल्लभगढ़ सोहनपाल सिंह, जिला अध्यक्ष गुरुग्राम पिंटू त्यागी, नीरा तोमर, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर देवेन्द्र चौधरी, पूर्व डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, चन्द्र भाटिया, गोपाल शर्मा, राजकुमार वोहरा, टिपरचंद शर्मा, मूलचंद मित्तल, प्रवीन चौधरी, ग्यासी राम शर्मा, पंकज सिंगला, कुशल ठाकुर,गोल्ड़ी अरोड़ा, राजन मुथरेजा, विमल खंडेलवाल, विनोद गुप्ता, अमित आहूजा आदि उपस्थित रहे।

### जिले के ऐतिहासिक विकास का स्वर्णिम समय शुरू: विपुल गोयल

राज्य के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने नवनिर्वाचित महापौर को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं देते हुए जनहित में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता की ओर से चुन कर आई महापौर के जरिए अब जिले का ऐतिहासिक विकास होगा। यह फरीदाबाद क्षेत्र का स्वर्णिम समय है। अब विकास को पंख लगेंगे। ट्रिपल इंजन की सरकार जनहित के कार्य करने में कोई कसर नहीं रहने देगी। अब केंद्र, राज्य व स्थानीय स्तर पर एक ही सरकार जनहित के कार्यों में जुटी हुई है।

### शहर रहे आश्वस्त विकास में नहीं रहेगी कोई कमी: राजेश नागर

राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार एक टीम की तरह कार्य करेगी। जनता पूरी तरह से आश्वस्त रहे। अब क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। जनता का एक-एक प्रतिनिधि विकास का राह पर अग्रसर है। यह जनता की ओर से चुनी हुई जनता के लिए बनी हुई विकास की दिशा में बढ़ने वाली सरकार है।

### शहर के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में किया जाएगा काम: महापौर प्रवीण जोशी

महापौर प्रवीण जोशी ने आज पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि फरीदाबाद का विकास खासकर साफ-सफाई व्यवस्था से लेकर स्थानीय निवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। फरीदाबाद शहर की जनता की उम्मीदों पर वह हमेशा खरा उतरने की कोशिश करेंगी। उन्होंने आज पद ग्रहण के अवसर पर मंत्रीगण, पार्षद गण और अधिकारियों के साथ-साथ पधाधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। फरीदाबाद की नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी को बधाई दी और कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए निगम प्रशासन हमेशा पूरी निष्ठा के साथ उनके द्वारा बताए जाने वाले कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का प्रयास करेगा।

## सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की: दयाल

▶ उप्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर महापौर ने नेहरू नगर में घर-घर वितरण किए योजनाओं के पत्रक



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद**

वार्ड 96 जीडीए मार्केट ए ब्लॉक नेहरू नगर में राज नगर मण्डल अध्यक्ष नीरज त्यागी, एवं वार्ड के पार्षद अजीत निगम के साथ महापौर सुनीता दयाल ने उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर घर घर सरकार की योजनाओं के पत्रक वितरण किए।

जिसमें यूपी सरकार के उपयोगी 8 वर्ष जी.वाय.ए.एन. (जी-गरीब, वाय-युवा, ए-अन्नदाता, एन-नारी ही आधार, डबल इंजन सरकार आधारित सभी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। पत्रक में गरीब कल्याण, खेल, रोजगार, युवा, किसान, नारी समाज से संबंधित सभी योजनाओं के लाभों को विस्तृत रूप पत्रक में दिया गया है। इसे घर-घर, हर रेहड़ी पटरी, ठेला, गरीब, नारी और किसानों तक पहुँचाने का कार्य सभी कार्यकर्ताओं को करना है। महापौर ने ब्लॉक में रहने वाले और ठेली, रेहड़ी पटरी, दुकानदार आदि के यहां जाकर यह पत्रक वितरण किए और उनको उपरोक्त योजनाओं के विषय में जानकारी भी दी गई जिससे वह उन सभी योजनाओं का लाभ ले सकें।

महापौर दयाल द्वारा बताया गया कि हमारी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर घर-घर पत्रक वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है। सभी जनप्रतिनिधि एवं समस्त कार्यकर्ता पत्रक वितरण करेंगे। सभी पार्षद भी अपने अपने वार्डो के सभी घरों, सभी दुकानों में इस पत्रक को वितरित करेंगे।

## प्लास्टिक निर्माण फैक्टरी पर निगम का छापा, 7300 किलो प्लास्टिक जब्त

▶ निगम टीम ने लगाया 7 लाख का जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम**

नगर निगम गुरुग्राम की सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई की। टीम ने भीम कॉलोनी सराय अलावर्दी क्षेत्र में एक प्लास्टिक निर्माण फैक्टरी पर छापा मारकर 7300 किलोग्राम प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया तथा संबंधित पर 7 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। सोमवार को सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स ने निरीक्षण के दौरान एक फैक्टरी पर छापा मारा। यहां पर टीम ने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक को देखा। पर्याप्त जांच व कार्रवाई के बाद टीम ने पूरे प्लास्टिक को जब्त कर लिया तथा संबंधित पर जुर्माना लगाने के साथ ही उसे सख्त हिदायत दी कि सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, भंडारण, बिक्री व निर्माण को प्रतिबंधित किया हुआ है तथा नियमों की पालना नहीं करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह के नेतृत्व में गठित सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध सख्त अभियान चला रही है।

## किसानों के हित में पारदर्शी तरीके से करें फसल खरीद कार्य: डीसी सिंह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद**

उपायुक्त ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में मंडियों में एक अप्रैल से शुरू होने वाली गेहूं की खरीद संबंधी तैयारियों की समीक्षा की।

अधिकारियों के अलावा बैठक में संबंधित आढ़ती, ट्रांसपोर्टर व खरीद एजेंसी के पदाधिकारी मौजूद रहे। डीसी ने स्पष्ट किया कि किसान हित का ध्यान रखते हुए समन्वय बनाकर पारदर्शी तरीके से फसल खरीद का कार्य किए जाए। अव्यवस्था न फैले इसके लिए एसडीएम व मंडी सचिव फील्ड में तैनात रहें। डीसी ने बैठक में मौजूद पदाधिकारियों से कहा कि किसी भी तरह की परेशानी के लिए सक्षम अधिकारी को रिपोर्ट करें। इसके बाद भी समस्या बनी रहे तो तत्काल उन्हें सूचित करें। गोदाम में से मंडी में बारदाना पहुंचने में कोई देरी न हो इसके लिए भी डीसी ने बैठक के दौरान ही निर्देश देते हुए स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि गेहूं की आवक से पहले अधिकारी अपने स्तर पर मंडियों में बारदाना पहुंचने की रिपोर्ट दें।

संबंधित एजेंसियों के पदाधिकारियों को भी फसल खरीद के दौरान ही नमी व गुणवत्ता परखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंडी में फसल आवक के साथ उठान कार्य बिनी किसी परेशानी के पूरा होना चाहिए। फसल खरीद व उठान प्रक्रिया चैन वर्क है।

## 110 वर्ष के बुजुर्ग नज़ीर अंसारी के साथ मनाई ईद



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने सोमवार को 110 वर्ष के बुजुर्ग नज़ीर अंसारी के साथ ईद मनाई और उनके अनुभवों को साझा किया। राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव रविंद्र चौहान, व्यापारी नेता अनिल चौधरी, जी छोटे भाई सेलवर्धन मिर्जापुर पहुंचे। वहां पर उनकी मुलाकात संभवतः भारत के सबसे उम्रदराज मोहम्मद नजीर अंसारी साहब से हुई। जिनका जन्म 1915 में हुआ (110) साल के करीब इनकी उम्र हो चुकी है। उन्होंने इनके साथ बैठकर ईद मनाई। मोहम्मद नजीर साहब ने बताया कि उन्हें अपने हाथ से मखमल बनाने की कई फैक्ट्री को लगाने का तजुर्बा हासिल है।

## राणा सांगा का अपमान किसी हालत में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त: नारायण सिंह शेखावत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद**

क्षत्रिय सम्राट राणा सांगा के प्रति समाजवादी पार्टी के राज्य सभा सासंद रामजी लाल सुमन द्वारा अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी को लेकर क्षत्रिय समाज में जबरदस्त रोष व्याप्त है। इसी के विरोध में सोमवार को समस्त क्षत्रिय समाज फरीदाबाद ने महाराणा प्रताप भवन सेक्टर-8 से जन आक्रोश यात्रा का आयोजन किया, जिसमें समाज के संगठनों ने हिस्सा लिया। यह जन आक्रोश यात्रा विरोध मार्च करते हुए सेक्टर-12 लघु सचिवालय पहुंची, सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया क्षत्रिय समाज के लोगों ने देश के महामहिम उपराष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय महासचिव राजेश रावत व महाराणा प्रताप सेवा समिति के अध्यक्ष किशन ठाकुर एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के उपाध्यक्ष राम ने संयुक्त रुप से कहा कि राणा सांगा का अपमान देश का नागरिक किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | गैस सेनसिंग प्रणाली का विकास। | 28.03.2025 21.04.2025 | 8.40 लाख | www.mdu.ac.in | 9215701113 hod.physics@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/33468/I/88/7 दि. 31.03.25

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद ज़ाकिर पुत्र** जीतू मिया, **निवासी** ग्राम–जामुन भार, थाना–अधापुर, जिला–मोतिहारी, बिहार, **यहां भी:** आवारागर्द दरियागंज पटरी, सैंट्रल, दरियागंज, दिल्ली, ने **FIR No. 679/2020, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन कोतवाली, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद ज़ाकिर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद ज़ाकिर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 679/2020, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन कोतवाली, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद ज़ाकिर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सायशा चड्ढा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08 (सैंट्रल),**
**सैंट्रल जिला, कमरा नं0–272,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4055/N/2025**
**(Court Matter)**

### देश में भाईचारा व अमन चैन के लिए की गई दुआ

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का पर्व लाखों ने अदा की ईदुल फितर की नमाज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद**

दिल्ली से सटे ईद-उल-फितर का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लाखों मुस्लिमों ने जिले की सभी ईदगाहों व मस्जिदों में ईदुल फितर नमाज अदा की गई। इस दौरान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे समाज के दौरान देश में अमन चैन भाई का चारा कायम रखने की दुआ की गई।

अलग-अलग समय पर ईद की नमाज अदा गई। सुबह से ही नमाज अदा करने के भारी संख्या में लोग पहुंचे। कैला भट्टा, मिर्जापुर सिद्धार्थ विहार स्थित ईदगाह समेत शहर की अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे



को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-शांति की दुआ मांगी। शहर में ईद के मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। खास बात यह रही की लगभग सभी गांव में ज्यादा भीड़ होने के कारण अलग-अलग समय पर नमाज अदा की गई। एसीपी सिटी ने आमजन से शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

### दी मुबारकवाद

उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। हम सभी को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ इसे मनाना चाहिए। केला भट्टा इस्लामनगर स्थित ईदगाह में मुफ्ती जमीर अहमद ने तथा मिर्जापुर सिद्धार्थ विहार ईदगाह में हाफिज इंतजार अहमद ने नमाज अदा कराई।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जिला जीन्द में जुलाना के सीएचसी मुख्य भवन के साथ-साथ आवासों की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 147.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | जिला फतेहाबाद में गांव काजल हेड़ी में राजकीय पशु चिकित्सा हस्पताल का निर्माण + 2 कार्य। | 27.03.2025 03.04.2025 | 90.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | जोगी माजरा गांव जोगी माजरा, ब्लॉक लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र को पूरा करना + 3 कार्य। | 28.03.2025 24.04.2025 | 91.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज झज्जर | 49.15 - गांव खुडा, ब्लॉम माछरौली में दादा वाला मोड़ के निकट ऑक्सीवेन की स्थापना। | 28.03.2025 04.04.2025 | 41.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव झोझू कलां, ब्लॉक झोझू कलां में झोझू कलां से खेड़ी बैटर तक रास्ते का निर्माण (डीएमएफ योजना) + 1 कार्य। | 26.03.2025 17.04.2025 | 351.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | वर्ष 2025-2026 हेतु लिंक ड्रेन मदाना के आरडी 0 से 17100 तक की आंतरिक सफाई + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 0704.2025 | 19.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 7 | वन विभाग जीन्द | जीन्द रेंज के जीन्द साउथ ब्लॉक में जीन्द हैडक्वार्टर नर्सरी में प्लांट्स के रखरखाव से सम्बन्धित। | 28.03.2025 03.04.2025 | 9.50 लाख | http://haryanaetenders.gov.in | 1681255458 dfojind2009@rediffmail.com |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | मोनोफिलामेंट ट्विन्स स्क्वेयर मैश कैप स्टोरेज नेट्स। | 29.03.2025 15.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | ब्लैक पॉलिथिन कवर्स (एलडीपीई)। | 29.03.2025 15.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/180/33473/I/88/7 दि. 31.03.25

## खबर संक्षेप

### अखिलेश का आरोप- मुझे ईदगाह जाने से रोका

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में पुलिस पर उन्हें ऐशबाग ईदगाह जाने से रोकने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मुझे जानबूझकर आधे घंटे रोका, एक घंटे तक बातचीत करने के बाद मुझे आगे जाने दिया गया। आज तक इतनी बैरीकेडिंग नहीं की गई। मैं हमेशा यहां आता रहा हूं। लोकतंत्र और संविधान को सबसे बड़ा खतरा भाजपा से है।



### डीएम कार्यालय के बाहर महिला ने पढ़ी नमाज



**हमीरपुर।** ईद के दिन कलक्ट्रेट परिसर में घुसकर महिला ने डीएम कार्यालय के सामने नमाज पढ़ी। इसका 10 सेकेंड का वीडियो वायरल होने पर प्रशासन सकते में आ गया। सदर एसडीएम ने महिला के खिलाफ अनाधिकृत रूप से कलक्ट्रेट में प्रवेश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। डीएम के आदेश पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर 7 होमगार्डों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### ड्यूटी से लौटे कर्नल की हार्ट अटैक से मौत

**मेरठ।** मेरठ एनएच 34 स्थित सैनी गांव निवासी (38) लेफ्टीनेंट कर्नल अभिनव मलिक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह तेलंगाना के सिकंदराबाद में तैनात थे। सेवानिवृत्त कर्नल रणवीर सिंह मलिक के इकलौते पुत्र 38 वर्षीय लेफ्टीनेंट कर्नल अभिनव मलिक के चचेरे भाई भाजपा नेता मोहित मलिक के मुताबिक रविवार शाम को वह ड्यूटी से अपने घर पहुंचे थे।



# अयोध्या के राम मंदिर में नहीं हो सका सूर्य तिलक का परीक्षण, अंतिम समय में स्थगित करना पड़ा

**लगाए जा रहे उपकरणों को लेकर कुछ कार्य शेष था**

अयोध्या के राम मंदिर में रामनवमी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बीच राम नवमी को होने वाले सूर्य तिलक का भी सोमवार को ट्रायल होना था लेकिन इसे टाल दिया गया है।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर में राम नवमी पर्व पर सूर्य तिलक की तैयारी की जा रही है। इसके लिए सीबीआरआई के वैज्ञानिकों की टीम की ओर से सोमवार को ट्रायल होना था लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया है। इसके पीछे वैज्ञानिकों की टीम का मंदिर देर से पहुंचना और रामलला का कपाट बंद होना कारण बताया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डॉ. अनिल मिश्र का कहना है कि वैज्ञानिकों की टीम को अपनी जिम्मेदारियों का अहसास है और वह पूरी लग्न से काम को अंजाम देने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व पर सूर्य तिलक तय है इसलिए वैज्ञानिक अपना काम कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि योजना में वैज्ञानिकों को अलग-अलग चरणों में काम करना होता है इसलिए ट्रायल या परीक्षण कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने बताया कि सूर्य व चंद्र की अपनी गति निर्धारित है, उन्हें नियंत्रित करने की जरूरत नहीं है बल्कि निर्धारित समय में सूर्य किरणों को परावर्तित कराकर रामलला के मस्तक पर लाना है। इसका सफल परीक्षण पहली बार पिछली रामनवमी में हो चुका है।



### वैज्ञानिकों की टीम देर से पहुंची

पिछले साल और इस साल में अंतर यह है कि पिछली बार की व्यवस्था अस्थाई थी और इस बार यह व्यवस्था स्थाई हो जाएगी। वैज्ञानिकों द्वारा लगाए जा रहे उपकरणों को लेकर कुछ कार्य शेष था जिसको बीती रात करना था लेकिन वैज्ञानिकों की टीम देर से पहुंची। इसके पहले भगवान के शयन आरती के बाद मंदिर का पट बंद किया जा चुका था इसलिए दोबारा मंदिर का पट नहीं खोला गया। इसके कारण टीम वापस लौट गई। फिलहाल साफ-सफाई का कार्य चलता रहा।

## खाली और आवंटित जमीनों की स्थिति पर नजर रखने

# यूपी में 6 प्राधिकरणों की जमीनों का विस्तृत डेटाबेस तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने का लिया निर्णय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार इस डेटाबेस को तैयार करने का काम जल्द ही शुरू होगा। इसके लिए खाली और आवंटित जमीनों की स्थिति पर नजर रखी जा सकेगी।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को और अधिक पारदर्शी और तेज बनाने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरणों का विस्तृत डेटाबेस तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है। इस कदम से भूमि आवंटन में तेजी आएगी और निवेशकों को सटीक जानकारी उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार इन्वेस्ट यूपी इस डाटाबेस को तैयार करने का कार्य जल्द शुरू करेगा। इस डाटाबेस के माध्यम से प्रदेश के सभी औद्योगिक प्राधिकरणों में रिक्त भूखंडों, आवंटित भूमि और वहां स्थापित उद्योगों की मौजूदा स्थिति पर नजर रखी जाएगी।

**खास बातें**

- आवंटन में तेजी आएगी व निवेशकों को सटीक जानकारी उपलब्ध होगी
- प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे



### ये प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरण शामिल किए जाएंगे

परियोजना में प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरण शामिल किए जाएंगे, जिनमें उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा), नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा), उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा), सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा), परियोजना के तहत प्राधिकरणों में उपलब्ध लैंड बैंक, पहले से आवंटित भूखंडों की स्थिति, वहां चल रही औद्योगिक गतिविधियों व नए प्लॉट्स की उपलब्धता का संकलन किया जाएगा।

### डाटाबेस बनाने सर्वे एजेंसियों की होगी नियुक्ति

प्रक्रिया को पारदर्शी व प्रभावी बनाने विशेष सर्वे एजेंसियों की नियुक्ति की जाएगी। एजेंसियां प्राधिकरणों के ऑफसाइट और ऑनसाइट सर्वेक्षण के जरिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगी। एजेंसियों को औद्योगिक भूखंडों की निगरानी करने के साथ ही उनकी स्थिति का आकलन करना होगा। उसकी मासिक रिपोर्ट तैयार करने के साथ कहां-कहां उद्योग स्थापित हो रहे हैं और कहां भूमि खाली पड़ी है, भूखंडों के दुरुपयोग पर नजर रखना होगी। ताकि औद्योगिक भूमि का इस्तेमाल तयशुदा उद्देश्यों के लिए हो। इसके अलावा रिक्त प्लॉट्स की जानकारी निवेशकों को उपलब्ध कराना जिससे नए उद्योगों की स्थापना में तेजी आए।

### औद्योगिक निवेश को मिलेगा बढ़ावा

उत्तर प्रदेश सरकार के इस प्रयास से निवेशकों को पारदर्शी और स्पष्ट जानकारी मिलेगी, जिससे राज्य में उद्योगों की स्थापना में तेजी आएगी। यह डेटाबेस न केवल औद्योगिक भूखंडों की निगरानी के लिए मददगार होगा बल्कि औद्योगिक प्राधिकरणों की कार्यकुशलता का तुलनात्मक अध्ययन करने में भी सहायक साबित होगा।

सरकार की इस पहल से उत्तर प्रदेश को उद्योगों का नया हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इससे प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और 'उत्तम प्रदेश' की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ेगा।

## चुनाव से पहले बिहार में सियासी हलचल तेज

# अमित शाह की यात्रा के बाद लालू से मिले नीतीश के एमएलसी गौस

एजेंसी ▶▶ पटना

जदयू के विधान परिषद सदस्य प्रो. गुलाम गौस ने सोमवार को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात कर उन्हें ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद लोकनायक जयप्रकाश नारायण आन्दोलन के नायकों में से रहे हैं। हम राजनीति और सामाजिक संबंधों को साथ लेकर चलने के पक्षधर रहे हैं।

उन्हें आश्चर्य हो रहा है कि सामान्य मुलाकात का राजनीतिक मतलब निकाला जा रहा है। प्रो. गौस ने कहा कि लालू प्रसाद ही नहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और



भाजपा के बड़े नेता रहे स्व. सुशील कुमार मोदी के साथ भी उनका आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि हम जिस समय राष्ट्रीय जनता दल में थे, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात होती रहती थी। बेशक लालू प्रसाद से राजनीतिक तौर पर उनका मतभेद है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम सामाजिक संबंधों को भूल जाएं।

## ईद पर किशनगंज में बवाल

# नमाज पढ़ने को लेकर आपस में भिड़े बिहार व बंगाल के लोग, चली लाठियां



एजेंसी ▶▶ किशनगंज

बिहार के किशनगंज में ईद पर बवाल होने की खबर सामने आई है। पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र स्थित रतनपुर ईदगाह के पास ईद का नमाज पढ़ने को लेकर आपस में ही दो पक्ष उलझ गए। मामला बिहार-बंगाल सीमावर्ती इलाके पनासी पंचायत स्थित रतनपुर हाईस्कूल के समीप ईदगाह का है। यहां पूर्व के वर्षों से पहले बंगाल के लोग नमाज अदा करते हैं और फिर बिहार क्षेत्र के लोग। इस बार समय निर्धारित होने के बावजूद बंगाल के लोगों ने पहले नमाज अदा करने के दौरान अधिक समय लिया। जिस कारण तेज धूप में इंतजार करते बिहार पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र के लोग धीरे-धीरे उग्र होने लगे।

### दोनों राज्यों की पुलिस ने संभाला मोर्चा

इस दौरान बंगाल गुंजरिया तथा बिहार पनासी पंचायत के करीब दो हजार लोग मौजूद थे। साथ ही दोनों राज्यों की पुलिस भी मौजूद थी। घटना की सूचना पाकर अतिरिक्त पुलिस बल व पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया गया। मामले को लेकर ठाकुरगंज एसडीपीओ मंगलेश कुमार सिंह ने बताया कि नमाज पढ़ने के समय को लेकर बिहार तथा बंगाल के दो पक्षों के बीच विवाद हुआ है, लेकिन किसी भी पक्ष की ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है। मामला पूरी तरह शांतिपूर्ण है।

# उड़ीसा से यूपी टैंकर में हो रही थी गांजा की तस्करी

एजेंसी ▶▶ फिरोजाबाद

उड़ीसा से यूपी टैंकर में गांजा की तस्करी का खुलासा हुआ है। पुलिस और नारकोटिक्स टीम आगरा की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी। अंतरराज्यीय अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को टीम ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 175 किलो गांजा बरामद हुआ।



इसकी बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई गई है। पुलिस ने सभी तस्करों को जेल भेज दिया है। नारकोटिक्स विभाग के प्रभारी हरवेंद्र मिश्रा को सूचना मिली थी।

## एलजेपी (आर) ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

# चिराग पासवान की बड़ी मां को घर से निकाला, कमरों में जड़े ताले

एजेंसी ▶▶ खगड़िया

चाचा पशुपति पारस व भतीजे चिराग पासवान के बीच जारी सियासी तनातनी के बीच अब पारिवारिक विवाद भी सामने आ गया है। जो संपत्ति बंटवारे से जुड़ा है। दिवंगत रामविलास पासवान की पहली पत्नी राजकुमारी देवी को उनके ही परिजनों ने संपत्ति पर अपना हक बताते हुए उन्हें घर से बाहर निकाल दिया है और कमरों पर ताले जड़ दिए हैं। मामला खगड़िया के अलौली प्रखंड के शहरबन्नी स्थित घर का है।

राजकुमारी देवी ने पारस पासवान व रामचंद्र पासवान की पत्नी पर घर से निकलने का आरोप मढ़ा है। बताया जा रहा है कि पशुपति कुमार पारस के परिजनों ने मालिकाना हक जताते हुए ताला लगा दिया है। जिससे



राजकुमारी देवी बुरी तरह आहत हुईं हैं। हालांकि इस मामले में राजकुमारी देवी की ओर से कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। वहीं अब ये मामला लोजपा (आर) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान तक पहुंचे गया। उन्होंने अपने भांजे प्रिंस पासवान को खगड़िया भेजा है। एलजेपी (आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि प्रताड़ित करना बड़े दुर्भाग्य की बात है। ये घटना दर्शाती है कि रामविलास पासवान के जाने के बाद सत्ता और धन के मोह में परिवार का विखंडन हुआ है।

## पेज एक का शेष

### प्रधानमंत्री मोदी की...

कार्यरत हैं। यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के दौरान निधि तिवारी वाराणसी में सहायक आयुक्त (वाणिज्य कर) के पद पर कार्यरत थीं। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा में 96वीं रैंक हासिल की थी और वह उत्तर प्रदेश के वाराणसी के महमूरगंज की रहने वाली हैं।

**डोभाल को करती थीं रिपोर्ट:** आईएफएस निधि तिवारी ने विदेश मंत्रालय (एमईए) में निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के प्रभाग में भी काम किया है। विदेश मंत्रालय का यह प्रभाग राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल को रिपोर्ट करता है।

### संशोधन को बताया...

कि सबसे बड़ा तो वक्फ विधेयक है। वो जेपीसी में बुलडोज किया गया। उस पर हमने वक्तव्य भी जारी किया है। हम तो बिल्कुल उसके खिलाफ हैं, क्योंकि वक्फ बिल हमारे संविधान पर सीधा आक्रमण है। हमारे संविधान के बुनियादी संरचना के खिलाफ है। लेकिन इसे बुलडोज किया जा रहा है। सारी विपक्ष की पार्टियां इसका विरोध करेंगी। सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही नहीं समाजवादी पार्टी, टीएमसी, आम आदमी पार्टी सभी लोग इसका विरोध करते हैं।

### मनोज मिश्रा...

खिलाफ बलात्कार, मारपीट, गर्भपात कराने और धमकी देने सहित कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद 30 मार्च को 45 वर्षीय सनोज मिश्रा को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया और उन्हें नबी करीम पुलिस स्टेशन में हिरासत में रखा गया। तब निर्देशक पर एक 28 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया था कि सनोज चार साल से उसका शारीरिक शोषण कर रहे हैं। फिल्म अभिनेत्री बनने की ख्वाहिश रखने वाली इस महिला ने दावा किया कि वह मिश्रा के साथ मुंबई में लिव-इन रिलेशनशिप में रही थी। महिला के अनुसार शोषण के दौरान निर्देशक ने उसे तीन बार गर्भपात कराने के लिए भी मजबूर किया।

**फिल्मों में हीरोइन बनाने का लालच दिया:** पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि पहले तो सनोज मिश्रा ने शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद उसे फिल्मों में काम करने का लालच और धमकी देकर चुप रहने को कहा। बाद में वह शादी के वादे से भी मुकर गए। हालांकि बाद में महिला ने बयान बदलते हुए कार्रवाई न करने की मांग की थी।

### शिवाजी महाराज ...

चाहेगा, वह जाएगा। इस महीने की शुरुआत में आरएसएस के मुख्य प्रवक्ता सुनील अंबेकर ने 17वीं सदी के मुगल सम्राट औरंगजेब को 'अप्रासंगिक' करार दिया था। आरएसएस के नेता ने नागपुर में एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा कि जिसकी भी आस्था है, वह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में स्थित उसकी कब्र पर जाएगा। मनसे राज ठाकरे प्रमुख ने कहा था कि बीजापुर के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और यह छत्रपति शिवाजी महाराज की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता था। राज ठाकरे की टिप्पणियों और मुगल बादशाह की कब्र के मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर 'भैयाजी' जोशी ने कहा कि औरंगजेब की कब्र का विषय अनावश्यक रूप से उठाया गया है। उसका निधन यहीं (भारत में) हुआ था, इसलिए यहां उसकी कब्र पर मकबरा बनाया गया है। जिनकी आस्था है वे वहां जाएंगे।

**नागपुर में भड़क गई थी हिंसा:** मनसे प्रमुख ने कहा था कि बीजापुर के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और यह छत्रपति शिवाजी महाराज की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता था। कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पवित्र पुस्तक की पंक्तियां लिखी चादर के जलाए जाने की अफवाहों के कारण इस महीने की शुरुआत में नागपुर में हिंसा भड़क गई थी।

**मुगल शासक 'शिवाजी नामक एक विचार को मारना' चाहता था: राज ठाकरे:** हाल ही में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख (मनसे) राज ठाकरे ने रविवार को औरंगजेब की कब्र को लेकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की निंदा करते हुए कहा था कि इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से ऐतिहासिक जानकारी के लिए वॉट्सएप फॉरवर्ड पर भरोसा न करने के लिए कहा था। ठाकरे ने यह भी कहा कि मुगल शासक 'शिवाजी नामक एक विचार को मारना' चाहता था लेकिन असफल रहा और वह महाराष्ट्र में मरा।

### दो तिहाई आबादी...

इस देश में खुशी से रहें, एक-दूसरे के साथ सब अमन से रहें और एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखना चाहिए। इस पर कोई नफरत की जरूरत नहीं है, देश में नफरत फैलाई जा रही है। लेकिन, इसके बावजूद दो-तिहाई हिंदुस्तानी, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत हिंदू हैं, जिन्होंने उन सियासी शक्तियों को सहारा नहीं दिया कि इस देश को कभी हिंदू राष्ट्र बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह एक सेक्युलर देश है और सब यहां एक साथ रहते हैं।

**राजीव गांधी की शैक्षणिक योग्यता पर खड़े किए थे सवाल:** इससे पहले कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने देश के पूर्व पीएम और कांग्रेस नेता राजीव गांधी की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा था। इंदिरा गांधी का नाम सभी जानते हैं। जब राजीव गांधी (प्रधानमंत्री) बने तो लोगों ने सोचा और मैंने खुद सोचा कि यह एयरलाइन पायलट हैं। दो बार फेल हो चुके हैं। उन्होंने आगे कहा था- मैं उनके साथ कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़ा था। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में वह (राजीव) फेल हो चुके हैं। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में फेल होना बहुत ही मुश्किल है। वहां फर्स्ट डिवीजन पास होना आसान है। क्योंकि, यूनिवर्सिटी अपनी छवि बरकरार रखने के लिए कोशिश करती है कि सभी कम से कम पास हो जाएं। फिर वह गए इंपीरियल कॉलेज ऑफ लंदन, वहां दोबारा फेल हुए। मैंने सोचा कि ऐसे व्यक्ति को क्या प्रधानमंत्री बनना है?

### ब्रिटेन की कंपनी ने ...

को वैश्विक वाणिज्यिक वेंचरों के दौरान मार्गदर्शन प्रदान करता है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में वर्ष 2023 से 2024 तक 2 मिलियन डॉलर की ब्रिटेन की जिस सैन्य सामग्री का भारतीय कंपनी के जरिए रूस पहुंचने का उल्लेख किया गया है। उसमें ट्रांसमीटर, कॉकपिट से जुड़े उपकरण, एंटीना और अन्य संवेदनशील तकनीक शामिल हैं।

**ब्रिटेन की कंपनी का वैध बिक्री का दावा:** रिपोर्ट के मुताबिक, रिकॉर्ड्स से ये पुष्टि नहीं की जा सकी कि एच.आर स्मिथ समूह के उत्पाद रूस पहुंचे थे। लेकिन कुछ मामलों में भारतीय कंपनी को ब्रिटेन की कंपनी से उपकरण मिले और कुछ ही दिनों में उन्हीं पहचान कोड वाले हिस्सों को रूस भेज दिया गया। अमेरिकी अखबार ने एच.आर स्मिथ के शिपिंग रिकॉर्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि ब्रिटेन की कंपनी ने वर्ष 2023 से 2024 तक भारत की कंपनी को शिपमेंट्स भेजीं। जिसमें से कुछ रोसोबोरोनएक्सपोर्ट को भेजी गईं। एस.आर.स्मिथ समूह के अधिवक्ता ने एनवाईटी को दिए अपने बयान में कहा कि कंपनी की पूरी बिक्री कानूनी रूप से वैध है और संबंधित उपकरणों को भारत के सर्च एंड रेस्क्यू नेटवर्क को दिया गया था। इसमें जीवनरक्षक अभियानों के लिए सहयोग से जुड़े पार्ट्स को सैन्य उपयोग के लिए डिजाइन नहीं किया गया था।

### भ्रूण की विसंगतियों ...

खंडपीठ के समक्ष जिस याचिका पर सुनवाई हुई, उसमें महिला ने भ्रूण की विसंगतियों के कारण गर्भपात की अनुमति मांगी थी। तथ्यों पर विचार के बाद कोर्ट ने 28 मार्च को पारित आदेश में कहा, याचिकाकर्ता के प्रजनन स्वतंत्रता के अधिकार, शरीर पर उसकी स्वायत्तता और उसकी पसंद के अधिकार को ध्यान में रखते हुए गर्भपात की अनुमति दी जा रही है। कोर्ट ने याचिकारक्ता की शारीरिक स्थिति को रेखांकित करते हुए कहा कि महिला चिकित्सकीय रूप से गर्भ गिरा सकती है।

**24 हफ्ते से अधिक का गर्भ गिराने पर कानूनी प्रावधान:** महिला ने अपनी याचिका में यह सुनिश्चित करने की मांग की थी कि गर्भपात की प्रक्रिया में भ्रूण की हृदय गति को कम किया जाए, जिससे बच्चा जीवित पैदा न हो। इस पर कोर्ट ने सरकारी अस्पताल- जेजे हॉस्पिटल के मेडिकल बोर्ड को गर्भपात के सबसे उपयुक्त तरीके पर राय देने का निर्देश भी दिया। बता दें कि एमटीपी एक्ट के प्रावधानों में निजी अस्पतालों में 24 हफ्ते से अधिक समय का गर्भ अदालत की अनुमति के बिना नहीं गिराया जा सकता।

### म्यांमार में भूकंप ...

कर्मियों ने अपने तमाम जरूरी उपकरणों और मेडिकल सप्लाई के साथ मांडले पहुंचकर मोर्चा संभाला। इन सभी लोगों को भूकंप प्रभावित स्थान तक पहुंचाने के लिए म्यांमार की सेना के 15 ट्रकों और 3 बसों का इस्तेमाल किया गया था। एनडीआरएफ के 7 वाहन और 3 बसें भी इस दल का हिस्सा थे। अब तक भारत की तरफ से करीब 60 टन से अधिक राहत सामग्री म्यांमार भेजी जा चुकी है। जिसमें भारतीय वायुसेना के परिवहन विमानों (सी-130जे, सी-17) की पांच उड़ानों और नौसेना के चार युद्धपोतों (सावित्री, सतपुड़ा, कार्मुक और एलसीयू-52) का अहम योगदान है। आवश्यकता के हिसाब से भारत की तरफ से म्यांमार को राहत सामग्री की और खेप भेजी जाएंगी।

**पुरानी एयरफील्ड पर सेना का अस्पताल:** म्यांमार की तरफ से भारतीय सेना को अपने फील्ड अस्पताल को स्थापित करने के लिए मांडले के पुराने एयरफील्ड पर जगह दी गई है। यहां पहले से ही 200 बेड का एक गैर-संचालित अस्पताल का ढांचा मौजूद है। फिलहाल कोशिश यह की जा रही है कि इस सुविधा को फिर से शुरू करके भूकंप प्रभावित लोगों तक मेडिकल उपचार की सुविधा प्रदान की जाए। मालूम हो कि वायुसेना के दो सी-17 परिवहन विमानों से 118 सदस्यीय सेना के फील्ड अस्पताल की यूनिट 60 टन राहत सामग्री के साथ 29 मार्च को म्यांमार पहुंची थी। यूनिट में महिलाओं और बच्चों के लिए भी उपचार सहायता प्रदान करने की व्यवस्था मौजूद रहेगी। अब तक वायुसेना के विमानों की पांच फ्लाइट्स और नौसेना के चार युद्धपोतों के जरिए भेजी गई राहत सामग्री व सहायता दल म्यांमार में लैंड कर चुका है। शुरुआत में सी-130जे विमान का एक 80 सदस्यीय दल राहत सामग्री के साथ नेपीताव में उतरा था। जिसे भारत के राजदूत अभय ठाकुर और म्यांमार के विदेश मंत्रालय में तैनात राजदूत मॉंग मॉंग लिन ने प्राप्त किया था।

### भारत की मदद का सूत्र...

ब्रह्मा अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वसुधैव कुटुंबकम, पड़ोस सबसे पहले और क्षेत्र में संकट के समय पर सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले देश के व्यापक विजन पर आधारित है। वसुधैव कुटुंबकम के तहत भारत संपूर्ण दुनिया को एक परिवार की तरह मानता है।

# हरिभूमि सहेली





हमारा शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है। जब हम महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की बात करते हैं तो आज की जीवनशैली में अधिकांश महिलाएं कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं से घिरकर मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती हैं। समय रहते इन्हें समझना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके घातक परिणाम हो सकते हैं। आजकल महिलाएं किन मानसिक समस्याओं से घिरती हैं, इनके शुरुआती लक्षण क्या हैं, बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखें? विशेषज्ञ की जरूरी सलाह।

## मन को न रखें बीमार रहें हमेशा खुश



कवर स्टोरी
डॉ. विपुल रस्तोगी
सीनियर कंसल्टेंट-साइकेट्रिस्ट

हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए तो चिंतित रहते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर अकसर ध्यान नहीं देते, जो बहुत जरूरी है। दरअसल, समय के साथ समाज बदल रहा है। आज के इस बदलते दौर में लोगों की व्यस्तता बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। लोगों के पास अपने परिवार के सदस्यों तक के लिए समय नहीं रहता। ऐसी जीवनशैली के प्रभाव से महिलाएं भी अछूती नहीं हैं। जहां एक ओर होममेकर्स पर खुद को ऑलराउंडर साबित करने का सामाजिक दबाव रहता है, वहीं काम-काजी महिलाओं के सामने घर और ऑफिस की दोहरी जिम्मेदारी और खुद को बेहतर साबित करने की चुनौती होती है। दोहरी जिम्मेदारियां निभाते हुए वे शारीरिक और मानसिक थकान से जूझ रही होती हैं। घर और बाहर की जिंदगी के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश में वे दिन-रात जुटी रहती हैं। इसी दबाव की वजह से हमेशा उनका मन अशांत और उदास रहता है, वे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की शिकार हो जाती हैं। यहां हम जानते हैं, कुछ ऐसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बारे में, जिनकी गिरफ्त में आकर अधिकांश महिलाएं परेशान रहती हैं साथ ही यह भी जानते हैं कि इनसे कैसे उबरें-



**मेंटल स्ट्रेस:** पुराने समय की तुलना में आज की महिलाओं का जीवन ज्यादा मुश्किलों से भरा है। संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं, शहरों में न्यूक्लियर फैमिलीज की संख्या बढ़ती जा रही है। खासतौर पर महानगरों की संस्कृति ऐसी है कि वहां के अपार्टमेंट्स में रहने वाले लोग अपने पड़ोसियों से ज्यादा मिलना-जुलना पसंद नहीं करते। ऐसी स्थिति में होममेकर्स के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता, जिसके साथ वे अपने मन की बातें शेयर कर सकें, ऐसे में उनका तनाव बढ़ने लगता है। मनासिक तनाव की स्थिति में ब्रेन से कार्टिसोल नामक हार्मोन का सिक्रीशन बढ़ने लगता है, जो तनाव बढ़ाता है।



**प्रमुख लक्षण:** उदासी, चिड़चिड़ापन, थकान, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कार्य क्षमता का घटना और मामूली बातों पर निराश हो जाना, मेंटली स्ट्रेस्ड होने के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में कई बार अनिद्रा, सिर या हाथ-पैरों में दर्द, भोजन में अरुचि होना और पाचन में गड़बड़ी जैसे शारीरिक लक्षण भी नजर आते हैं।

**बचाव-उपचार:** नए लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, प्रियजनों के साथ दिल की बातें शेयर करें, म्यूजिक सुनने, बागवानी या स्पोर्ट्स जैसी एक्टिविटीज में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम करें। अपनी कार्यक्षमता की सीमाएं पहचानें और जो कार्य बहुत ज्यादा मुश्किल हों, उसके लिए न कहना सीखें। सही ढंग से टाइम मैनेजमेंट करते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद तनाव कम न हो तो मनोवैज्ञानिक सलाहकार से संपर्क करें। वे कॉग्नेटिव बिहेवियर थेरेपी की मदद से इस समस्या का समाधान करेंगे।

**एंग्जायटी:** यह ऐसी मनोदशा है, जिसमें व्यक्ति को अत्यधिक चिंता, डर या बेचैनी महसूस होती है। वर्तमान दौर में घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियां, जीवन के हर क्षेत्र में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने की होड़, बच्चों की परवरिश से जुड़ी चुनौतियां और लोन की ईएमआई चुकाने की चिंता जैसी परेशानियों के कारण आजकल महिलाओं में एंग्जायटी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। खान-पान की गलत आदतों के कारण होने वाले हार्मोन संबंधी असंतुलन को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जाता है।

**प्रमुख लक्षण:** मन में बार-बार नकारात्मक विचार आना, हमेशा सशंकित रहना, वर्तमान को छोड़कर भविष्य के बारे में लगातार सोचते रहना, खुद को लाचार महसूस करना, दिल की धड़कन का तेज होना, पसीना आना, अनावश्यक थकान और सांस लेने में तकलीफ होना।



**बचाव-उपचार:** सोने-जागने का समय सुनिश्चित करें, जब मन परेशान हो तो गहरी सांस लें, योग और ध्यान करें, करीबी लोगों के साथ इस समस्या के बारे में खुलकर बातचीत करें, हमेशा अच्छा सोचें और मोटिवेशनल किताबें पढ़ें। इन प्रयासों के बावजूद अगर आपकी मनोदशा में कोई बदलाव न आए तो एक्सपर्ट से सलाह लें। काउंसलिंग और दवाओं की मदद से यह समस्या दूर हो जाती है।

**डिप्रेशन:** अगर किसी व्यक्ति के मन में उदासी और खालीपन की भावना लंबे समय तक बनी रहे तो ऐसी मनोदशा को डिप्रेशन कहा जाता है। आजकल महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। खासतौर पर डिलीवरी के बाद हार्मोन संबंधी असंतुलन, नवजात शिशु की देखभाल की वजह से दिनचर्या में अचानक आने वाला बदलाव, नींद की कमी और करियर की चिंता के कारण अधिकतर महिलाओं को अवसाद का सामना करना पड़ता है। इस तरह की समस्या को पोस्टपार्टम डिप्रेशन कहा जाता है। इसी तरह आजकल मिडिल एज महिलाओं में भी डिप्रेशन के लक्षण नजर आते हैं, क्योंकि उम्र के इस दौर में अधिकतर परिवारों की युवा संतानें उच्च शिक्षा या जॉब की वजह से घर से दूर चली जाती हैं। पति अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बिजी रहते हैं, ऐसी स्थिति में अकेलेपन की वजह से महिलाओं के मन में गहरी उदासी की भावना घर कर जाती है। ऐसी मनोदशा को एंप्टीनेस सिंड्रोम कहा जाता है।

**लक्षण:** हमेशा अकेलापन और खालीपन महसूस करना, ज्यादा सोना या अनिद्रा, ओवर ईटिंग या भूख न लगना, अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में भी दिलचस्पी कम होना, निर्णय लेने में कठिनाई महसूस होना, मन में हीन भावना पैदा होना, आत्मविश्वास में कमी महसूस होना।

**बचाव-उपचार:** अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, खुशमिजाज लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, कॉमेडी शोज देखें, मॉर्निंग वॉक और एक्सरसाइज करें, बच्चों के साथ वक्त बिताएं, पर्यटन स्थलों पर घूमने-फिरने जाएं, धार्मिक गतिविधियों में शामिल हों, बागवानी करें या घर में कोई पालतू जानवर रखें, फोन पर दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ गपशप करें। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास डिप्रेशन दूर करने में मददगार होते हैं। जरूरत महसूस होने पर साइकेट्रिस्ट से सलाह लें। उपचार की मदद से इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

प्रस्तुति: विनीता

## थोड़ा फूल बनकर-थोड़ा बनाकर हंसिए खुलकर

इस आपा-धापी भरी जिंदगी में जब भी हंसने-हंसाने का मौका मिले, चूकना नहीं चाहिए। फर्स्ट अप्रैल यानी फूल-डे जैसे अवसर पर फूल बनने या बनाने का मौका बिल्कुल भी नहीं छोड़ना चाहिए।

एंज्वॉयमेंट
चेतना झा

*मेरे दिलवर, यह खत पाकर तुम शायद चौंक जाओ! चौंकने की बात भी है! मोबाइल कॉल, व्हाट्सएप, मैसेंजर के जमाने में खत! फ्रोजन शोल्डर, बढ़ी तोंद और सफेदी झांकते बाल के दौर में प्रेम पत्र! सच पूछो तो बस पंद्रह साल की देर हुई। यह खत तो तुम तक तभी पहुंचना था, जब कॉलेज में मेरी बेंच के पीछे तुम बैठा करते थे। याद है ना, दो चोटी वाली वह लड़की! नहीं याद आई? चलो और बताती हूं, वही जो तुम्हें कभी-कभी चोर निगाहों से देख लिया करती थी। अब भी नहीं पहचाने? ओह, वही जिसके नाक अकसर सुड़कती रहती थी। अब तो मैं तुम्हारे पड़ोस में आ गई हूं। खत मिलते ही छत पर चले आना, मैं तुम्हें सामने की बालकनी में दिखूंगी। तुम्हारी प्रतीक्षा में...*

*-तुम्हारी प्रिया*



सुबह अखबार उठाने के लिए मेन गेट तक आए सौरभ ने जब गुलाबी लिफाफे में यह खत देखा तो चौंककर वह आस-पास देखने लगा। मन ही मन सोचने लगा, 'किसी ने देखा तो नहीं। किसने भेजा यह खत? कॉलेज के दिनों की ऐसी किसी लड़की का तो मुझे याद ही नहीं। चलो एकांत में आज कॉलेज के साथी दुर्गेश से इसकी चर्चा करता हूं। शायद उसे याद हो।' पत्नी सोनम खिड़की से चिंतामग्न पति को देख कर मंद-मंद मुस्कुरा रही थी। भीतर आने पर चाय का प्याला पकड़ा कर शर्ट की पॉकेट से झांकते गुलाबी लिफाफे के बारे में पूछा तो पति महोदय घबरा उठे, 'कुछ नहीं.. कुछ नहीं... पेपर में आज विज्ञापन का पन्ना था, सो वही है।' अनमने ढंग से चाय पीते पति और उन्हें देख मुस्कुराती रही पत्नी। आज की सुबह तो वाकई खास थी। तभी पति कुर्सी पर से उठे तो पत्नी ने पूछा, 'कहां चल दिए, छत पर? उस दो चोटी वाली और नाक सुड़काने वाली प्रियतमा से मिलने!' पति अकबकाए खड़े और पत्नी हंसते-हंसते दोहरी होती जा रही। फिर बोली, 'अप्रैल फूल बनाया तो उनको...!' अब तो पति भी हंसते-हंसते बेहाल।

**थोड़ा बनिए-थोड़ा बनाइए:** बेशक अपनों के साथ हंसी-मजाक के लिए किसी विशेष दिन की दरकार नहीं होती। साथ ही अपनों को मूर्ख बनाने के संग, उनसे मूर्ख बनने का भी अपना एक अलग मजा है। ऐसे में अगर बात मूर्ख दिवस यानी फर्स्ट अप्रैल की आती है तो वैसा ही लाइसेंस-सा मिल जाता है, जैसा अभी-अभी बीते त्योहार होली में रंग लगाने पर मिला था 'बुरा ना मानो होली है...!'

तो तैयार हो जाइए, थोड़ा फूल बनाइए, थोड़ा बनिए और जिंदगी में फूलों सी मुस्कान बिखेरिए।

**रिश्तों का रिफ्रेश बटन:** गंभीरता का लबादा उतार कर अपनों के साथ की गई मीठी शरारतें यकीनन आपके रिश्तों पर रिफ्रेश बटन दबाने सरीखी होंगी। अप्रैल फूल बनने-बनाने के लिए एक दिन तो सीमाओं को तोड़िए, कभी कलीग से तो कभी दोस्तों से कुछ ऐसी चुहल कर अंत में बोलिए, 'अप्रैल फूल!' इसके बाद तो वे लंबे समय तक आपका नाम सामने आते ही मुस्करा देंगे, 'अरे वो...!' सिर्फ दोस्तों के साथ ही नहीं, अपने माता-पिता के साथ भी ऐसा कीजिए।

**मुस्कुराहट का कार्यस्थल:** थोड़ी शरारत तो कलीग्स से भी बनती है। एक बार ऑफिस ग्रुप में सबको भेज दीजिए, जल्दी आने और मीटिंग की सूचना और खुद आप आइए इत्मीनान से और फिर कहिए वही, 'अप्रैल फूल बनाया...!' किसी कलीग की पीठ पर 'किक मी' का मैसेज लगाकर देखिए। पूरा ऑफिस मुस्कुराता काम करेगा, इस दिन। क्रीमी बिस्किट की क्रीम हटा कर उसमें टूथपेस्ट सजाना, कंप्यूटर के पास नकली गिरगिट या सांप रख देना...! आइडिया तो बहुत हैं, आपको ही ढूंढ़ना होगा।

## न्यूट्रिशस डाइट से आप रहेंगी मेंटली हेल्दी

सजेशन
ललिता गोयल

मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में जरूरी बदलावों के साथ ही आपको अपनी डाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपका मूड स्विंग होता है, आप अकसर तनावग्रस्त रहती हैं या बेवजह डिप्रेशन फील करती हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि आप किसी तरह के मानसिक रोग का शिकार हैं। हो सकता है, आपके शरीर में कुछ पोषक तत्वों की कमी की वजह से आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हो। यह समझना बहुत जरूरी है कि बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए हेल्दी खान-पान भी जरूरी होता है। कुछ फूड्स हमारी मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मददगार होते हैं।

**साबुत अनाज:** साबुत अनाज जैसे कि कॉर्न, बारले और क्विनोआ, ओट्स, बींस, सोया अपनी डाइट में शामिल करने से ओवरऑल मेंटल हेल्थ बेहतर होती है। ये अनाज डिप्रेशन, एंग्जायटी से बचाव में भी मदद करते हैं।



**हरी पत्तेदार सब्जियां:** भोजन में पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से मेंटल हेल्थ को लाभ मिलता है। इन पत्तेदार सब्जियों में ओमेगा 3 फैटी एसिड, मैग्नीशियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण न्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं, जो मेंटल हेल्थ के लिए काफी जरूरी होते हैं।

**बेरीज:** एक रिसर्च के अनुसार बेरीज खाने से मूड बेहतर करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही ये डिप्रेशन के लक्षणों को भी कम करता है।

**सूखे मेवे:** सूखे मेवे जैसे कि काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश और सीड्स जैसे चिया सीड्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड एवं अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये मूड और मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मदद करते हैं।

**टमाटर:** टमाटर में मौजूद फाइटोन्यूट्रिएंट लाइकोपीन, अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी दिमाग से जुड़ी बीमारियों से बचाव करने में मदद करता है। इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

**केला:** केले में विटामिन-बी 6 पाया जाता है, जो दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन का संचार बढ़ाता है। इससे मूड अच्छा होने में मदद मिलती है।

**(डायटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

## क्या आप डेंड्रफ से हैं परेशान अप्लाई करें ये होम रेमिडीज

अगर आप डेंड्रफ की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो दवाइयों या केमिकल बेस्ड कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स की बजाय कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं। ये रेमिडीज आप बहुत आसानी से घर में कर सकती हैं और इसके बहुत अच्छे परिणाम आते हैं।

हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

सिर के बालों में डेंड्रफ यानी रूसी होना कॉमन प्रॉब्लम है। मौसम कोई भी हो, बालों में रूसी की समस्या कुछ लोगों को बहुत परेशान करती है। आयुर्वेद के अनुसार पित्त और कफ के असंतुलित हो जाने के कारण यह समस्या होती है। हमारे शरीर में उपस्थित कफ और वात के असंतुलित हो जाने पर यह रक्त में मिलकर खून को गंदा कर देते हैं। यही सिर के रोम छिद्र को बंद कर देते हैं। जिससे सिर की त्वचा रूखी होने लगती है और सिर पर पपड़ी जमने लगती है, जिसे रूसी कहते हैं। डेंड्रफ न केवल देखने में खराब लगता है बल्कि खुजली और जलन भी पैदा करती है। स्कैल्प में होने वाला डेंड्रफ फंगस के कारण होता है, जो सिर की सतह से सीबम और डेड स्किन सेल्स से बढ़ता है। डेंड्रफ के फ्लेक्स, छोटे-बड़े कई आकार के हो सकते हैं और बालों में कंघी करने से भी नहीं निकलते हैं।



**डेंड्रफ होने के कारण:** डेंड्रफ कई कारणों से हो सकता है, जिनमें शुष्क त्वचा, तैलीय त्वचा, फंगल इंफेक्शन, विटामिन-बी की कमी, मानसिक तनाव और कुछ मेडिकल कंडीशंस भी शामिल हैं। इनके अलावा केमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट्स का यूज करने, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, बालों में गंदगी, बालों की सही देख-रेख न करने और रोज गर्म पानी से सिर धोने पर भी डेंड्रफ हो सकती है। इससे निजात पाने के लिए आप कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

**नारियल तेल है कारगर:** नारियल के तेल से स्कैल्प की मालिश करने से सिर में रक्त संचार बढ़ता है। नारियल का तेल लगाने से स्कैल्प मॉयश्चराइज होती है, जिससे डेंड्रफ को कम करने में मदद मिलती है। हल्का गर्म करके नारियल का तेल स्कैल्प पर लगाएं और कुछ घंटों के लिए छोड़ दें। फिर माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे काफी राहत मिलेगी।

नारियल तेल और नीबू के रस को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को आप अपने स्कैल्प पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इसे एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर शैंपू कर लें। बेहतर परिणाम के लिए आप इसको हफ्ते में तीन बार इस्तेमाल कर सकती हैं।

**यूज करें एलोवेरा जैल:** डेंड्रफ की समस्या खत्म करने के लिए बालों पर एलोवेरा लगाना भी काफी फायदेमंद माना जाता है। एलोवेरा अपने एंटीफंगल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण डेंड्रफ के लिए प्रभावी होता है। यह खुजली और सिर की जलन को शांत करने में भी मदद कर सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30 मिनट से एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर हल्के शैंपू से अच्छी तरह धो लें। आप इस प्रक्रिया को हफ्ते में 2-3 बार दोहरा सकती हैं। हालांकि सीधे बालों पर एलोवेरा जैल लगाने से पहले आपको एक बार पैच टेस्ट अवश्य कर लेना चाहिए।



एलोवेरा जैल में नीबू के रस की कुछ बूंदें और ग्लिसरीन मिला लें। अब इस मिश्रण से स्कैल्प पर मसाज करें। 15 मिनट मसाज करने के बाद इसे 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। उसके बाद गुनगुने पानी से बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए माइल्ड शैंपू और कंडिशनर का ही इस्तेमाल करें।

**अप्लाई करें दही:** दही में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डेंड्रफ को कम करने में मदद करते हैं। दही को बालों की जड़ों से सिरों तक अंगुलियों से मलते हुए लगाएं और आधे घंटे बाद बालों को ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों की अच्छी सफाई हो जाती है और डेंड्रफ दूर होते हैं। दही में नीबू का रस, बेसन मिलाकर सिर पर लगाने से भी डेंड्रफ दूर होता है। दही और एलोवेरा जैल का मिश्रण भी बालों के डेंड्रफ का प्रभावी उपाय है।



**मेथी दाना:** डेंड्रफ हटाने के लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रखें। अगली सुबह इन दानों को पीसें और बालों पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। मेथी, डेंड्रफ दूर करने के साथ बालों की कई समस्याओं को दूर कर देती है।

स्पेशल : ऑटिज्म अवेयरनेस मंथ (अप्रैल)

आजकल बच्चे अपना ज्यादातर समय स्मार्ट गैजेट्स के साथ बीता रहे हैं, इसका बच्चों के समग्र विकास पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वे ऑटिज्म का शिकार हो रहे हैं। समय रहते हमें अपने बच्चों को ऑटिज्म की ओर बढ़ने से रोकना होगा। यह कैसे संभव है, जरूरी सलाह।

## स्क्रीन वर्ल्ड में खोए बच्चे ऑटिज्म का जोखिम

बच्चे और आप
डॉ. मोनिका शर्मा

आजकल बच्चों के पास स्मार्ट गैजेट्स होना आम बात है। बोलने-समझने की उम्र से पहले ही स्क्रीन में झांकते रहने की आदत इन मासूमों के सहज विकास में बड़ी बाधा बन गई है। कभी गेम, कभी कार्टून फिल्म। पलक तक झपकाना भूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों का स्क्रीन वर्ल्ड में खोए रहना बहुत-सी व्याधियों को न्योता देता है। परवरिश के परंपरागत रंग-ढंग की जगह ले रहा तकनीकी जाल, बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार बना रहा है। बहुत छोटे बच्चों में स्क्रीन यानी टेलीविजन, स्मार्ट फोन, टैबलेट जैसे गैजेट्स के अत्यधिक इस्तेमाल से वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या पैदा होती है। आभासी संसार में खोए रहने वाले बच्चे सामाजिक संपर्क बनाने में असहज महसूस करते हैं। देरी से बोलना सीखते हैं। दूसरी की बात समझने में कठिनाई होने लगती है। कई मामलों में दोहराव पूर्ण व्यवहार जैसे कई लक्षण उनमें दिखाई देने लगते हैं।



**समस्याओं का घेरा:** हालिया वर्षों में पैरेंटिंग के मोर्चे पर डिजिटल गैजेट्स के इस्तेमाल की अति से बच्चों को बचाने की जिम्मेदारी भी जुड़ गई है। यह डिजिटल व्यस्तता बालमन को कमोबेश हर मामले में नुकसान पहुंचाने वाली है। बच्चों के मानसिक-मनोवैज्ञानिक विकास को प्रभावित करने वाली वर्चुअल ऑटिज्म प्रॉब्लम, कई दूसरी व्याधियों की भी जड़ है। चिंतनीय है कि जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही स्क्रीन को देखते रहने से वर्चुअल ऑटिज्म के घेरे में आ रहे बच्चों का अटेंशन स्पैन (एकाग्रता अवधि) भी कम हो जाता है। बर्ताव में चिड़चिड़ापन और विचारों में उलझन-अस्पष्टता जगह बना लेती है। कई बार पुकारे जाने पर भी रिएक्ट नहीं करते। ऐसे बच्चे हाइपर एक्टिव हो जाते हैं। बहुत से बच्चे अपने पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर या किसी ऑनलाइन खेल के कैरेक्टर की तरह बोलने-बतियाने लगते हैं। कम उम्र में बढ़ते स्क्रीन टाइम से न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के घेरे में आ रहे हैं। आम जीवन से कट जाने वाले ऐसे बच्चे फोकस्ड नहीं रह पाते। किसी भी बात या काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाना आगे चलकर व्यक्तिगत ही नहीं, अकादमिक जीवन को भी प्रभावित करता है।

**गैजेट एक्सपोजर घटाएं पैरेंट्स:** गैजेट्स के साथ बहुत अधिक समय बिताने वाले बच्चों को हरदम स्क्रीन पर दिखते कंटेंट से एकतरफा संवाद सुनने की आदत हो जाती है, जिसके चलते सहजता से कुछ बोल नहीं पाते। बातचीत के सहज हाव-भाव नहीं सीखते। पहले बहुत छोटे बच्चों का यह समय घर के बड़े-बुजुर्गों या पैरेंट्स के साथ बीतता था। सहज इंसानी बातचीत सुनते हुए बड़े होने वाले बच्चे भी आसानी से बोलना सीख जाते थे। हर तरह के मनोभाव को जताना उन्हें आ जाता था। बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम ने दूसरों की बातों को सुनना-समझना भुला दिया है। बालमन सहज प्रतिक्रिया भूल गया है। बच्चे दूसरों से मेल-जोल में भी असहज महसूस करते हैं। इन समस्याओं का हल गैजेट्स से दूरी बरतना ही है। संभव हो तो पांच साल की उम्र तक के बच्चों को डिजिटल उपकरणों से पूरी तरह दूर रखें। वर्चुअल ऑटिज्म पांच-सात वर्ष से छोटे बच्चों में ही अधिक होता है। इस आयुवर्ग तक के बच्चों के साथ समय बिताने में पैरेंट्स भी रुचि लें।

### समय रहते चेतें



आज के तकनीकी दौर में परवरिश के मोर्चे पर सामने आ रही वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या को लेकर समय रहते चेतना जरूरी है। बच्चों को वर्चुअल दुनिया नहीं, बल्कि असली संसार से जोड़ना आवश्यक है। मनोरंजन के परंपरागत माध्यमों का चुनाव, घर के बुजुर्गों का साथ-संवाद और गैर-डिजिटल गतिविधियों को बढ़ावा देना ही इस समस्या से बचा सकता है। अप्रैल का यह पूरा महीना ऑटिज्म की प्रॉब्लम्स को लेकर अवेयरनेस लाने से जुड़ा है। ऐसे में वर्चुअल ऑटिज्म के जोखिम में आ रहे बच्चों को लेकर भी जागरूक होना आवश्यक है।



# भगवान झूलेलाल की कृपा से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, शांति लेकर आए चैतीचांद पर्व

मुख्यमंत्री ने चैतीचांद पर्व के कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल जयंती की दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन के टावर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशवासियों एवं विशेष रूप से सिंधी समाज के सभी भाई और बहनों को चैतीचांद महापर्व की मंगलकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चैतीचांद सिंधी समुदाय का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। वे जल देवता के रूप में पूजे जाते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध अभिनेता गोविंदा भी सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चैतीचांद का यह पावन पर्व भगवान झूलेलाल की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए। उज्जैन नगरी भगवान श्रीमहाकाल और श्रीकृष्ण की नगरी है, यह कला की नगरी, उत्कर्ष की नगरी है, आध्यात्म का केंद्र है, सम्राट विक्रमादित्य की नगरी में विक्रमोत्सव के अवसर पर सभी को चेटी चंड पर्व और चैत्र प्रतिपदा की मंगलकामनाएं।

**भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े स्थानों को तीर्थस्थल के रूप में किया जा रहा विकसित**



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर हमें प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता के मूल्य सिखाता है। भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद देश-प्रदेश पर बना रहे और हमारा प्रदेश विकास, भाईचारे और खुशहाली की नई ऊंचाइयों को छुए। उन्होंने कहा कि हम पशुपालक कृषक भाइयों के लिए दूध उत्पादन में वृद्धि करने पर बोनस प्रदान कर रहे है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े स्थानों को तीर्थ के रूप में श्रीकृष्ण पाथेय न्यास अंतर्गत विकसित कर रहे है। अभिनेता गोविंदा ने कहा कि भगवान बाबा श्रीमहाकाल और भगवान श्री झूलेलाल सभी के जीवन में सुख शांति और समृद्धि देकर सबका कष्ट हरे। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विकास और अध्यात्म को साथ लेकर कार्य करने के लिए मंगलकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में ध्वजा फहराकर ने चैतीचांद पर्व पर आयोजित सामाजिक रैली की शुरुआत की। सांसद अनिल फिरोजिया ने नववर्ष और चैतीचांद पर्व की मंगलकामनाएं दी।

# सम्राट विक्रमादित्य की पुण्य-भूमि पर लिखा गया एक और नया अध्यायः राज्यपाल पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य की पुण्य-भूमि पर एक और नया अध्याय लिखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंदीय विधि और न्याय एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को उज्जैन में विक्रमादित्य द हैरिटेज का लोकार्पण किया।

▶ केंदीय विधि और न्याय एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी रहे मौजूद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश विरासत से विकास की ओर अग्रसर है। आज से नये युग का प्रादुर्भाव हो रहा है। उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य का काल रामराज्य की तरह रहा है। उन्होंने कहा कि आज उज्जैन का गौरव दिवस है, हमें अतीत से वर्तमान तक व्यवस्थाओं पर गर्व करना चाहिए। आज 'सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल' का निर्माण महाराजवाड़ा के पुराने भवन का जीर्णोद्धार कर किया गया है। यहां पूर्व में विद्यालय संचालित होता था। इसके निर्माण से इतिहास जीवंत हो रहा है, यहां आने वाले पर्यटकों को आनंद महसूस होगा। पर्यटकों के लिए हैरिटेज होटल में एआई का इस्तेमाल कर अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं।

**उज्जैन में सम्राट विक्रमादित्य द हैरिटेज का हुआ लोकार्पण**



केन्द्रीय राज्यमंत्री मेघवाल ने कहा कि राजस्थान के बीकानेर जिले के भीकमपुर में भी एक बड़ा महल है। यह भी विक्रमादित्य कालीन प्रतीत होता है, यह शोध का विषय है। उन्होंने कहा कि वे न्यायप्रिय सम्राट विक्रमादित्य की नगरी में सीखने के लिए आए हैं। राज्यपाल पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय राज्य मंत्री मेघवाल ने सम्राट विक्रमादित्य हैरिटेज होटल का लोकार्पण, परंपरागत पूजा-अर्चना के साथ फीता खोल कर किया।

# उज्जैन के वीर भारत संग्रहालय में होगा वीर महापुरुषों की गौरव गाथाओं का संकलन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय राज्य मंत्री मेघवाल ने किया संग्रहालय का भूमिपूजन*

*संग्रहालय का निर्माण लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रविवार को कोठी महल पर युगयुगीन भारत के कालजयी महानायकों की तेजस्विता की महागाथा का वर्णन करने वाले वीर भारत संग्रहालय का भूमि पूजन किया गया।

इस अवसर पर केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। हर कल्प में उज्जयिनी का अपना इतिहास रहा है। प्राचीन भारत के वीर महापुरूषों की गौरव गाथा की जानकारी इस संग्रहालय में प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण भव्य स्तर पर किया जाएगा। प्राचीन काल की सभी प्रमुख घटनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर और धन राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें अपनी विरासत पर गर्व करने का एक और अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी ओर से संग्रहालय के निर्माण के लिए शुभकामनाएं दी।

### महानायकों की महागाथा का अनूठा केंद्र

वीर भारत संग्रहालय युगयुगीन भारत के महानायकों की महागाथा का अनूठा केंद्र बनने जा रहा है। प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है कि यह उज्जैन में स्थापित होने जा रहा है। सनातन परंपरा से ही, सृष्टि के आरंभ से ही बाबा महाकाल और उनकी प्रिय उज्जयिनी विराजित है। भारत वर्ष प्रागैतिहासिक-पुरापुरापाषाण काल से ही मानव सभ्यता और संस्कृति के विकास की कर्मभूमि रहा है।

### संग्रहालय, जो दुनिया में अपनी तरह का सबसे अकेला होगा

वीर भारत संग्रहालय में चाहे वैदिक काल हो, उपनिषद काल हो, रामायण महाभारत काल हो, हमारे ऋषि वैज्ञानिक हों, हमारे राष्ट्र के महानायक हों या फिर वे राजा महाराजा रहे हों, वैज्ञानिक रहे हों, साहित्यकार, इतिहासकार, खगोलविद हों, योद्धा हों, संन्यासी हों, उद्यमी रहे हो, ऐसे सभी प्रेरक चरित्रों को यादगार बनाने की कोशिश की जाएगी, जिन्होंने भारत को तेजस्वी भारत बनाने का काम किया हो। संग्रहालय जो दुनिया में अपनी तरह का सबसे अकेला होगा, इसे समय सीमा में पूरा किया जाए, सिंहस्थ के पहले पूरा किया जाए। भारत वर्ष में विक्रमादित्य युग परिवर्तन और नवजागरण की एक महत्वपूर्ण धुरी रहे हैं, और उनके द्वारा प्रवर्तित विक्रम सम्वत हमारी एक अत्यंत मूल्यवान धरोहर है।

# मुख्यमंत्री ने विक्रम संवत 2082 के आरंभ पर सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन-अर्चन किया

*भारतीय नव वर्ष, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम नव संवत्सर के आरंभ पर जनता को दी बधाई*



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन में सुबह भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम नव संवत्सर 2082 के आरंभ के अवसर पर उदीयमान सूर्य देव को अर्ध्य दिया और हिंदू नव वर्ष पर विक्रम ध्वज, गुड़ी का दत्त अखाड़ा घाट पर पूजन-अर्चन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को भारतीय नववर्ष की मंगलकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है।

### प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपराः डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया की यह प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है। इसी तिथि पर चंहुओर खुशियों, समृद्धि और हर्षोल्लास का वातावरण होता है। गुड़ी पड़वा पर घर-घर स्थापित होने वाला कलश हमारी पवित्र आत्मा को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समृद्धि और विकास का नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए, ईश्वर से यही कामना है। मुख्यमंत्री ने पूजन-अर्चन उपरांत मां क्षिप्रा की गोद में नौका विहार कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके बाद देव दर्शन कर साधु-संतों और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। उन्होंने दत्त अखाड़ा के पीठाधीश्वर संत सुंदरपुरी महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त कर सत्संग किया।

### यह हिंदू नव वर्ष ही वास्तव मे प्रकृति का नव वर्ष

दत्त अखाड़ा के पीठाधीश संत सुंदरपुरी महाराज ने मुख्यमंत्री को शॉल पहनाकर स्वागत कर आशीर्वाद दिया। संत श्री ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से कहा कि यह हिंदू नव वर्ष ही वास्तव मे प्रकृति का नव वर्ष है, जिसमें प्रकृति नव शृंगार करती है। पेड़ पौधों मे नवीन पत्ते आते है, प्रकृति में उत्साह और नव संचार का प्रवाह होता है। उज्जैन की इस प्राचीन, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक धरोहर को संभालने और संवारने के प्रयासों की संतश्री सुंदर पूरी महाराज ने प्रशंसा कर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव, जिला भाजपा अधक्ष्य संजय अग्रवाल, साधु संत, जन प्रतिनिधि और हिंदू संस्कृति के ध्वज वाहक महिला, पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पथ सही होने पर शपथ होती है सफलः सीएम

मुख्यमंत्री जैन समाज के शपथ अनुष्ठान पर्व में शामिल हुए

▶ उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में एक अप्रैल से की जा रही है शराबबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विक्रम संवत चैत्र प्रतिपदा नववर्ष पर पावन पुनीत अवंतिका में देश भर से शपथ अनुष्ठान पर्व में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत है। उज्जैन में भगवान श्री महावीर स्वामी ने तपस्या की है। तपस्या का पथ सही होने पर शपथ सफल होती है।

मानव जीवन संक्षिप्त समय का है, इसलिए जितना भी समय है, उसे हम परमार्थ के कार्य और सभी जीवों की सेवा में लगाना चाहिए। परमार्थ के कार्य कर मानव महापुरुष हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में जैन समाज के शपथ अनुष्ठान पर्व में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकास के कार्य सांस्कृतिक समन्वय से कर रही है। इसी क्रम में उज्जयिनी और प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में एक अप्रैल से शराबबंदी की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम में आयोजनकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को उज्जैन का नाम संपूर्ण देश-प्रदेश में गौरवान्वित करने पर नागरिक अभिनंदन किया गया।

# शिक्षा के बजट में जैसे-जैसे वृद्धि हुई, वैसे वैसे छात्रों की संख्या कम होती गईः जीतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने स्कूली शिक्षा को लेकर रविवार को ट्वीट के माध्यम से डॉ. मोहन यादव की सरकार पर तंज कसा है। पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है, जहां पर शिक्षा के बजट में जैसे-जैसे वृद्धि होती गई वैसे-वैसे छात्रों की संख्या कम होती चली गई।

हालत यह हो गई है कि औसतन हर साल करीब तीन लाख बच्चे स्कूलों से दूर होते चले गए। अगर सरकार के आंकड़ों को देखें तो बीते 7 साल में सरकारी और प्राइवेट स्कूलों से 22 लाख छात्र-छात्राएं कम हो गए। पीसीसी चीफ ने कहा कि खुद स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने विधानसभा में एक सवाल के जवाब में इसे स्वीकार किया है। मंत्री ने कहा कि 2016-17 से लेकर 2023-24 तक एमपी के सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से 12वीं तक के 12 लाख 23 हजार 384 स्टूडेंट्स घटे हैं। इन 7 साल के दौरान सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से पांचवीं में 635434, कक्षा 6 से 8 में 483171 और कक्षा 9 से 12 में 104479 बच्चे कम हुए हैं। यह स्थिति तब है, जब प्रदेश के एजुकेशन सिस्टम को वर्ल्ड क्लास बनाने के दावे किए जा रहे हैं।

तातापानी चौकी क्षेत्र का मामला

# मासूम भाई-बहन की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर रामानुजगंज



तातापानी चौकी अंतर्गत रविवार के दोपहर हृदय विदारक घटना में गांव के तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई। वहीं डूब रहे एक अन्य बच्ची को गांव के ही व्यक्ति के द्वारा बचाया गया। घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया। बताया जा रहा था कि 4 बच्चे वहां खेलने गए थे इसी दौरान यह घटना घटी।

जानकारी के अनुसार ग्राम नेहरू नगर के विश्वनाथ मिस्त्री की बेटी मानवी मिस्त्री उम्र 14 वर्ष एवं पुत्र मोहित मिस्त्री उम्र 9 वर्ष अपने दो अन्य साथी मासूम टिया एवं आनंदी मंडल के साथ गांव से सटे ग्राम सुभाष नगर के पुराने तालाब के पास दोपहर 2 बजे के करीब खेल रहे थे। इसी दौरान मानवी तालाब में गिरकर डूबने लगी तो उसका छोटा भाई मोहित बहन को बचाने के लिए कूद पड़ा। वही आनंदी मंडल एवं टिया भी बचाने के लिए पानी में कूदे इसके बाद सभी डूबने लगे तो टिया को मोहित के द्वारा ही निकाल लिया गया व टीया निकलते के साथ हल्ला करने लगी तो आनंदी मंडल को डूबता देख गांव के ही पप्पू तपाली ने तत्काल आनंदी मंडल को बाहर निकाला। वहीं मोहित एवं मानवी तब तक डूब चुके थे।

### बहन को डूबता देख भाई ने किया बचाने का प्रयास

*मानवी जब डूबने लगी तो उसका 9 साल का मासूम भाई बहन को डूबता देख तत्काल पानी में कूद गया व बहन को बचाने की बहुत कोशिश की परंतु दोनों पानी में डूब गए जब बच्चों का शव निकाल गया तो दोनों एक दूसरे को पकड़े हुए थे जिससे पता चलता है कि दोनों एक दूसरे निकालने का पूरा प्रयास किए होंगे।*

### बहन को बचा लिया, पर खुद डूब गया

*मृतक मासूम मोहित अपनी बहन को बचाने के लिए तालाब में कूदा था वही तालाब में डूब रही टीया को पहले उसने बाहर निकाला परंतु उसके बाद अपनी बहन को बचाने के दौरान वह भी डूब गया।*

### परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर

*मासूम भाई बहन के आकस्मिक मौत से पूरा गांव सदमे में है वहीं मृतक भाई-बहन के मां पिता विश्वास नहीं कर पा रहे हैं जो बच्चे कुछ देर पहले घर खेलने के नाम पर निकले थे वह अब दुनिया में नहीं रहे।पिता के द्वारा ही अपने दोनों बच्चों को पानी से निकला गया माता-पिता का रो रो कर बुरा हाल है उनके आंसू रुक नहीं रहे हैं वह बार-बार बेहोश हो जा रहे हैं।*

मोहभट्ठा ग्राम में आयोजित सभा में दिखाई दिया भावनात्मक दृश्य

# पेंटिंग लेकर आई बच्ची को पीएम मोदी ने किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले के मोहभट्ठा ग्राम में आयोजित आमसभा और लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी के संबोधन के दौरान एक एक भावनात्मक वीडियो देखने को मिला। जिसकी सभी लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा को संबोधित कर रहे थे। उस दौरान उनकी नजर एक बालिका पर पड़ी, जो उनकी पेंटिंग हाथ में उठाकर काफी देर से खड़ी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसकी भावना को समझा और मंच से कहा कि वहां एक बेटी पेंटिंग बना के लाई हैं, बेचारी कब से हाथ ऊपर रखे खड़ी हैं। मैं जरा सिक्योरिटी वालों से कहूंगा। उस बेटी को... पेंटिंग के पीछे बेटा नाम-पता लिख देना, मैं आपको चिट्ठी भेजूंगा। जरा इस पेंटिंग को कोई कलेक्ट करके मुझ तक पहुंचा दे। बहुत-बहुत धन्यवाद बेटा, बहुत धन्यवाद। प्रधानमंत्री की इस आत्मीयता भरी पहल से वहां मौजूद जनता की तालियों की गड़गड़ाहट से सभास्थल गूंज उठा। यह



घटना प्रधानमंत्री मोदी की सरलता और संवेदनशील स्वभाव को दर्शाती है, जिससे वे हमेशा जनता के दिलों में विशेष स्थान बनाए रखते हैं। पीएम की ये बातें न सिर्फ उस बच्ची के चेहरे पर मुस्कान ले आईं, बल्कि वहाँ मौजूद हजारों लोगों के मन को भी छू गईं। इस दृश्य ने यह भी दर्शाया कि यदि बच्चे की प्रतिभा को सही समय पर सही व्यक्ति से सराहना मिले, तो उसके मन में आत्मविश्वास और प्रेरणा के दीप जलते हैं।

बलौदाबाजार स्थित एक जनरल स्टोर्स क्षतिग्रस्त, पुलिस कर रही कार्रवाई

# अनियंत्रित ट्रक दुकान में घुसा, बड़ी दुर्घटना टली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले में तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक जनरल स्टोर्स की दुकान में जा घुसा। इससे पहले ट्रक ने सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को तोड़ दिया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दुकान के सामने लगा टीन का शेड और शटर क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रक पलट गया। गनीमत रही कि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। ट्रक चालक और क्लीनर दोनों सुरक्षित बच गए। घटना की जानकारी मिलते ही पलारी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि, ट्रक में मुर्गियों



को खिलाने वाला दाना लोड था जिसे रायपुर से लेकर शिवरीनारायण ले जाया जा रहा था। इसी दौरान ग्राम संडी में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक जनरल स्टोर्स की दुकान में जा घुसी। इससे पहले ट्रक ने सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को तोड़ दिया। पलारी थाना प्रभारी धीरेंद्र दुबे ने बताया कि, ट्रक को जब्त कर लिया गया है। दुकान संचालक की शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह हादसा ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन और लापरवाही का नतीजा था।

दंतेवाड़ा के थाना गीदम और बीजापुर के थाना भैरमगढ़ क्षेत्र का मामला

# 45 लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली ढेर

तेलंगाना व छग ने किया था इनाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे में पुलिस फोर्स को फिर बड़ी सफलता मिली है। दंतेवाड़ा के थाना गीदम और बीजापुर के थाना भैरमगढ़ सरहदी ग्राम नेलगोड़ा, एकेली और बेलनार एरिया में 45 लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली रेणुका उर्फ बानु मुठभेड़ में मारी गई। इस खूंखार महिला नक्सली रेणुका उर्फ बानु उर्फ चैते उर्फ सरस्वती पर छत्तीसगढ़ शासन ने 25 लाख रुपये और तेलंगाना शासन ने 20 लाख का इनाम घोषित किया था।

वह जिला वारंगल कडवेन्डी की निवासी थी। वह नक्सलियों के डीकेएसजेड की प्रेस टीम प्रभारी और एसजेडसीएम रैंक थी। पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय ने बताया कि दंतेवाड़ा, बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रांतर्गत थाना गीदम के ग्राम नेलगोड़ा, इकेली, बेलनार के मध्य जंगल पहाड़ी में माओवादी संगठन सीपीआई (एम) के सदस्य, नक्सल कैडर्स की




मौजूदगी की सूचना पर दंतेवाड़ा डीआरजी और बस्तर फाईटर्स की टीम मौके पर रवाना हुई थी। उपपुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप ने कि अभियान के दौरान सोमवार सुबह ग्राम नेलगोड़ा, इकेली, बेलनार के मध्य जंगल पहाड़ में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच करीब दो घंटे तक मुठभेड़ चली। फायरिंग बंद होने पर सर्च करने पर उक्त महिला नक्सली का शव बरामद किया गया।

### ये था महिला नक्सली का बैकग्राउंड

*घटना के बाद इंसास राइफल, मैगजीन, गोला बारूद, लैपटॉप, नक्सली साहित्य और दैनिक सामग्री बरामद की गई है। खूंखार महिला नक्सली रेणुका वर्ष 1996 में नक्सल संगठन में भर्ती होकर आंध्र प्रदेश में एसजेडसीएम कृष्ण अन्ना के साथ काम की। वर्ष 2003 में डीवीसीएम के पद पर पदोन्नति किया गया। वर्ष 2006 में दक्षिण बस्तर में सीसीएम दुला दादा उर्फ आनन्द के साथ काम की। वर्ष 2013 में माड़ क्षेत्र में आकर एसजेडसीएम रमन्ना के साथ काम की। रमन्ना की कोरोना से मृत्यु के बाद वर्ष 2020 में डीकेएसजेडसीएम बनाकर सेंट्रल रीजनल ब्यूरो का प्रेस टीम इंचार्ज बनाया गया। नक्सल संगठन की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी करना और विभिन्न नक्सल पत्रिका जैसे प्रभात, महिला मार्गम, आवामी जंग, पीपुल्स मार्च, पोडियारो पोल्लो, झंकार, संघर्षरत महिला, पितुरी, मिडंगुर, भूमकाल संदेश का मुद्रण और प्रकाशन का काम करती थी। उसका भाई एसजेडसीएम जीवी के प्रसाद उर्फ सुखदेव उर्फ गुड़सा उसेंडी ने वर्ष 2014 में तेलंगाना में सरेंडर किया था। वर्ष 2005 में सेन्ट्रल कमेटी मेंबर शंकामुरी अप्पाराव उर्फ रवि के साथ शादी हुआ था, जो 2010 के नलमल्ला मुठभेड़ (आंध्र प्रदेश) में मारा गया।*

चिंतन

# अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बढ़ रही अनिद्रा चिंतनीय

देश जिस गति से डिजिटल हो रहा है, देश में स्मार्टफोन्स के उपभोक्ता बढ़ रहे हैं, उसी अनुपात में देश के किशोरों, युवाओं और अब तो बच्चों के सामने शारीरिक व मानसिक सवास्थ्य की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। ताजा अध्ययन में कहा गया है कि स्क्रीन के अधिक उपयोग से अनिद्रा का खतरा 60 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। जैसे जैसे वर्चुअल तकनीक बढ़ रही है, विजुअल दुनिया बदल रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स का प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे वैसे सभी आयुवर्ग के लोग स्क्रीन्स के आदी होते जा रहे हैं। इसका सीधा असर, आंखों की रोशनी, नींद, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर पड़ता है। सोने से एक घंटे पहले स्क्रीन (मोबाइल, टैब, लैपटॉप या पीसी) का इस्तेमाल करने से अनिद्रा का खतरा लगभग साठ प्रतिशत बढ़ सकता है और नींद का समय लगभग आधे घंटे कम हो सकता है। एक अध्ययन के दौरान नॉर्वे में 18-28 वर्ष की आयु के 45,000 से अधिक छात्रों से उनके सोने के समय और आदतों के बारे में सवाल किया गया, जिसमें यह भी शामिल था कि वे सोने के बाद कितनी देर तक स्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं। इन छात्रों ने स्क्रीन के इस्तेमाल का उद्देश्य, जैसे कि फ़िल्में देखना या सोशल मीडिया देखना, भी बताया। 'फ्रंटियर्स इन साइकियाट्री' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, स्क्रीन गतिविधि का प्रकार उतना मायने नहीं रखता जितना कि बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग करते हुए बिताया गया कुल समय। अध्ययन के दौरान सोशल मीडिया और अन्य स्क्रीन गतिविधियों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया गया, जिससे पता चलता है कि स्क्रीन का उपयोग ही नींद में व्यवधान का मुख्य कारण है। अनिद्रा को सोने में 30 मिनट से अधिक समय लगने के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसमें रात के दौरान अक्सर नींद से जागना जैसी परेशानियां शामिल हो सकती हैं। नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इसलिए, दिन के दौरान नींद आ सकती है, जिससे गतिविधियों में बाधा आती है। मोबाइल स्क्रीन का ज़्यादा इस्तेमाल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, जिससे आंखों पर दबाव, नींद की कमी, तनाव, और सामाजिक संबंधों पर बुरा असर पड़ सकता है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों में सूखापन, जलन, धुंधला दिखना और सिरदर्द हो सकता है। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है और अनिद्रा की समस्या पैदा कर सकता है। अधिक समय तक झुकी हुई मुद्रा में स्क्रीन देखने से गर्दन और पीठ में दर्द हो सकता है। स्क्रीन के सामने बैठे रहने से शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है, जो मोटापे का कारण बन सकती है। अत्यधिक सोशल मीडिया का इस्तेमाल तनाव और चिंता को बढ़ा सकता है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम अवसाद के खतरे को बढ़ा सकता है, सामाजिक संबंधों पर बुरा असर डाल सकता है और लोगों को अकेलापन महसूस हो सकता है, एकाग्रता की क्षमता कम हो सकती है व निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। बच्चों की आंखों पर मोबाइल के प्रभाव और स्क्रीन टाइम के बच्चे के विकास पर व्यापक प्रभाव को समझना माता-पिता और देखभाल करने वालों के लिए ज़रूरी है। इसलिए जरूरी है कि स्क्रीन टाइम को सीमित करने के लिए नियम बने। लोग खुद तय करें, बच्चों के लिए अभिभावक समय निश्चित करें, स्कूल, कॉलेज, परिवार और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्क्रीन के प्रयोग को रेगुलेट किया जाय। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी से अंधापन बढ़ रहा है।

# बहुविधा-प्रवीण यशस्वी कलाकार कोदूराम वर्मा



विशेष

डॉ. परदेशीराम वर्मा

कोदूराम वर्मा का जन्म 1924 में ग्राम भिंभौरी में हुआ। उनकी माता का नाम बिलसिया बाई तथा पिता का नाम बुधराम वर्मा था। उन्होंने 18 वर्ष की उम्र में करताल, तम्बूरा से भजन गायन शुरू किया। 1947 में देश आजाद हुआ। लगभग इसी वर्ष से उन्होंने लोक कला मंच पर नाचा में जोक्कड़ अर्थात हास्य कलाकार के रूप में प्रवेश किया। तब मालगुजारी प्रथा, जाति प्रथा, परतंत्रता के खिलाफ नाचा में कथा की बुनावट की जाती थी। पहले खड़े साज पर कलाकारों के साथ वे मशाल नाच में उतरे फिर मदराजी दाऊ रवेली वाले से प्रभावित होकर हारमोनियम तबले के साथ नाचा की ओर बढ़े।

*अंधाधुंध अंधियारा अवधू, अंधाधुंध अंधियारा*
*कोई जाने न जानन हारा अवधू, अंधाधुंध अंधियारा,*
*तथा भजन बिना, हीरा जनम गंवाया जी*

ये दो भजन उनके द्वारा गाये जाते जो काफी लोकप्रिय थे। गंवई के फूल के नाम से उन्होंने भिंभौरी में लोककला मंच खड़ा किया जिसे खूब ख्याति मिली। इस मंच को उन्होंने दाऊ रामचंद्र देशमुख से प्रभावित होकर चंदैनी गोंदा की शैली में खड़ा किय। वे व्यथित होते हैं यह देखकर कि अब छत्तीसगढ़ी लोक मंच जागृति, सामाजिक समता, उत्थान की प्रेरणा नहीं देता बल्कि व्यवसायिकता ने मंचों को उद्देश्यहीन बना दिया है। बल्कि अब छत्तीसगढ़ का उपहास भी मंचों के माध्यम से उड़ाया जाता है। उन्हें नये राज्य गठन से काफी उम्मीदें थीं जो अब अधूरी लगती हैं। उन्हें निराशा होती है कि सरकारों ने छत्तीसगढ़ को वह सम्मान नहीं दिया जिसकी उम्मीद हम सबको थी।

भजन गायन के कारण ही वे रामायण प्रवीण हीरालाल शास्त्री जी से जुड़े। हीरालाल शास्त्री के शिष्य थे बालकृष्ण शर्मा वे शब्दवेधी बाण चलाने में निपुण थे। उनका प्रदर्शन देखकर उन्होंने भी निश्चय किया कि इस विधा को मैं सीखूंगा। उन्होंने आग्रह किया। बालकृष्ण जी पहले तो तैयार नहीं हुए लेकिन जब उनके कहने पर कोदूराम जी ने संकल्प लिया कि सभी दुर्व्यसनों से मैं दूर रहूंगा और निष्ठापूर्वक समाज सेवा करूंगा तब उन्होंने सिखाने का वचन दिया। वे उनके साथ करीब 3 माह तक रहे।

लिम्बाराम देश के चर्चित आधुनिक धनुर्धर हैं। 2007 में वे रायपुर आए। उन्हें छत्तीसगढ़ के शब्दभेदी बाण संधानकर्ता श्री कोदूराम वर्मा ने अपनी कला से चकित कर दिया। लिम्बाराम ने कोदूराम जी का चरण स्पर्श कर लिया। अलग-अलग प्रान्तों और संस्कृतियों के बीच सेतु का प्रमाण है दोनों के नाम में जुड़ा हुआ राम। कोदूराम जी को बड़ी पीड़ा होती है कि ऐसे दानवीर की एक मूर्ति अभी तक दुर्ग में नहीं लगी। वे लगातार तीन वर्ष तक सगनी आश्रम में बच्चों को पढ़ा भी चुके हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ गायन एवं वादन की शिक्षा भी वर्मा जी ने दिया। वे लगभग विगत 75 वर्षों से लोकमंच पर सक्रिय हैं।



भारत भवन में सुर वाद्य का प्रदर्शन किया था, मंच में 8 कलाकार एक साथ अपने-अपने वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुत हुए। सर्वप्रथम बांस वादक ने वाद्य यंत्र प्रारंभ किया जिन्होंने पहले शंख की आवाज, शेर की दहाड़ने वाला आवाज निकालकर स्वर को धीरे-धीरे रखा। फिर मोहरी वादक ने अपना गौरा धुन, सुवा गीत आदि का समस्त वाद्य यंत्रों के साथ समवेत स्वर में गीत प्रस्तुत किया गया। विशुद्ध वाद्य यंत्रों का प्रयोग मात्र छत्तीसगढ़ में ही एक मात्र प्रयुक्त होता है।

आदिवासी लोक कला परिषद भोपाल द्वारा रायपुर में आयोजित महाराष्ट्र मंडल में कबीर दास जी की भजन गायकी का कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया जिसमें भारत भर के समस्त भजन मंडलियों को आमंत्रित किया गया था। भजन में विशुद्ध ग्रामीण वाद्य यंत्रों जैसे करतार, तंबूरा एवं खंजेड़ी का ही मात्र प्रयोग किया गया। यह प्रस्तुति बहुत ही सराहा गया। कबीरदास भजन जिसके बोल हैं - "अंधाधुंध अधियारा रे अवधू कोई जानन जानन हारा रे अवधू" का सफल गायन मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इसी प्रकार उक्त कार्यक्रम मध्यप्रदेश के आंचलिक बड़े-बड़े शहरों में प्रस्तुत किया गया। जबलपुर, सागर आदि शहरों में भी इसका विधिवत सफलता पूर्वक प्रदर्शन किया गया। रेडियो स्टेशन में भजन गायकी का कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाता रहा है।

छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी नाचा एक ऐसी नाट्य विधा है जिसमें समाज के प्रच्छन्न लोक भावना को प्रदर्शित किया जाता है। इसके माध्यम से समाज सुधार, शिक्षा, रूढ़ी, अंधविश्वास एवं राष्ट्रोपयोगी भावनाओं को प्रदर्शित कर राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का काम किया जाता है। इसकी प्राचीन परंपरा विभिन्न परिस्थितियों से गुजरता हुआ सिनेमा आदि नाट्य विधा से जुड़ता गया है। नाचा विधा में निम्न सोपान तय किया है मशाल नृत्य, गैस नृत्य, लाईट-नृत्य। नाचा का उत्कृष्ट रूप में प्रस्तुत दाऊ मदराजी द्वारा किया गया। जिसके नाम से छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा नाचा विधा के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरूस्कार भी दिया जाता है। जो मुझे 2007 में प्राप्त हुआ। खड़े नाच में मशाल नृत्य का एक मौलिक प्रदर्शन जोड़ा गया जिसमें नृत्य करते हुए मशाल को शरीर के विभिन्न अंगों में दबाकर बुझाना एवं निकाल कर जलाना आदि का सफल प्रदर्शन मेरे द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समस्त मानवीय मूल्यों को समाज में स्थापित करने हेतु गंवई के फूल नामक सांस्कृतिक संस्था की स्थापना की गई। गंवई के फूल के संस्थापक, संचालक, दिशा दर्शक एवं निर्देशक का संपूर्ण कार्य मुझे ही ग्रहण कर सफलता पूर्वक संचालन किया गया। इसमें 25 कलाकारों के कलाओं को माला के रूप में पिरोकर प्रस्तुत किया जाता रहा है। गंवई की फूल की पृष्ठभूमि दास्ता से प्रारंभ होती है। अंग्रेजों के गुलामी के कारण भारतीयों की जो स्थिति थी उसका मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया जाता है। स्वतंत्रता के उपरोंत गंवई के फूल का नायक भारतीय मूल्यों की रक्षा करते हुए गांव के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं आर्थिक विकास की चरमसीमा को प्राप्त करने के लिए प्रयास करता है तथा गांव को सर्वसुविधा संपन्न अवरोधों को पार करता हुआ विकास की गंगा बहाने का संकल्प का उपसंहार के रूप में प्रस्तुत करता है। यह एक सोद्देश्य एवं आदर्श मानक की मानवीय भावनाओं की परिकल्पना है। जो कथाकार के रूप में मैंने निर्देशन कर समाज के सामने चुनौती को स्वीकार करते हुए जन-जन में विकासोन्मुखी भावना को भरने का अवसर सा प्रयास किया एवं समस्त जन-जन को आदर्श नागरिक देशभक्त बनाने का अप्रतिम प्रयास किया है।

इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर नेहरू युवा केन्द्र इस्पात नगरी भिलाई ने इसके कार्यक्रम के लिये विशेष सहयोग एवं योजनाओं को क्रियान्वित किया। युवा केन्द्र के द्वारा विभिन्न संस्थाओं के कार्यक्रमों को कई दिनों तक सांस्कृतिक संध्या के रूप में प्रस्तुत कराया। तथा कार्यक्रमों को भारत भर के बड़े-बड़े उपयोगी क्षेत्रों में प्रदर्शन के लिए ले जाता रहा है। गंवई के फूल को भी इसमें सफलता प्राप्त हुई। तथा नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से बाड़मेर (राजस्थान) में दो बार एवं रायबरेली उत्तरप्रदेश में एक बार सफल मंचन किया है। दोनों स्थानों में इस संस्था को विशेष सफलता प्राप्त हुई। इसमें पूरी शक्ति सामर्थ्य, योग्यता, धैर्य, कलाप्रियता एवं राष्ट्रीय भावनाओं का प्रदर्शन होता है। इसके साथ-साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला मुख्यालयों एवं ग्रामीण अंचलों में भी प्रदर्शन किया गया।

रायपुर जिला - चरोदा, खैरखूंट, रोटरी क्लब की ओर से मेकाहारा, सभागार में सिलतरा, लिनवा, सिमगा। महासमुन्द जिला - खल्लारी, दुर्ग जिला - बेरला, अनदगांव, खर्रा, दुर्ग, सुरडुंग। भिलाई में कई बार जहां दो बार विशेष सम्मान।

प्रथम बार प्रशस्ति पत्र दूसरे बार मदराजी सम्मान, पैरी, सगनी, भाटागांव, बेरला के आसपास के गांव में कवर्धा जिला - कवर्धा, बेमेतरा, बी.टी.आई. कचहरी के सामने, बालसमुन्द। इसके कारण आज तक विगत 15 वर्षों से निरंतर इस सांस्कृतिक संस्था का जोरदार कार्यक्रम जन सेवा में लोगों के द्वारा प्रदर्शित कराया गया। यही "गंवई के फूल" की सफलता यात्रा है। अभी भी इसकी मांग होते रहती है। मप्र में भी इसका प्रदर्शन रतलाम में दो बार प्रस्तुत किया गया।

बी.टी.आई. रायपुर में आयोजित यूनीसेफ के कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षार्थियों को लोकगीतों एवं लोकनाट्य का प्रशिक्षण प्रदान किया जिसका प्रदर्शन राज्य स्तरीय शिक्षा-प्रशिक्षण केन्द्र, टीकमगढ़ की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ-साथ बीटीआई पेण्ड्रा में भी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत विशेष सम्मान से अलंकृत किया गया।

*- यह लेख अगासदिया के 2007 में प्रकाशित अंक से लिया गया है।*

अप्रैल फूल

योगेश कुमार गोयल



# हंसो, हंसाओ मगर किसी का भी दिल न दुखाओ

विश्वभर के लगभग सभी देशों में पहली अप्रैल का दिन 'फूल्स डे' यानी 'हंसी-ठिठोली दिवस' के रूप में ही मनाया जाता है। कोई छोटा हो या बड़ा, इस दिन हर किसी को जैसे हंसी-ठिठौली करने का बहाना मिल जाता है और लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने की चेष्टा करते नजर आते हैं। ऐसी असत्य और मनघडंत कल्पनाओं को ही यथार्थ का रूप देकर, जिन पर कोई भी आसानी से विश्वास कर सके, किसी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने का प्रयास करते हैं और प्रायः बहुत चतुर समझे जाने वाले व्यक्ति भी मूर्ख बन जाते हैं। शायद यही कारण है कि इस दिन चाहे कोई किसी का कितना ही विश्वासपात्र क्यों न हो, मस्तिष्क में यह बात विराजमान रहती है कि कहीं यह हमें मूर्ख तो नहीं बना रहा! कई बार होता यह भी है कि लोग कोशिश तो करते हैं दूसरों को मूर्ख बनाने की लेकिन इस कोशिश में खुद ही मूर्ख बन जाते हैं और जब ऐसा होता है तो वाकई बड़ा मनोरंजक माहौल बन जाता है। कभी-कभी तो इस दिन सैंकड़ों-हजारों की संख्या में भी लोग एक साथ 'मूर्ख' बनते देखे गए हैं। 'हंसी ठिठोली दिवस' केवल आम लोगों तक ही सीमित नहीं है बल्कि कई प्रसिद्ध ब्रांड, मीडिया हाउस और सरकारी संस्थाएं भी इस अवसर पर मजेदार अफवाहें या रोचक प्रचार के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करती रही हैं। कई बार बड़े समाचार पत्र और ऑनलाइन पोर्टल्स इस दिन ऐसी खबरें प्रकाशित कर देते हैं, जिन पर लोग सहज रूप से विश्वास कर बैठते हैं लेकिन अंत में पता चलता है कि वे महज 'अप्रैल फूल' मजाक का एक हिस्सा थी। इतिहास में कई बड़े-बड़े किस्से इस दिन से जुड़े हुए हैं। 1957 में ब्रिटेन के बीबीसी चैनल ने एक खबर चलाई कि स्विट्जरलैंड के किसान स्पेगेटी के पेड़ों से ताजा स्पेगेटी तोड़ रहे हैं। इस खबर को देखकर हजारों लोगों ने चैनल से संपर्क कर पूछा कि वे ऐसे पेड़ कहां से खरीद सकते हैं। इसी तरह 1996 में प्रसिद्ध फास्ट फूड चेन 'बर्गर किंग' ने घोषणा की कि उन्होंने विशेष रूप से बाएं हाथ वालों के लिए 'लेफ्ट-हैंड व्हॉपर' बर्गर बनाया है। इस खबर पर हजारों लोगों ने विश्वास कर लिया और कुछ ने तो यह भी पूछ लिया कि क्या उनके लिए 'राइट-हैंड व्हॉपर' बर्गर उपलब्ध है। तकनीकी और डिजिटल युग में भी यह परंपरा और तेजी से विकसित हुई है। कभी-कभार इस अवसर पर ऐसे दिलचस्प मामले भी सामने आते रहे हैं, जब लोग इस दिन सच्ची खबर पर भरोसा नहीं करके भी 'अप्रैल फूल' बन गए और बाद में बहुत पछताए। ऐसा ही एक वाकया 2015 में न्यूजीलैंड में सामने आया था, जब वहां के एक बड़े अखबार 'न्यूजीलैंड हेराल्ड' में दुनिया की विख्यात कार निर्माता कम्पनी बीएमडब्ल्यू ने 'अप्रैल फूल्स डे स्पेशल ऑफर' का विज्ञापन दिया। विज्ञापन में कम्पनी की ओर से दावा किया गया कि जो भी व्यक्ति इस विज्ञापन के साथ छपे कूपन को लेकर इस दिन सबसे पहले कम्पनी के शोरूम पहुंचेगा, उसे उसकी किसी भी पुरानी कार के बदले बिल्कुल नई बीएमडब्ल्यू कार दी जाएगी। लोगों ने इस विज्ञापन को कार निर्माता कम्पनी का अप्रैल फूल बनाने का हथकंडा समझा। टियाना मार्श नामक एक महिला अपनी किस्मत आजमाने की सोचकर अपनी 15 वर्ष पुरानी कार लेकर कम्पनी के शोरूम पहुंच गई। शोरूम में पहुंचने वाली वह एकमात्र व्यक्ति थी और वहां पहुंचकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब उसे उसकी खटारा कार के बदले वाकई 50 हजार डॉलर वाली चमचमाती बीएमडब्ल्यू कार की चाबी कम्पनी द्वारा सौंप दी गई।

वैसे 1 अप्रैल को 'फूल्स डे' के रूप में मनाए जाने का कारण यही माना जाता रहा है कि पुराने जमाने में चूंकि नए साल की शुरूआत 1 अप्रैल से ही होती थी, अतः लोग इस दिन को हंसी-खुशी गुजारना चाहते थे ताकि उनका पूरा साल हंसी-खुशी बीते। लोगों की इसी धारणा के चलते 1 अप्रैल को 'हास्य दिवस' के रूप में मनाने की परम्परा शुरू हुई थी लेकिन धीरे-धीरे लोगों का उत्साह इस दिवस के प्रति कम होने लगा तो कुछ लोगों ने इस दिन कृत्रिम हास्य के जरिये दूसरों को बेवकूफ बनाना शुरू कर दिया। लोगों को भी यह अंदाज इतना पसंद आया कि इस परम्परा ने धीरे-धीरे 'फूल्स डे' का रूप ले लिया। 'अप्रैल फूल' बनाने की पश्चिमी देशों में शुरू हुई यह परम्परा भारतीय संस्कृति में कब और कैसे प्रवेश कर गई, पता ही नहीं चला लेकिन भले ही इस परम्परा पर पाश्चात्य संस्कृति का रंग बहुत गहरा चढ़ा है पर यदि हम इस परम्परा में निहित उद्देश्यों को गहराई में जाकर देखें तो गौरवशाली भारतीय संस्कृति के आधार पर भी यह परम्परा गलत नहीं ठहराई जा सकती।

(लेखक परिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित

दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

# मृत्यु के बाद के साथी



संकलित

प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## गणगौर त्योहार



बीकानेर में सोमवार को गणगौर त्योहार के अवसर पर जूनागढ़ किले के पास पारंपरिक जुलूस के दौरान देवी गौरी की मूर्ति ले जाई गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें।

## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है।

*- चंद्रशेखर साहू, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका के मंदिरों में हनुमान चालीसा वितरित



दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने देश भर के आठ मंदिरों में हनुमान चालीसा की 60,000 छोटी प्रतियां वितरित की हैं। 'एसए हिंदूज' संगठन के सदस्यों ने ग्वातेंग प्रांत के विभिन्न क्लबों के मोटरसाइकिल सवार लोगों के नेतृत्व में रविवार को वितरण अभियान चलाया और उन्होंने जरूरतमंदों में वितरित करने के लिए लगभग दो टन किराने का सामान भी एकत्र किया। 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडिता लूसी सिगबन ने कहा, हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि बहुत सारे भक्त मंदिरों में आए और खासकर क्वाजुलू-नताल (केजेडएन) जैसे पास के प्रांतों के भी लोग इस पहल का बड़े ही उत्साह के साथ समर्थन कर रहे थे। दक्षिण अफ्रीका के हिंदुओं ने सबसे पहले 24 अगस्त 2024 को भक्ति के उत्सव के दौरान 'शेरेनो प्रिंटर्स' और 'इलेक्ट्रो ऑनलाइन मीडिया' के साथ साझेदारी में 10 लाख हनुमान चालीसा की प्रतियां वितरित करने की पहल की शुरुआत की। उनकी योजना 2029 तक हनुमान चालीसा की 10 लाख प्रतियां वितरित करने की है।

## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द



आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है: ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है: एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल। राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग-अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग-अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं।

## X ट्रेंड

### ईद मुबारक



ईद-उल-फित्र की हार्दिक बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। यह त्योहार आपके लिए खुशहाली लाए और आपको आपके सभी प्रयासों में सफलता मिले। ईद मुबारक।

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ईद भाईचारे का संदेश



ईद की हार्दिक बधाई, ईद-उल-फित्र का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है। यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

### कश्मीर को पहली वंदे भारत



पीएम नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को कटरा से हरी झंडी दिखाएंगे और इसी के साथ 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल संपर्क परियोजना पूरी हो जाएगी।

-जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री

### इतनी बैरिकैडिंग क्यों



भाजपा देश को संविधान के अनुरूप नहीं चला रही है। ईद के मौके पर इतनी बैरिकेडिंग क्यों की गयी? इसे तानाशाही कहना चाहिए या 'आपातकाल'? मैंने कभी ऐसी बैरिकेडिंग नहीं देखी, जो लोगों को उनके त्योहार मनाने से रोकने के लिए की गयी हो। -अखिलेश यादव, पूर्व सीएम

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## जयपुर में ईद पर दिखी हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल

# ईदगाह में नमाज अदा कर रहे मुसलमानों पर हिंदुओं ने बरसाए फूल



### हर्ष और उल्लास के साथ ईद मनाई गई

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में सोमवार को पूरे हर्ष और उल्लास के साथ ईद मनाई गई। प्रदेश के अलग-अलग शहरों में मस्जिदों और ईदगाहों में लोग नमाज अदा किए। सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर दी बधाई दी। जयपुर ने ईद की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर सामने आई है। यहां हिंदूओं ने ईदगाह आए मुसलमानों पर फूल बरसाए। हिंदुओं ने मुसलमानों पर फूल बरसा कर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की। हिंदू मुस्लिम एकता समिति के बैनर तले हिंदुओं ने ईद-उल-फितर मनाने के लिए ईदगाह आए मुसलमानों पर फूल बरसाए। दिल्ली रोड स्थित ईदगाह पर हजारों लोग त्योहार मनाने के लिए एकत्र हुए थे।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

ईद-उल-फितर के मौके पर देशभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में भी इसे लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। जयपुर में स्थित दिल्ली रोड पर स्थित ईदगाह में हजारों मुस्लिम सुबह-सुबह नमाज पढ़ने के लिए एकत्रित हुए। नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं।

### उधर, कई अलग तस्वीरें भी आईं सामने

## टोंक के मालपुरा में मचा बवाल, जुलूस के दौरान पुलिस से भिड़ गए लोग

टोंक। जिले के मालपुरा से ईद उल फितर की नमाज के बाद जब बड़ी संख्या में नमाजी एक साथ बाहर निकले तो उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान



केकड़ी मार्ग कुछ समय के लिए अवरुद्ध हो गया। हालात तब और तनावपूर्ण हो गए जब जुलूस को बाजार में ले जाने के लिए प्रदर्शन किया गया। पुलिस और मुस्लिम समाज के आमने-सामने आने से बढ़ा तनाव बाद में पुलिस और मुस्लिम समाज के लोगों के बीच तनाव बढ़ गया, जिससे जयपुर-मालपुरा-दूदू स्टेट हाइवे जाम हो गया। प्रशासन ने तत्काल भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने लोगों से समझाइश की, जिसके बाद हाइवे को खुलवाया गया।

### लोग अफवाहों पर ध्यान न दें

स्थानीय प्रशासन का संदेश पुलिस और प्रशासन ने आमजन से शांति बनाए रखने की अपील की है। सतर्कता बरती जा रही है। किसी भी अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी गई है।

### मेरठ में नमाज के बाद भिड़े दो पक्ष

## सफेद कपड़ों पर उछाला कीचड़ मारपीट, पथराव और फायरिंग

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ में ईद की नमाज के बाद दो पक्षों में जमकर संघर्ष हुआ। यहां सिवाल खास में नमाज के बाद मुस्लिमों के दो पक्षों में



फायरिंग पथराव भी हुआ। संघर्ष में 6से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। कस्बा सिवालखास में सोमवार को ईद की नमाज पढ़ने के बाद मुस्लिम समाज के लोग फातिया पढ़ने के लिए नहर वाले कब्रिस्तान में जमा थे। इस दौरान फातिमा पढ़ने के दौरान दो पक्षों में पूर्व हुए विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में लाठी डंडे चल गए। कई लोगों के सफेद कुर्ते पायजामों पर कीचड़ भी उछाला। दोनों पक्षों के बीच कई राउंड फायरिंग भी हुई।

### नूंह में नमाज के बाद झड़प



## जमकर चले लाठी-डंडे, 10 लोग घायल

नूंह। हरियाणा के नूंह के बिछौर थाना इलाके में ईद की नमाज के बाद दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान जमकर लाठी-डंडे चले। इस घटना में दोनों ओर के 10 लोग घायल घायल बताए जा रहे हैं। नूंह के बिछौर थाना अंतर्गत आने वाले तिरवाड़ा गांव में ईद की नमाज अदा करने के बाद दो पक्षों में झड़प हो गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। मौके पर स्थिति फिलहाल शांत और नियंत्रण में है।

---

### खबर संक्षेप

#### मोदी समेत कई नेताओं ने कहा- ईद मुबारक

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं ने



देशवासियों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी। उन्होंने कामना की कि ईद सबके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियां लेकर आए। मोदी ने एक्स पर लिखा कि ईद की बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में सद्भाव व दयालुता की भावना को बढ़ाए।

#### दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर महिला नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास से पहले



दंतेवाड़ा बीजापुर सीमा पर पुलिस नक्सली मुठभेड़ हुई है। इसमें एक महिला नक्सली ढेर हुई है। एसपी गौरव रॉय ने मामले की पुष्टि की है। शव के साथ इंसास राइफल भी बरामद किया गया है। फिलहाल इलाके में सर्चिंग जारी है।

#### वित्त मंत्री आज 'राज्य आर्थिक मंच' करेंगी शुरू

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को नीति



एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच पोर्टल का शुभारंभ करेंगी। पोर्टल पर 2022-23 तक के राज्यों के आंकड़े उपलब्ध होंगे। यह पोर्टल 5 श्रेणियों- जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना,राजकोषीय, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े डाटाबेस को आसानी से उपलब्ध कराएगा।

#### गुजरात में 25 हथियार जब्त 21 आरोपी हिरासत में

**सूरत।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में पुलिस ने 25 हथियार जब्त कर 21 लोगों को



हिरासत में लिया है। जांच में पता चला कि इन 21 लोगों ने गुजरात, हरियाणा, नगालैंड, मणिपुर के एजेंटों के जरिये फर्जी दस्तावेज से लाइसेंस हासिल किए और इनका इस्तेमाल कर हथियार खरीदे।

---

### कहा, 5 साल में देश का एक भी ऐसा जिला नहीं बचेगा, जहां मेडिकल कॉलेज नहीं होगा

# हरियाणा में अब बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी की व्यवस्था, युवाओं में बढ़ा विश्वासः शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि हरियाणा में अब पहले की तरह नौकरियों में भेदभाव, जातिवाद नहीं किया जा रहा। एक क्षेत्र के लोगों को तवज्जो नहीं दी जाती बल्कि बिना खर्ची पर्ची के अब युवाओं को रोजगार मिलते हैं। ऐसी व्यवस्था नायब सरकार ने की है, जो उदाहरण बनी है। हरियाणा में बिना पर्ची और खर्ची के पारदर्शिता से नौकरी की व्यवस्था कायम होने से युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह सोमवार को जिला हिसार के अग्रोहा स्थित महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में आयोजित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण और आईसीयू ब्लॉक का उद्घाटन तथा पीजी हॉस्टल के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी , जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव भी उपस्थित रहे।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के सादगी स्वभाव और कार्यप्रणाली की प्रशंसा

### शाह ने की हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सादगी स्वभाव और कार्यप्रणाली की प्रशंसा



करते हुए कहा कि नायब सिंह सैनी शांत, सौम्य व्यक्तित्व के साथ साथ एक कुशल प्रशासक भी हैं। शाह ने कहा कि आज स्वर्गीय ओपी जिंदल की पुण्यतिथि है, उनकी सोच पर चलते हुए आज अग्रोहा मेडिकल कालेज जन सेवा का कार्य कर रहा है। यह अस्पताल कारोबार से पहले करुणा की उनकी सोच को दर्शाता है। इस अस्पताल में 5 लाख लोग ओपीडी की सेवा लेते हैं। स्वास्थ्य सेवाओ में यह संस्था अपना अलग स्थान बनाए हुए हैं। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में आधुनिक तरीको से यहां मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

शाह ने कहा कि हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जहां 24 फसलें एमएसपी पर खरीदी जाती है। मालिकाना हक लाल डोरे में आने वालों को दिया जा रहा है। यहां एक भी सरपंच अनपढ़ नहीं है। हरियाणा पहला ऐसा प्रदेश है जहां 50 फीसदी महिलाओं को पंचायत में भागीदार बनाया है। साफ पानी की उपलब्धता की बात हो या फिर गैस सिलेंडर हर घर में उपलब्ध करवाकर धुआं रहित हरियाणा बनाने का श्रेय इसी प्रदेश को जाता है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की जीडीपी के साथ साथ जनता की सुख सुविधा, गरीबों को आगे लाने की योजना बनाने के साथ साथ इंफ्रास्ट्रक्चर को भी अग्रणी लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 10 साल में यूपीए के वक्त हरियाणा को केंद्र की ओर से विकास के लिए 41 हजार करोड़ दिया गया, जबकि केंद्र की बीजेपी सरकार ने 1 लाख 43 हजार करोड़ रुपए दिया। विकास के मामलों में हरियाणा ने अब इतिहास बनाया है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सदृढ़ और बेहतरीन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आने वाले 5 साल के अंदर देश का एक भी ऐसा जिला नहीं बचेगा जहां, मेडिकल कॉलेज नहीं होगा। भाजपा शासित राज्य के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनाए जाने को लेकर पहले से ही काम चल रहा है, इतना ही नहीं आने वाले दिनों में मेडिकल से सम्बंधित सीट की संख्या में भी इजाफा होगा।

## हरियाणा सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज कर रही स्थापितः सैनी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को मेडिकल हब बनाने का विजन रखा है। इसे साकार करने के लिए पर्याप्त डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ का उपलब्ध होना जरूरी है। इसलिए हरियाणा सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रही है। इस समय प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 15 हो गई है। इनमें से 9 मेडिकल कॉलेज हमारे कार्यकाल में खुले हैं तथा 9 निर्माणाधीन हैं। इनके अलावा, बाढ़सा, जिला झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान खोला गया है। माजरा, जिला रेवाड़ी में एम्स भी स्थापित किया जा रहा है। सैनी ने कहा कि अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए इस पावन धाम पर मानव सेवा के कई प्रकल्प चलाये जा रहे हैं। इनमें महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज पिछले 36 वर्षों से रोगियों की सेवा कर रहा है। इस समय यहां पर एम.बी.बी.एस. की 100 सीटें तथा पी. जी. की 85 सीटें हैं।

---

### पॉलिसीधारकों को हाईकोर्ट से राहत

# मुआवजे से नहीं काटी जा सकती 'मेडिक्लेम राशि'



एजेंसी ▶▶ मुंबई

किसी व्यक्ति को मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत चिकित्सा व्यय के लिए मिले मुआवजा राशि से नहीं काटा जा सकता। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। इस फैसले से बीमाधारकों को बड़ी राहत मिल सकती है।न्यायमूर्ति एएस चांदुरकर, न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की पूर्ण पीठ ने 28 मार्च को अपने फैसले में कहा कि मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत राशि दावेदार की ओर से बीमा कंपनी के साथ किए गए अनुबंध के आधार भुगतान होना चाहिए। पीठ ने कहा कि हमारे विचार में, मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत दावेदार की ओर से प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं होगी।

### परिपक्वता पर पूरी राशि दावेदार की

विभिन्न एकल व खंडपीठों की ओर से इस पर अलग-अलग विचार रखे जाने के बाद इस मुद्दे को पूर्ण पीठ को सौंप दिया गया था। पूर्ण पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को न केवल उचित मुआवजा देने का अधिकार है, बल्कि यह उसका कर्तव्य भी है। इसमें कहा गया है कि बीमा के कारण प्राप्त राशि, बीमाधारक द्वारा कंपनी के साथ किए गए संविदात्मक दायित्वों के कारण है। अदालत ने कहा कि प्रीमियम का भुगतान करने के बाद यह स्पष्ट है कि लाभार्थी राशि या तो पॉलिसी की परिपक्वता पर या मृत्यु पर, चाहे मृत्यु का तरीका कुछ भी हो, दावेदार के हिस्से में आएगी।

### वित्तीय निवेश का लाभ नहीं उठा सकता

अदालत ने कहा कि आरोपी मृतक की दूरदर्शिता और बुद्धिमानी से किए गए वित्तीय निवेश का लाभ नहीं उठा सकता। यह कानून की स्थापित स्थिति है। पूर्ण पीठ मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के उस निर्णय के विरुद्ध न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें चिकित्सा व्यय के अतिरिक्त मौद्रिक मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। बीमा कंपनी ने दावा किया कि मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत प्राप्त बीमा राशि के अंतर्गत चिकित्सा व्यय भी कवर किया गया था।

---

# कल राज्यसभा के बजाय बुधवार को लोकसभा में पहले आ सकता है वक्फ विधेयक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में उठते सवालों के बीच वक्फ संशोधन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश करने की संभावना है। सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पहले कल, मंगलवार को यह विधेयक राज्यसभा में पेश होने की चर्चा थी। लेकिन कुछ रणनीतिक परिवर्तन किए गए हैं। अब पहले लोकसभा में 2 तारीख को विधेयक को पेश किया जा सकता है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तमाम विरोधों के बावजूद साफ कर दिया है कि वक्फ विधेयक को इसी बजट सत्र में संसदीय पटल पर रखा जाएगा। सरकार के मूड को देखते हुए देश के कई शहरों में सोमवार को अलविदा की नमाज़ के दौरान लोगों ने काली पट्टी बांधकर इस बिल का विरोध किया। विपक्ष इसे असंवैधानिक बता रहा है। विपक्षी दल के एक प्रमुख रणनीतिकार ने बताया कि सोमवार को सदन में इस विषय को उठाया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि गृहमंत्री को विपक्षी दल इस सवाल के साथ भी घेरेंगे कि जब संसद का सत्र चल रहा है ऐसे में सदन के बाहर विधेयक के बारे में चर्चा क्यों किया? सूत्रों ने कहा कि ऐसी अब तक परंपरा रही है कि संसदीय विधानों की चर्चा संसद जब सत्र में हो तो सत्ताधीश केवल सदन में ही अपनी बात रख सकते हैं। भाजपा के साथी दलों में लगभग अब सब साथ हैं। जदयू और लोजपा रामविलास और तेदेपा भले ही कुछ छिटपुट विरोध कराएं। माना जा रहा ऐसे साथी दल विधेयक पर वोटिंग के दौरान सदन का वॉकआउट करें। इससे भी परोक्ष रूप से भाजपा को विधेयक पास कराने में मदद ही मिलेगी। साथ ही विरोध करने वाले साथी दलों को अपने क्षेत्र में मुखालफत करने का सियासी औजार मिल जाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव में वक्फ स पर किस दल के किसका साथ दिया ये सवाल माना जा रहा है बेहद महत्वपूर्ण रहेगा इसीलिए भाजपा के साथी दल जदयू और लोजपा रामविलास के नेता केंद्रीय मंत्री चिराग पासवाल 'सेफ-प्ले' करने की रणनीति अपना सकते हैं।

### मातारानी की भक्ति



**शिमला।** शिमला के कालीबाड़ी मंदिर में सोमवार को नवरात्रि उत्सव के दौरान पूजा-अर्चना करते लोग।

---

# राहुल गांधी की पाती अन्नपूर्णा देवी के नामः मंत्री जी आंगनबाड़ी कर्मचारियों का वाजिब हक दीजिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आंगनबाड़ी कर्मचारियों की मांगों को लेकर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को लिखे दो पेज के पत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, कर्मचारियों से मुलाकात का जिक्र करते हुल उनकी मांगों को वाजिब करार दिया। केंद्रीय मंत्री से उन्होंने आग्रह किया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं देश भर में बच्चों, गर्भवती महिलाओं ,किशोरियों के लिए पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएं प्रदान करती हैं। उनकी मेहनत के बावजूद उन्हें उचित वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक कामकाजी हालात नहीं मिलते।

उन्होंने इन कर्मचारियों को नियमित सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने और न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। इस पर केंद्र को सहानुभूति पूर्वक विचार कर उनका हक सम्मान के साथ देना सुनिश्चित करना चाहिए। राहुल ने लिखा कि ये महिलाएं ग्रामीण और शहरी गरीब इलाकों में कठिन परिस्थितियों में काम करती हैं, लेकिन उन्हें इसके बदले पर्याप्त आर्थिक सहायता नहीं मिलती। उन्होंने आंगनबाड़ी कर्मचारियों के लिए बेहतर मानदेय, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और अन्य लाभ देने की मांग की। केंद्र से इन कर्मचारियों की लंबित मांगों पर विचार करने के लिए एक समिति गठित करने की बात कही। राहुल ने यह भी जोड़ा कि ये कर्मचारी देश की नींव हैं और इन्हें नजरअंदाज करना सामाजिक न्याय के खिलाफ है। उन्होंने इसे महिलाओं के सशक्तिकरण और गरीबों के कल्याण से जोड़ा। राहुल ने यह पत्र ऐसे समय में लिखा है जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता देश भर में समय-समय पर हड़ताल और प्रदर्शन कर रही हैं। यह पत्र कांग्रेस की उस रणनीति का हिस्सा भी माना जा रहा है जिसमें वे ग्रामीण और गरीब तबके के मुद्दों को उठाकर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहते हैं। विदित हो कि अन्नपूर्णा पहले झारखंड राजद की नेता थीं।

---

### 1 से 13 अप्रैल तक भारत के पूर्वी तट पर दो चरणों में पूरा किया जाएगा युद्धाभ्यास

# भारत व अमेरिका की सेनाओं के बीच आज से होगी 'टाइगर ट्रायंफ' युद्धाभ्यास की शुरुआत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बढ़ती चीन की चुनौती के बीच भारत और अमेरिका की सशस्त्र सेनाओं के बीच मंगलवार से विशाखापट्टनम में द्विपक्षीय त्रि-सेवा मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) युद्धाभ्यास 'टाइगर ट्रायंफ-2025' की शुरुआत होगी। कुल 13 दिनों (1 से 13 अप्रैल तक) का यह युद्धाभ्यास चलेगा। जिसमें बंदरगाह और समुद्री जैसे दो चरण होंगे। नौसेना ने सोमवार को बताया कि इस वर्ष टाइगर ट्रायंफ का यह चौथा संस्करण होगा। जिसका उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के



बीच एचएडीआर अभियानों का संचालन करते वक्त आपसी समझ बढ़ाना, संयुक्त समन्वय केंद्र (ट्रिपल सी) की स्थापना के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करना होगा। इनकी मदद से भारत और अमेरिकी संयुक्त टास्क फोर्स (जेटीएफ) के बीच युद्धाभ्यास, संकट और आपात परिस्थितियों में तेजी से सुचारू ढंग से समन्वय हो सकेगा।

### जलस्वा, घड़ियाल, पी8आई होंगे शामिल

युद्धाभ्यास में भारतीय सशस्त्र सेनाओं से नौसेना का जलस्वा, घड़ियाल, मुंबई और शक्ति युद्धपोत हेलिकॉप्टरों और लैंडिंग क्राफ्ट्स के साथ शामिल होंगे। जबकि बल के लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमान पी8आई की भी टाइगर ट्रायंफ में हवाई गर्जना सुनने को मिलेगी। सेना की 91 इन्फेंट्री ब्रिगेड, 12 मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री बटालियन और वायुसेना का सी-130जे सुपर हरक्युलिस परिवहन विमान और मी-17 हेलिकॉप्टर रैपिड एक्शन मेडिकल टीम के साथ शामिल होंगे।

### विशाखापट्टनम में होगा बंदरगाह चरण

पहली अप्रैल को नौसेना के उभयचरी युद्ध कौशल में माहिर युद्धपोत जलस्वा पर युद्धाभ्यास का उद्घाटन समारोह होगा। 8 से 13 अप्रैल तक नौसेना की पूर्वी कमांड के समुद्री क्षेत्र काकीनाडा में समुद्री चरण होगा, फिर यहांसभी समुद्री, उभयचरी और एचएडीआर अभियानों का अभ्यास करेंगे।

### अमेरिका जहाज पर होगा समापन समारोह

भारत और अमेरिका की सेनाएं एक संयुक्त कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करेंगी। टाइगर ट्रायंफ का समापन समारोह विशाखापट्टनम में अमेरिकी जहाज कॉमस्टॉक पर आयोजित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### एनएचपीसी पार्बती की तीन इकाइयां शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश में पार्बती-दो जलविद्युत परियोजना की तीन इकाइयों के एक अप्रैल से वाणिज्यिक रूप से चालू होने की घोषणा की। इन इकाइयों की कुल क्षमता 600 मेगावाट है। पार्बती-दो जलविद्युत परियोजना में 200-200 मेगावाट की चार इकाइयां हैं।

### बॉश को आयकर विभाग से 20 करोड़ रुपए की मांग



**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी एवं सेवा प्रदाता कंपनी बॉश लिमिटेड को आकलन वर्ष 2022-2023 के लिए आयकर विभाग से ब्याज सहित 20 करोड़ रुपये से अधिक का मांग नोटिस मिला है। बॉश लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए 28 मार्च 2025 को कर निर्धारण नोटिस मिला।

### तेजस नेटवर्क्स को पीएलआई के तहत 189 करोड़ मिलेंगे



**नई दिल्ली।** तेजस नेटवर्क्स को दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत सरकार से 189.17 करोड़ रुपये की राशि मिली है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि यह राशि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली दो तिमाहियों के लिए प्रोत्साहन की पहली किस्त (85 प्रतिशत) है। कंपनी ने कहा कि शेष राशि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार बाद में जारी किये जाने की उम्मीद है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# चीनी कंपनी बीवाईडी भारत में लगाने जा रही संयंत्र, टेस्ला को देगी कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बढ़ते टैरिफ से निपटने उठाया कदम

इलेक्ट्रिकल व्हीकल बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बीवाईडी भारत में अपना पहला मैन्युफैक्चिरंग प्लांट बनाने जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इसके लिए लोकेशन हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में चुना गया है।

कंपनी ने यह फैसला अमेरिका और यूरोपीय यूनियन में बढ़ते टैरिफ से निपटने के लिए उठाया है, जो चीनी सामानों के आयात पर भारी शुल्क लगाने की बात कही है।

भारतीय नियमों के अनुपालन के लिए बीवाईडी के हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल)के साथ पार्टनरशिप करने की उम्मीद है। इसमें एमईआईएल की हिस्सेदारी ज्यादा होगी।

**भारत में पहला विनिर्माण प्लांट हैदराबाद के रंगारेड्डी में लगा रही**

### अमेरिका ने टैरिफ 100 प्रतिशत किया

एक तरफ यूरोपीय यूनियन ने चीनी इलेक्ट्रिक व्हीकल के आयात पर 35.3 फीसदी तक का टैरिफ लगाया है। जबकि बीवाईडी को यूरोप में 27 प्रतिशत की दर से टैरिफ का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, अमेरिका ने भी चीनी इलेक्ट्रिक व्हीकल के आयात पर टैरिफ को चार गुना बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया है। भारत की ईवी पॉलिसी और देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बढ़ती डिमांड चीन के पक्ष में है।



### बीवाईडी की ये है खासियत

बीवाईडी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका सुपर ई-प्लेटफॉर्म 1000 किलोवाट तक का चार्जिंग स्पीड देता है, जो टेस्ला के 500 किलोवाट के चार्जिंग स्पीड से दोगुना है। इसी के साथ इसमें ब्लेड बैटरी का इस्तेमाल किया गया है, जो 10सी चार्जिंग मल्टीप्लायर को सपोर्ट करती है। इससे महज 6 मिनट में ही बैटरी पूरी तरह से चार्ज हो जाती है। इसके कई मॉडल तो उबड़-खाबड़ रास्तों के साथ-साथ पानी में भी तैर सकती है। इसके और भी कई इलेक्ट्रॉनिक फीचर्स हैं, जो इसे नंबर वन बनाती है।

### भारत में टेस्ला से हो सकता है कड़ा मुकाबला

बैटरी मैन्युफक्चरर के रूप में 1995 में बनी बीवाईडी (बिल्ड योर ड्रीम्स) ने 2003 में ऑटोऑटोमोटिव सेक्टर में एंट्री ली। 2024 में दुनियाभर में इसकी कारें टेस्ला से भी ज्यादा बिकीं। चीन में टेस्ला की बाजार हिस्सेदारी 2022 में 16 प्रतिशत से गिरकर 2025 में 4.3 प्रतिशत हो गई है क्योंकि मार्केट में बीवाईडी की पकड़ मजबूत होती जा रही है। अब सवाल यह आता है कि क्या भारत में भी बीवाईडी टेस्ला से आगे निकल जाएगी? इसका जवाब आने वाले सालों में मिल जाएगा।

## नियामक उपभोक्ताओं तक पाइपलाइन से गैस पहुंचाएगी

# पाइपलाइन शुल्क में बदलाव का प्रस्ताव, सीएनजी व पाइप्ड गैस पर सबसे कम दर वसूली जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेल एवं गैस नियामक पीएनजीआरबी ने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाने वाली पाइपलाइन के लिए शुल्क निर्धारण की नयी नीति प्रस्तावित की है। पीएनजीआरबी ने मकानों में सीएनजी तथा पाइप के जरिये पहुंचाई जाने वाली रसोई गैस बेचने वाली शहरी गैस इकाइयों से न्यूनतम दर पर शुल्क वसूलने का प्रस्ताव भी रखा है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने बंदरगाहों से आयातित गैस और प्राकृतिक गैस को इसके उत्पादन वाले क्षेत्रों से ले जाने वाली पाइपलाइन पर लगाए गए क्षेत्रीय शुल्कों में बदलाव के लिए सार्वजनिक परामर्श दस्तावेज जारी किया है।

### पाइपलाइन से गैस बिजली, उर्वरक संयंत्रों तक पहुंचती है

यह शुल्क उन पाइपलाइन पर लगाया जाता है जो बंदरगाहों से आयातित गैस और प्राकृतिक गैस को इसके उत्पादन वाले क्षेत्रों से बिजली संयंत्र या उर्वरक इकाइयों जैसे उपयोगकर्ताओं या यूरिया बनाने वाली उर्वरक इकाइयों या शहरी गैस इकाइयों तक पहुंचाती हैं।



- शुल्क निर्धारण की नई नीति प्रस्तावित है
- मकानों में सीएनजी तथा पाइप के जरिए पहुंचाई जाएगी
- न्यूनतम दर पर शुल्क वसूलने का प्रस्ताव भी रखा है

**एकीकृत शुल्क घटाकर दो फीसदी**

*एकीकृत शुल्क क्षेत्रों को तीन से घटाकर दो करना, सभी सीएनजी तथा पीएनजी-घरेलू ग्राहकों के लिए एक एकीकृत शुल्क लगाना आदि जैसे शुल्क विनियमन के विभिन्न पहलुओं पर हितधारकों की टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक परामर्श दस्तावेज (पीसीडी) जारी किया गया है।*

### गैस वितरित करने संस्थाएं की गई अधिकृत

पीएनजीआरबी ने पाइपलाइन बिछाने, पाइप से प्राकृतिक गैस वितरित करने और सीएनजी स्टेशन स्थापित करने के लिए संस्थाओं को अधिकृत किया है। पीएनजीआरबी ने देश में गैस पाइपलाइन के विस्तार के उद्देश्य से द्वीपों को छोड़कर समूचे भारत को अधिकृत किया है।

### 2030 तक देश में 17,500 सीएनजी स्टेशन होंगे

न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (जिसके लिए इन संस्थाओं को अधिकृत किया गया है) के अनुसार, देश में 2030 तक 12 करोड़ पीएनजी (घरेलू) 'कनेक्शन' और 17,500 सीएनजी स्टेशन होंगे। दिसंबर 2024 तक भारत में 7,395 सीएनजी स्टेशन और 1.4 करोड़ पीएनजी घरेलू 'कनेक्शन' थे।

**वार्षिक वृद्धि दर 10 फीसदी होगी :** गैस की खपत में भविष्य की वृद्धि मुख्य रूप से शहरी गैस वितरण क्षेत्र में होने की उम्मीद है, जिसकी 2030 और 2040 तक चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 10 प्रतिशत होगी।

**गैस की खपत बढ़ाने होंगे उपाय :** नियामक ने कहा, '' निवेश लाने और देश में विशेष रूप से सीएनजी और घरेलू 'पाइप्ड' प्राकृतिक गैस में गैस की खपत बढ़ाने के लिए एक और दूरगामी सुधार के तहत ीएनजीआरबी घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन में इस्तेमाल होने वाली पाइप्ड प्राकृतिक गैस की कीमत कम करने का प्रस्ताव लाया है।''

### घरेलू कनेक्शन बढ़ाने में मिलेगी मदद



नियामक ने कहा कि इन संशोधनों से दूर-दराज के क्षेत्रों में सीएनजी तथा पीएनजी-घरेलू 'कनेक्शन' बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। साथ ही शहरी गैस क्षेत्र, पारेषण संचालक, दूर-दराज के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं जैसे प्रमुख हितधारकों को लाभ होगा तथा गैस बुनियादी ढांचे में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

# फ्रांस के नियामक ने एप्पल पर लगाया 15 करोड़ यूरों का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ पेरिस



■ अप्रैल 2021 से जुलाई 2023 के बीच एप्पल ने अपने दबदबे का दुरुपयोग किया

फ्रांस के प्रतिस्पर्धा नियामक ने अप्रैल, 2021 से जुलाई, 2023 के बीच आईओएस तथा आईपैड उपकरणों के लिए मोबाइल एप्लिकेशन के वितरण में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए एप्पल पर 15 करोड़ यूरो (16.2 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया है। फ्रांस के प्रतिस्पर्धा प्राधिकरण ने सोमवार को कहा कि उसने पाया कि एप्पल के ऐप ट्रैकिंग ट्रांसपेरेंसी (एटीटी) ढांचे का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को तीसरे पक्ष के एप्लिकेशन द्वारा डेटा संग्रह के लिए सहमति देने की अनिवार्यता है, जो अपने आप में आलोचना के लिए खुला नहीं है। प्राधिकरण ने अपने फैसले में कहा, '' इसे जिस तरह से लागू किया गया वह न तो जरूरी था और न ही व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के एप्पल के घोषित उद्देश्य के अनुरूप था। इस ढांचे के तहत आईफोन या आईपैड उपयोगकर्ताओं को एप्पल द्वारा संचालित प्रणालियों में तीसरे पक्ष के ऐप द्वारा डेटा संग्रह के लिए सहमति देने की आवश्यकता होती है, ताकि गोपनीयता की बेहतर सुरक्षा हो सके और एक 'विंडो' को आंशिक रूप से मानकीकृत प्रारूप में प्रदर्शित करता है।

### तीसरे पक्ष के डेटा संग्रह पर निर्भर

इसने प्रणाली की निरपेक्षता पर भी सवाल उठाया और कहा कि इसने सबसे छोटे प्रकाशकों को दंडित किया है, जो अपनी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए काफी हद तक तीसरे पक्ष के डेटा के संग्रह पर निर्भर हैं।

## खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से छोटी कंपनियों का सूचकांक 8 फीसदी चढ़ाए

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में छोटी कंपनियों ने इस महीने मजबूत उछाल के बीच वित्त वर्ष 2024-25 को सकारात्मक रुख पर समाप्त किया। यह शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर आशावादी रुख, खुदरा निवेशकों की प्रभावशाली भागीदारी और बेहतर मूल्यांकन से प्रेरित रहा। वित्त वर्ष 2024-25 में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 3,471.79 अंक या आठ प्रतिशत उछला, जबकि मिडकैप 2,209 अंक या 5.61 प्रतिशत चढ़ा। बीएसई सेंसेक्स समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में 3,763.57 अंक या 5.10 प्रतिशत चढ़ा। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, '' सूचकांकों ने अक्टूबर-फरवरी से रिकॉर्ड लगातार पांच महीने गिरावट के बाद मार्च में मजबूत उछाल के साथ वित्त वर्ष 2024-25 को सकारात्मक रुख पर समाप्त किया। छोटी कंपनियों ने बड़ी कंपनियों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया। हाईब्रो सिक्योरिटीज के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक तरुण सिंह ने कहा, '' भारतीय शेयर बाजारों ने वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत प्रदर्शन किया, जिससे वैश्विक चुनौतियों के बावजूद संतुलन बना रहा। मजबूत चुनावी जनादेश ने बाजार के भरोसे को बढ़ाया है, जिससे नीतियों की निरंतरता सुनिश्चित हुई है।''

## प्राइमार्क के सीईओ ने आरोपों की जांच के बाद पद छोड़ा



**लंदन।** यूरोप के प्रमुख फैशन खुदरा विक्रेता प्राइमार्क के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पॉल मर्चेंट ने सामाजिक परिवेश में एक महिला के प्रति अपने व्यवहार की जांच के बाद इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2009 से प्राइमार्क के सीईओ का पद संभाल रहे मर्चेंट ने संबंधित महिला के साथ अपने व्यवहार के लिए माफी मांगने के साथ अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। प्राइमार्क ने बयान में कहा कि मर्चेंट ने अपने निर्णय में त्रुटि को स्वीकार किया और उनके कार्य कंपनी के अपेक्षित मानकों से कमतर थे। इस खुदरा विक्रेता की मूल कंपनी एसोसिएटेड ब्रिटिश फूड्स (एबीएफ) ने कहा कि उसके वित्त निदेशक इयोन टोंग को प्राइमार्क का अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया है।

# डालमिया ने 4.95 करोड़ टन की सालाना उत्पादन क्षमता की हासिल

■ देश की चौथी सबसे बड़ी सीमेंट उत्पादक कंपनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की चौथी सबसे बड़ी सीमेंट उत्पादक कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) ने वित्त वर्ष 2025 में 4.95 करोड़ टन सालाना (एमटीपीए) की उत्पादन क्षमता हासिल करने की सोमवार को घोषणा की।

कंपनी के बयान के अनुसार, डालमिया परिवार द्वारा प्रवर्तित कंपनी ने बिहार में अपने रोहतास सीमेंट वर्क्स (आरसीडब्ल्यू) संयंत्र में अतिरिक्त पांच लाख टन का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के बाद यह लक्ष्य हासिल किया। डालमिया की भारत के पूर्वी क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति है। इसकी विनिर्माण इकाइयां बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में हैं। कंपनी ने 2031 तक अपनी क्षमता को बढ़ाकर सालाना 11 से 13 करोड़ टन करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पुनीत डालमिया ने कहा, पूर्वी क्षेत्र में हमारी वृद्धि क्षेत्र की विकास क्षमता में हमारे दृढ़ विश्वास को दर्शाती है।

***भारत की कुल सीमेंट क्षमता 69 करोड़ टन*** *: इस विस्तार के साथ हम प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का समर्थन करने और क्षेत्र में आर्थिक प्रगति में योगदान करने की अपनी क्षमता बढ़ा रहे हैं। सीमेंट निर्माता संघ (सीएमए) के आंकड़ों के अनुसार, भारत की कुल स्थापित सीमेंट क्षमता 69 करोड़ टन प्रति वर्ष है।*

## आईएचसी, अल्फावेब ग्लोबल को हल्दीराम बेच रही है हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** मिठाई और अन्य खाने का सामान बेचने वाले देश के प्रमुख खाद्य ब्रांड हल्दीराम स्नैक्स फूड ने सोमवार को दो नये निवेशकों... आईएचसी (इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी) और अल्फा वेव ग्लोबल को अपनी हिस्सेदारी बेचने की पुष्टि की। हालांकि, बयान में सौदे के ब्योरे का खुलासा नहीं किया गया। यह घोषणा सिंगापुर स्थित वैश्विक निवेश कंपनी टेमासेक द्वारा अल्पांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण की हल्दीराम की पुष्टि के एक दिन बाद की गई है। इस सौदे के विवरण का भी खुलासा नहीं किया गया है। हल्दीराम ने बयान में कहा, ''कंपनी को टेमासेक की हाल की भागीदारी के बाद अपने चल रहे इक्विटी दौर में दो नये निवेशकों, आईएचसी (इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी) और अल्फा वेव ग्लोबल को जोड़ने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह रणनीतिक कदम हल्दीराम की वित्तीय स्थिति को और मजबूत करता है क्योंकि यह उसकी वैश्विक खासकर अमेरिका और पश्चित एशिया में विस्तार योजनाओं को गति देता है।, ''यह निवेश अल्फा वेव ग्लोबल और आईएचसी की मजबूत उपभोक्ता ब्रांड वाली प्रमुख

# कर्ज में डूबी वोडाफोन-आइडिया पर बरसी कृपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्ज में डूबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया ( वीआई) को एक बार फिर से जीवनदान मिला है। सरकार ने वीआई से 36,950 करोड़ रुपए के कर्ज के बदले इक्विटी खरीदी है। सरकार की अब इस कंपनी में हिस्सेदारी 22.6 फीसदी से बढ़कर 48.99 फीसदी हो गई है।

दरअसल कंपनी पर स्पेक्ट्रम नीलामी का भारी भरकम बकाया था।

अब सरकार ने कंपनी को बड़ी राहत देते हुए इस बकाए के बदले 36,950 करोड़ रुपए की



इक्विटी की बात कही है। वोडाफोन-आइडिया (वीआई) के शेयर में निवेश करने वाले शेयरधारकों की नजर इस खबर पर है। सरकार की हिस्सेदारी बढ़ने से इस शेयर को लेकर पॉजिटिव सेंटीमेंट बन सकते हैं। जो शेयर वर्तमान में 6 से 7 रुपए के बीच डोल रहा है, आने वाले दिनों में उसमें तेजी आ सकती है।

### कंपनी को विस्तार में मिलेगी मदद

कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी बढ़ने से निवेशकों का वीआई पर भरोसा बढ़ेगा। सरकार की मदद से कंपनी को एक्सपेंशन में मदद मिलेगी, जो शेयरों को मजबूती दे सकते हैं। यानी कुल मिलाकर आने वाले दिनों में वोडाफोन आइडिया के शेयर निवेशकों को चेहरे पर खुशियां ला रही है।

### शेयरधारकों पर क्या पड़ेगा असर

*वोडाफोन आइडिया के शेयरों में पिछले कई समय से गिरावट देखने को मिल रही है। पिछले एक साल में इस शेयर ने 51.43 फीसदी का निगेटिव रिटर्न दिया है। पिछले 6 महीने में 34.36 फीसदी का नुकसान हुआ है। अब इस डील से निवेशकों को राहत की उम्मीद है। सरकार और वोडाफोन आइडिया के बीच हुई इस डील से कंपनी को वित्तीय मदद मिलेगी। इस कंपनी के शेयरों में निवेश करने वाले शेयरधारकों के लिए भी अच्छी खबर है, क्योंकि सरकार की हिस्सेदारी बढ़ने से सकारात्मक सेटीमेंट बना है।*

## राशिफल


**मेष** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।


**मिथुन** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।


**कर्क** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**सिंह** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।


**कन्या** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।


**तुला** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।


**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।


**कुंभ** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।


**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5822



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5821 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | ब्बा | ई | ■ | श | र |
| रा | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | रा | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल - 5832

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल 5831 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |



# अश्वनी-रिकेलटन ने मुंबई को केकेआर पर दिलाई शानदार जीत




भाषा ▶▶ मुंबई

अपने पदार्पण मैच में चार विकेट लेने वाले बायें हाथ के तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार और 41 गेंद में नाबाद 62 रन बनाने वाले रियान रिकेलटन की पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स को सोमवार को आईपीएल के मैच में आठ विकेट से हराया। पंजाब के 23 वर्ष के अश्वनी ने आईपीएल में पहला मैच खेलते हुए 24 रन देकर चार विकेट लिये।

मुंबई ने इस सत्र में पहली बार वानखेड़े स्टेडियम पर खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 16.2 ओवर में 116 रन पर आउट कर दिया जो इस सत्र में उसका न्यूनतम स्कोर है। अश्वनी आईपीएल में पहले ही मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय

**8 विकेट से जीती मुंबई**

बन गए। जवाब में इस सत्र में मुंबई से जुड़े दक्षिण अफ्रीका के रिकेलटन ने 41 गेंद में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 62 रन बनाकर मेजबान टीम को 12.5 ओवर में ही दो विकेट खोकर 121 रन तक पहुंचा दिया। यह इस सत्र में मुंबई की पहली जीत है जिसे पहले दो मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा। सूर्यकुमार यादव नौ गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 27 रन बनाकर नाबाद रहे। रोहित शर्मा 13 और विल जैक्स 16 रन बनाकर आंद्रे रसेल का शिकार हुए। इस जीत के साथ पांच बार की चैम्पियन मुंबई टीम सबसे निचले स्थान से तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और उसका नेट रनरेट भी 0.309 हो गया।

## लखनऊ को पहली जीत की तलाश, आज पंजाब देगा चुनौती

**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को यहां जब फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स की मेजबानी करेगी। नए कप्तान ऋषभ पंत की नजरें अच्छा प्रदर्शन करने और टीम को घरेलू मैदान पर सत्र की पहली जीत दिलाने पर टिकी होंगी। पिछले साल नीलामी में आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने पंत शुरुआती दो मैच में बल्लेबाज के तौर पर नाकाम रहने के बाद 27 करोड़ रुपए की अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पंत शुरुआती दो मैच में शून्य और 15 रन की पारियां ही खेल पाए हैं। यह आक्रामक भारतीय खिलाड़ी रन बनाकर अपने अपने आलोचकों को चुप कराने के लिए बेताब होगा।



**खास खबर**

## रॉयल्स कप्तान पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स के कार्यवाहक कप्तान रियान पराग पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स पर अपनी टीम की छह रन की जीत के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाने के बाद सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। आईपीएल ने कहा, 'यह न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के नियम 2.22 के तहत उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'



टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली रॉयल्स की टीम अब पांच अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

## स्ट्राइक रेट बेहतर करना चाहता हूं



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान और पंजाब किंग्स के हरफनमौला अजमतुल्लाह उमरजई वनडे प्रारूप में मिली सफलता को टी20 में दोहराना चाहते हैं और उसके लिये वह अपनी रफ्तार के साथ बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट पर भी मेहनत कर रहे हैं। पिछले 12 महीने उमरजई के लिये बेहतरीन रहे जिसमें उन्हें आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर का पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार पाने वाले वह अफगानिस्तान के पहले खिलाड़ी हैं। वह आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष हरफनमौला भी हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 गेंद में 41 रन बनाए और पांच विकेट लिए जिसके दम पर उनकी टीम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

## धोनी के घुटने में चोट, 10 ओवर बल्लेबाजी मुश्किल : फ्लेमिंग



**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने खुलासा किया कि महेंद्र सिंह धोनी पूरी ताकत से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते क्योंकि उनके घुटने में समस्या है और यह पूर्व कप्तान मैच की स्थिति के आधार पर अपना बल्लेबाजी क्रम तय करता है। पिछले सप्ताह चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सुपरकिंग्स की 50 रन की हार के दौरान नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए 43 वर्षीय धोनी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। रविवार को धोनी ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की जब सुपरकिंग्स को 25 गेंद पर 54 रन की जरूरत थी लेकिन वह 11 गेंद पर सिर्फ 16 रन ही बना सके और टीम को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह रन से हार का सामना करना पड़ा। फ्लेमिंग ने कहा, 'यह समय की बात है। धोनी इसका आकलन करते हैं। उनका शरीर, उनके घुटने पहले जैसे नहीं हैं। वह ठीक से मूव कर रहे हैं लेकिन इसमें पोषण संबंधी पहलू भी है। वह पूरी ताकत के साथ 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते।

**आईपीएल पाइंट टेबल**

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 3 | 1 | 2 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

**पर्पल कैप**



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

**खबर संक्षेप**

### सिल्वा लगातार चौथी बार बने एसएलसी अध्यक्ष

**कोलंबो।** शम्मी सिल्वा को सोमवार को यहां 64वीं वार्षिक आम सभा में श्रीलंका क्रिकेट का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एसएलसी ने कहा कि उन्हें 2025-27 के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया। यह अध्यक्ष के रूप में उनका लगातार चौथा कार्यकाल है और तीसरी बार उन्हें निर्विरोध चुना गया है।सिल्वा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के वर्तमान प्रमुख भारत के जय शाह के सहयोगी के रूप में देखा जाता है। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में शाह की जगह ली थी। सिल्वा का कार्यकाल 2023 में तत्कालीन खेल मंत्री रोशन राणासिंघे के साथ उनके टकराव से प्रभावित रहा था।



### वनडे नहीं टी20 श्रृंखला खेलेंगे पाक-बांग्लादेश

**कराची।** पाकिस्तान और बांग्लादेश ने एशिया कप और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला की जगह मई में पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने पर सहमति जताई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि दोनों बोर्ड को लगा कि दो बड़ी टी20 प्रतियोगिताओं को देखते हुए लंबी टी20 श्रृंखला खेलना अधिक समझदारी भरा है और इससे दोनों टीम को अपने युवा खिलाड़ियों को अनुभव देने का मौका मिलेगा।

### बैसाखी के सहारे चल रहे द्रविड़ से ऐसे मिले धोनी

**गुवाहाटी।** आईपीएल 2025 के 11वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह रन से हरा दिया। इस जीत के बाद आरआर के कोच राहुल द्रविड़ बेहद खुश दिखे। यह राजस्थान की इस सीजन की पहली जीत थी। मैच के बाद द्रविड़ बैसाखी के सहारे चलते हुए मैदान पर आए। वहीं, महेंद्र सिंह धोनी टीम इंडिया के अपने पूर्व साथी को इस हालत में देखकर खुद को रोक नहीं सके। वह द्रविड़ के पास पहुंचे और उनसे हाथ मिलाया। फिर उन्होंने पैर की ओर इशारा उनसे इसके पीछे की वजह भी पूछी। दोनों ने काफी देर तक बात भी की। आखिर में द्रविड़ ने धोनी की पीठ थपथपाई और धोनी वहां से चले गए।

### स्पेनिश फुटबॉल लीग में गिरोना को 4-1 से दी करारी मात

# लेवानडोवस्की के दो गोल से जीता बार्सीलोना, मैड्रिड पर बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

बार्सीलोना ने रविवार रात को यहां गिरोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग के शीर्ष पर रियाल मैड्रिड पर एक बार फिर तीन अंक की बढ़त बना ली। रोबर्ट लेवानडोवस्की ने दूसरे हाफ में दो गोल करके बार्सीलोना की जीत में अहम भूमिका निभाई। लेवानडोवस्की ने अपने पिछले नौ लीग मैच में नौ गोल किए हैं और प्रतियोगिता में उनके कुल 25 गोल हैं जो मैड्रिड के काइलियान एमबापे से तीन अधिक हैं।

बार्सीलोना ने पहले हाफ में गिरोना के डिफेंडर लादिस्लाव क्रेज्सी के आत्मघाती गोल से बढ़त बनाई थी। टीम की ओर से चौथा गोल फेरान टोरेस ने किया। गिरोना की ओर से एकमात्र गोल दूसरे हाफ में आर्नोट डेनजुमा ने किया। शनिवार को मैड्रिड ने लेगानेस को 3-2 से हराकर बार्सीलोना के समान अंक कर लिए थे।



**बार्सीलोना 66 अंक से शीर्ष पर**

बार्सीलोना अब 29 मैच में 66 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि रीयाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। अन्य मुकाबलों में रीयाल बेटिस ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेविला को 2-1 से हराया जबकि विला रीयाल ने गेटाफे को इसी अंतर से शिकस्त दी। एथलेटिक बिलबाओ ने ओसासुना से गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि वेलेंसिया ने मालोर्का को 1-0 से हराया।




## मैनचेस्टर सिटी ने जीत से सेमीफाइनल में बनाई जगह

**बोर्नमाउथ।** मैनचेस्टर सिटी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बोर्नमाउथ को 2-1 से हराकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जिससे टीम के पास अब भी अपने निराशाजनक सत्र का अंत खिताब के साथ करने का मौका है। इस मैच के दौरान हालांकि सिटी को वापसी दिलाने वाले एर्लिंग हैलेंड चोटिल हो गए। पहले हाफ में हॉलेंड की पेनल्टी को रोक दिया गया था लेकिन 49वें मिनट में उन्होंने सिटी को बराबरी दिला दी। हालांकि इसके 12 मिनट बाद उन्हें बाएं टखने में चोट के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। हॉलेंड की जगह मैदान पर उतरे ओमार मारमोश ने दो मिनट के भीतर गोल दागकर सिटी को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाले लगातार सातवें सत्र में सेमीफाइनल में जगह दिलाई। बोर्नमाउथ की ओर से मैच का एकमात्र गोल 21वें मिनट में इवानिल्सन ने दागा।

**नेशंस लीग फुटबॉल**

## जोकोविच के 100वें खिताब का सपना टूटा, याकुब बने चैंपियन



एजेंसी ▶▶ मियामी गार्डन्स

चेक गणराज्य के किशोर खिलाड़ी याकुब मेनसिक ने सोमवार को यहां नोवाक जोकोविच को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल का खिताब जीता जो उनका पहला एटीपी खिताब है।

मैच साढ़े पांच घंटे से अधिक के विलंब से शुरू हुआ जबकि बारिश के बाद काफी अधिक उमस के कारण कोर्ट पर फिसलन भी थी। इसके अलावा जोकोविच की आंख में भी संक्रमण था। मेनसिक ने जोकोविच के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की और सर्बिया के 37 वर्षीय खिलाड़ी के 100वें एटीपी खिताब के इंतजार को बढ़ा दिया।

दुनिया के 54वें नंबर के खिलाड़ी मेनसिक ने 14 ऐस लगाए और सिर्फ एक बार अपनी सर्विस गंवाई। चेक गणराज्य के खिलाड़ी ने मैच प्वाइंट पर सर्विस विनर के साथ खिताब अपने नाम किया।

## राणा की पारी शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने नितीश राणा की प्रशंसा करते हुए उनकी 36 गेंद में 81 रन की पारी को 'शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी' कहा और चेन्नई सुपरकिंग्स पर छह रन की जीत का श्रेय राजस्थान रॉयल्स के क्षेत्ररक्षण को भी दिया। नितीश ने आक्रामक पारी खेली जिससे रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाए और फिर सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोककर सत्र की पहली जीत दर्ज की। वानिंदु हसरंगा के चार विकेट और कार्यवाहक कप्तान रियान पराग का शिवम दुबे का एक हाथ से शानदार कैच लपकने सहित टीम के बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने जीत में अहम भूमिका निभाई।



## बिहार के राजगीर में होगा पुरुष हॉकी एशिया कप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पुरुषों के एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन राजगीर में 29 अगस्त से सात सितंबर के बीच किया जाएगा जो बेल्जियम और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जाने वाले 2026 एफआईएच विश्व कप का क्वालीफायर भी होगा।

बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर को महिलाओं की एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के सफल आयोजन के बाद मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। टूर्नामेंट का विजेता सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा जिससे प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है। महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें सत्र में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीम हिस्सा लेंगी। शेष दो टीम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता एएचएफ कप के जरिए अपना स्थान सुरक्षित करेंगी।



राजगीर को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के आयोजन स्थल के रूप में अंतिम रूप देने के लिए हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच सोमवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

### रोहित को प्लेइंग-11 में नहीं मिली जगह

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस की प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली है। रोहित का नाम इम्पैक्ट प्लेयर की लिस्ट में शामिल है और इस बात की प्रबल संभावना है कि वह इसी भूमिका में उतरेंगे। मुंबई ने केकेआर के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम पर खेले जा रहे मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस से पहले रोहित टीम हडल में बात करते नजर आए थे। इससे पहले सीएसके के खिलाफ भी रोहित का इस्तेमाल इम्पैक्ट सब के तौर पर किया गया था। हालांकि, उस मैच में रोहित प्लेइंग-11 का हिस्सा थे, लेकिन फील्डिंग के दौरान रोहित की जगह विग्नेश पुथुर को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर लाया गया था।



## नरेंद्र को विश्व मुक्केबाजी कप में भारत की कमान

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल सोमवार से ब्राजील के फोज डू इगुआकु में शुरू होने वाले पहले विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय भारतीय पुरुष मुक्केबाजी टीम की अगुआई करेंगे जिसे मिश्रित ड्रॉ मिला है। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में मुक्केबाजी को शामिल किए जाने और फरवरी में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से अस्थाई मान्यता प्राप्त करने के बाद यह टूर्नामेंट विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली प्रतियोगिता है।




**भारतीय टीम :** जादुमणि सिंह मंडेंगबम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), अभिनाश जामवाल (65 किग्रा), हितेश (70 किग्रा), निखिल दुबे (75 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), जुगनू (85 किग्रा), विशाल (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक)।

**16 साल की उम्र में अंडर-19 विश्व कप टीम के थे सदस्य**

# अनदेखी के बाद जीशान ने आईपीएल में छोड़ी छाप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीशान अंसारी 2016 में 16 साल की उम्र में भारतीय अंडर-19 विश्व कप टीम के सबसे कम उम्र के सदस्य थे जिस टीम के कई सदस्यों ने बाद में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। ऋषभ पंत, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, सरफराज खान, आवेश खान और खलील अहमद जहां अगले स्तर पर पहुंचने के लिए प्रयास कर रहे थे तो वहीं जीशान गुमनामी में खो गए। तब से उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए सिर्फ पांच रणजी ट्रॉफी मैच और एक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबला खेला है। लखनऊ के हजरतगंज का यह लेग स्पिनर उस टीम में आकर्षण का केंद्र नहीं था जिसके छह



खिलाड़ियों ने बाद में विभिन्न प्रारूप में भारत की सीनियर टीम की ओर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला। वर्षों की गुमनामी के बाद रविवार की दोपहर अब 25 वर्षीय और बेहतर कद-काठी वाले अंसारी ने आईपीएल में पदार्पण करते हुए फाफ डु प्लेसिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क और लोकेश राहुल जैसे उम्दा बल्लेबाजों को आउट किया लेकिन उनकी टीम सनराइजर्स को हार का सामना करना पड़ा। जीशान गेंद को फ्लाइट करने से नहीं डरते और इससे पूर्व अंडर-19 भारतीय चयनकर्ता और उत्तर प्रदेश के दिग्गज ज्ञानेंद्र पांडे उस समय प्रभावित हुए थे। उन्हें जूनियर राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया था।

### यूपी राज्य ने नहीं दिया मौका

भारत के लिए 1999 में दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले पांडे ने कहा, 'उसे ईद से पहले ईदी मिल गई। वह काफी कड़ी मेहनत करने वाला गेंदबाज है। मैं इस बात में नहीं पड़ना चाहता कि उन्होंने इतने वर्षों में घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए अधिक मैच क्यों नहीं खेले लेकिन वह मेरठ मैवरिक्स के लिए यूपी टी20 लीग में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे और इसी कारण सनराइजर्स हैदराबाद के स्काउट्स ने उन्हें चुना।' हजरतगंज में एक दर्जी के बेटे जीशान ने पांच रणजी मैच में 17 विकेट लिए जो कि शानदार प्रदर्शन तो नहीं हैं लेकिन फिर भी 2020 से किसी भी प्रारूप में मौका नहीं मिलने से सवाल उठ सकते हैं।

## अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान को लगाई फटकार

# कहा- भारत के साथ संबंध सुधारो, कश्मीर में चल रहे आतंकवाद को तत्काल बंद करो, इजराइल को दो मान्यता, हमारी सभी 5 शर्तें मानो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने एक बार फिर पाकिस्तान के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। हाल ही में पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर, शहबाज शरीफ, मरियम नवाज, आईएसआई चीफ और विदेश सचिव अचानक सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे थे। अमेरिका और सऊदी अरब के अधिकारियों ने पाक नेतृत्व से मुलाकात कर उनके सामने पांच महत्वपूर्ण शर्तें रखी हैं, जिनमें भारत, चीन, इजराइल, ईरान और आतंकवाद से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। अमेरिका की ओर से कहा गया है कि अगर पाकिस्तान इन मांगों को नहीं मानता है तो जनरल असीम मुनीर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा।

**पाक आतंकवाद विरोधी अभियानों में मदद करे**

**गाजा में युद्ध बंद करने में अपनी भूमिका निभाए**





### भारत का आधिपत्य स्वीकार करो

*अमेरिका और सऊदी अरब ने भारत को लेकर भी पाकिस्तान को फटकार लगाई है। पाकिस्तान से कहा गया है कि वह कश्मीर में चल रहे आतंकवाद को तत्काल बंद करे। भारत के साथ रिश्ते सामान्य करे। इतना ही नहीं अमेरिका ने पाकिस्तान पर दबाव बनाया है कि वो कश्मीर का मुद्दा भी सुलझाए और भारत का आधिपत्य स्वीकार करे।*

### गाजा में शांति सैनिक भेजे

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका चाहता है कि पाकिस्तान भी इजराइल को मान्यता दे और अगर गाजा में शांतिरक्षक सेना तैनात होती है तो वहां पाकिस्तान भी अपनी सेना भेजे। सऊदी अरब अगर इजराइल के जुड़ी कोई डील करता है तो पाकिस्तानी सेना गाजा में युद्ध बंद करने में अपनी भूमिका निभाए। दरअसल, पाकिस्तान की सेना यमन में हूतियों के खिलाफ सैन्य अभियान में सऊदी अरब की सेना की मदद कर चुकी है।

### चीनी से ज्यादा करीबी न बढ़ाए

पाकिस्तान की चीन के साथ बढ़ रही करीबी भी डोनाल्ड ट्रंप को खटक रही है। इसीलिए पाकिस्तान के नेतृत्व से अमेरिका ने कहा है कि वो चीन के साथ ज्यादा करीबी न बढ़ाए। दरअसल, पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सीपेक के निर्माणकार्य में जुटे चीनी इंजीनियरों और मजदूरों पर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हमला कर दिया था। जिसके बाद चीन ने पाकिस्तानी राजदूत को फटकार लगाई थी। इतना ही नहीं अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए चीन ने पाकिस्तान में अपने सुरक्षा बलों की भी तैनात कर दी है।

### ईरान को लेकर भी दी नसीहत

*अमेरिका और सऊदी अरब ने ईरान को लेकर भी पाकिस्तान को नसीहत दी है। दरअसल, पाकिस्तान और ईरान के रिश्ते कभी खट्टे तो कभी मीठे रहते हैं। अमेरिका ने पाक नेतृत्व से कहा है कि अगर कभी ईरान में सत्ता परिवर्तन के लिए अभियान शुरू किया जाता है तो इस्लामाबाद न्यूट्रल नहीं रहेगा। उसे सऊदी और अमेरिका के इस कदम का समर्थन करना होगा। अमेरिका ने अपनी पांचवीं मांग में कहा है कि पाकिस्तान आतंकवाद विरोधी अभियानों में उसकी मदद करे।*

### मुनीर के खिलाफ लग सकता है बैन

अमेरिका ने पाकिस्तानी नेतृत्व को धमकी देते हुए कहा है कि अगर वह अमेरिका की इन पांच शर्तों को नहीं मानता है तो वह सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के खिलाफ बैन लगा देगा। इसको लेकर अमेरिकी कांग्रेस में प्रस्ताव भी पेश किया जा चुका है। इस प्रस्ताव में पूर्व पीएम इमरान खान के कथित मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान की सरकार और सेना प्रमुख मुनीर के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान चालीसा की 60 हजार प्रतियां वितरित की

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने देश भर के आठ मंदिरों में हनुमान चालीसा की 60,000 छोटी प्रतियां वितरित की हैं।




'एसए हिंदूज' संगठन के सदस्यों ने ग्वातेंग प्रांत के विभिन्न क्लबों के मोटरसाइकिल सवार लोगों के नेतृत्व में वितरण अभियान चलाया और उन्होंने जरूरतमंदों में वितरित करने के लिए लगभग दो टन किराने का सामान भी एकत्र किया। 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडित लूसी सिगबन ने यह काम किया।

### खदान दुर्घटना में पांच की मौत, चार घायल

**मैड्रिड।** उत्तरी स्पेन में सोमवार को एक खदान में हुई दुर्घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। क्षेत्र के आपातकालीन सेवा प्राधिकरण ने यह जानकारी दी।




प्राधिकरण ने बताया कि घायलों में दो को हेलीकॉप्टर से और अन्य दो को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। खदान में काम कर रहे अन्य दो श्रमिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। प्राधिकरण ने कहा कि उसने डेगाना नगरपालिका में बचाव कार्यों में सहायता के लिए तीन हेलीकॉप्टर भेजे हैं।

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान से मचा हड़कंप

**एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा**

# आने वाले दिनों में हम सभी देशों पर लगाएंगे टैरिफ, देखते हैं क्या होगा?

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह पूरी दुनिया पर टैरिफ लगाएंगे। उन्होंने ये घोषणा एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे। अब तक अमेरिका ने उन देशों पर टैरिफ लगाने की बात कही थी जो अमेरिकी वस्तुओं और सेवाओं पर आयात शुल्क लगाते हैं या फिर उन देशों पर जिनके साथ अमेरिका का व्यापार असंतुलित है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने ताजा बयान देकर सभी को चौंका दिया है क्योंकि उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने हमें इस तरह ठगा है जैसा इतिहास में किसी देश ने कभी नहीं ठगा है और हम उनके साथ उनसे कहीं ज्यादा अच्छा व्यवहार करने जा रहे हैं लेकिन फिर भी यह देश के लिए बहुत बड़ी रकम है।

### कोई कटऑफ नहीं



राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हम सभी देशों के साथ शुरुआत करेंगे, इसलिए देखते हैं क्या होता है। यह केवल कुछ मुट्ठी भर देशों के बारे में नहीं है जो प्रभावित होंगे। उन्होंने केवल 10 या 15 देशों पर पारस्परिक टैरिफ की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि मैंने 10 या 15 देशों के बारे में कोई बात नहीं की है। हम सभी देशों के बारे में बात कर रहे हैं, कोई कटऑफ नहीं।

### रूस ने युद्ध रोकने से मना किया तो उस पर भी द्वितीयक टैरिफ

ट्रंप ने कहा कि जब पुतिन ने जेलेंस्की की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना शुरू किया तो मैं बहुत नाराज हुआ, क्योंकि यह सही दिशा में नहीं हो रहा था। ट्रंप ने कहा कि रूस यूक्रेन में नया नेतृत्व चाहता है। मगर नए नेतृत्व का मतलब यह है कि आप लंबे समय तक कोई समझौता नहीं कर पाएंगे। ट्रंप ने धमकी दी है कि समझौता नहीं होने पर रूस पर द्वितीयक टैरिफ लगाई जा सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर रूस और मैं यूक्रेन में रक्तपात रोकने के लिए कोई समझौता करने में असमर्थ हैं। अगर मुझे लगता है कि यह रूस की गलती की वजह से हुआ है तो मैं रूस से आने वाले सभी तेल पर द्वितीयक टैरिफ लगाऊंगा।

### जो हमारे साथ, उन पर कम शुल्क

डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी घोषणा की कि वे उन देशों के साथ अधिक अच्छे, अधिक उदार और दयालु होंगे जो अमेरिका पर शुल्क लगाते हैं। उन्होंने कोई आंकड़ा दिए बिना दावा किया कि शुल्क उन देशों की तुलना में कहीं अधिक उदार होंगे जो हमारे साथ थे, जिसका मतलब है कि वे उन देशों की तुलना में अधिक दयालु होंगे जो दशकों से संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ थे।

### अधिक टैरिफ लगाने वालों को बताया डर्टी 15

*ऐसी अटकलें थीं कि ये पारस्परिक शुल्क उन एक दर्जन से ज्यादा देशों पर असर डालेंगे, जिनके बारे में ट्रंप प्रशासन का मानना है कि वे अमेरिका के साथ अनुचित व्यापार करते हैं। यानि कि अमेरिका के ऊपर भी ज्यादा टैरिफ लगाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने ऐसे देशों के ग्रुप की बात की थी, जिन्हें उन्होंने डर्टी 15 बताया था।*

### ईरान को दी धमकी, ऐसी बमबारी करूंगा जो पहले कभी नहीं देखी

तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा ईरान को सीधे धमकी दी है कि अगर ईरान ने हमारे साथ नया परमाणु समझौता नहीं किया तो ऐसी बमबारी करूंगा कि ईरान ने इससे पहले कभी नहीं देखी होगी। ट्रंप ने धमकी दी कि डील मत करो। बमबारी होगी। यह बमबारी ऐसी होगी। जैसी उन्होंने (ईरान) पहले कभी नहीं देखी होगी। एक मौका है। अगर ईरान डील नहीं करता है तो ईरान पर द्वितीयक टैरिफ भी लगाऊंगा।

### ईरान बोला हम तैयार

ईरान ने भी अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी कर ली है। जानकारी के मुताबिक ईरान की सेना ने अपनी मिसाइलों को रेडी टू लॉन्च मोड पर तैनात कर दिया है। एक्स पोस्ट पर ईरान की सेना ने कहा कि ईरान की मिसाइलें सभी भूमिगत मिसाइल शहरों में लॉन्चरों पर लोड की गई हैं। वे लॉन्च को तैयार हैं। अमेरिका और उसके सहयोगियों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### ट्रंप के साथ बातचीत से ईरान का इनकार

इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने परमाणु कार्यक्रम पर ट्रंप के साथ सीधी बातचीत से इनकार कर दिया है। हालांकि उन्होंने पर्दे के पीछे बातचीत की इच्छा जताई है। राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा कि हमने ओमान के माध्यम से अमेरिकी राष्ट्रपति को जवाबी पत्र भेजा है। हमने सीधी बातचीत के विकल्प को अस्वीकार कर दिया है। मगर पर्दे के पीछे बातचीत को तैयार हैं।

## कठुआ एनकाउंटर जारी

# आतंकियों ने घर में घुसकर मांगा खाना, अपहृत बच्चा कूदकर भागा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू के कठुआ जिले में 4 दिन से चल रहा ऑपरेशन साफियान रविवार को रुका रहा। इसका फायदा उठाते हुए जंगलों में छिपे 3 आतंकी जुथाना के रुई गांव में देखे गए। रविवार शाम करीब 7:45 बजे काले कपड़े पहने ये तीनों एक घर में घुसे। जहां उन्होंने खाना-पानी मांगा। खाने के बाद वे घर में मौजूद एक 13 साल के बच्चे को अपने साथ ले गए। हालांकि बच्चा पहाड़ी से कूदकर भागने में कामयाब रहा।

संदिग्ध गतिविधि की खबर मिलते ही सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है। अंधेरे की वजह से सर्चिंग नहीं हो सकी। सुबह होने आतंकियों की तलाश की जाएगी। एक दिन पहले पुलिस ने कहा था कि आतंकी 10 किमी के दायरे में जाखोले की ऊंची पहाड़ियों में ही छिपे हैं, यहां घने जंगल और गुफाएं भी हैं। पांचों आतंकी स्थानीय लोगों की मदद से 4 दिन से टिके हुए हैं।



### पंजतीर्थी इलाके में छिपे आतंकी

**श्रीनगर।** उज्ज दरिया के किनारे पंजतीर्थी इलाके में पुलिस और सीआरपीएफ की आतंकियों के साथ मुठभेड़ शुरू होने की जानकारी है। रात दस बजे के लगभग दरिया में संदिग्ध मूवमेंट देखने के बाद पुलिस और सीआरपीएफ टीम ने गोलीबारी की। पूरे इलाके को घेर लिया गया है। पिछले नौ दिन के भीतर तीसरी बार आतंकियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकोट पुलिस चौकी की टीम के साथ सीआरपीएफ की एक छोटी टुकड़ी ने पंजतीर्थी बरोटा में तीन संदिग्धों की मूवमेंट देखी। उन्हें रोकने का प्रयास करते हुए गोलीबारी की गई। गोलीबारी होते ही सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया। अतिरिक्त पुलिस बल भी मौके पर रवाना किया गया है।

### हथियार देख भागे घर के पुरुष

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जब तीनों आतंकी रुई गांव पहुंचे तो वे करतार सिंह नाम के एक शख्स के घर में घुसे। हथियारबंद लोगों को देखकर परिवार के पुरुष सदस्य एक बुजुर्ग महिला और 13 साल के लड़के को छोड़कर भाग गए। इसके बाद आतंकियों ने खाना खाया और बच्चे को पकड़कर अपने साथ ले गए। हालांकि बच्चा उनके चंगुल से छूटकर भागने में कामयाब रहा।

## केंद्रीय मंत्री सिंह ने की बड़ी घोषणा

# कठुआ एनकाउंटर में हुए शहीदों के परिजनों को मिलेगी सरकारी नौकरी



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कठुआ मुठभेड़ में बलिदान हुए दो पुलिसकर्मियों के परिवार में एक-एक को सरकारी नौकरी देने और अपने सांसद निधि कोष से 70-70 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए सरकारी स्कूलों का नाम बदलकर उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। बलिदान हुए दो पुलिसकर्मियों जसवंत सिंह और बलविंदर सिंह के परिवारों से रविवार को लौंडी और कन्ना चक में मुलाकात कर यह घोषणा की।

### दोनों शहीदों का बनेगा स्मारक

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक सांसद के रूप में मैं दोनों शहीदों के लिए स्मारक बनाने की घोषणा करता हूं। उनके सम्मान में कुछ स्कूलों का नाम रखा जाएगा। हम इसका प्रस्ताव रखेंगे। उन्होंने कहा कि देश अपने सुरक्षाबलों के प्रति कृतज्ञ है और उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कठुआ जिले के दो बेटे शहीद हुए, मैं उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने आया हूं। ये वे परिवार हैं जिन्होंने न केवल पीढ़ियों से मातृभूमि की रक्षा की है, बल्कि महान बलिदान भी दिए हैं।

### हवाई हमलों में 3 हूती विद्रोहियों की मौत

**दुबई।** यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाली राजधानी सना और उसके आसपास रविवार रात से लेकर सोमवार सुबह तक किए गए हवाई हमलों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। ईरान समर्थिक हूती विद्रोहियों ने सोमवार को यह दावा किया। विद्रोहियों ने संदेह जताया है कि ये हमले अमेरिका ने किए। हूती विद्रोहियों ने कहा कि राजधानी सना के आसपास और हज्जा प्रांत में हुए हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। सना पर 2014 से हूती विद्रोहियों का नियंत्रण है। हमले में सना में घरों में बिखरे कांच के टुकड़े नजर आ रहे हैं। उसने लक्षित ठिकानों को नहीं दिखाया, जिससे यह संकेत मिलता है कि हमले जिन जगहों पर किए गए, उनका इस्तेमाल सैन्य या खुफिया उद्देश्यों के लिए किया जाता था।

## पाकिस्तानी मूल का कनाडाई गिरफ्तार

# पाक सेना की संस्थाओं को अमेरिकी प्रौद्योगिकी पहुंचाने का लगा आरोप

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

पाकिस्तान मूल के एक कनाडाई नागरिक को अमेरिकी निर्यात नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन कर लाखों डॉलर की अमेरिकी प्रौद्योगिकी को पाकिस्तान के सैन्य एवं हथियार कार्यक्रमों से जुड़ी संस्थाओं तक पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी की पहचान मोहम्मद जावेद अजीज (67) के रूप में की गई है। उसे 21 मार्च को वाशिंगटन के 'वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट' में कनाडा से अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास करते समय गिरफ्तार किया गया। उसे मिनेसोटा जिले में स्थानांतरित किए जाने तक हिरासत में रखा गया है। उस पर अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन




आर्थिक शक्तियां अधिनियम और निर्यात नियंत्रण सुधार अधिनियम का उल्लंघन करने की साजिश रचने का आरोप है। अभियोग में आरोप लगाया गया है कि 2003 से लेकर लगभग मार्च 2019 तक अजीज ने कनाडा स्थित अपनी कंपनी 'डाइवर्सिफाइड टेक्नोलॉजी सर्विसेज' के माध्यम से एक अवैध खरीद नेटवर्क चलाया जिसका उद्देश्य उन पाकिस्तानी संस्थाओं के लिए अमेरिकी मूल के सामान हासिल करना था जो परमाणु, मिसाइल और मानव रहित यान (यूएवी) कार्यक्रमों से जुड़ी हैं।

## नेपाल के पीएम ओली ने पूर्व राजा पर लगाया आरोप

# कहा- ज्ञानेंद्र अशांति फैलाने का काम कर रहे, फिर से राजशाही लाना चाहते

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के पीएम केपी ओली ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह देश में अशांति फैलाने और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का आरोप लगाया लगाया है।

पीएम ओली ने सोमवार को कहा कि पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह देश में सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने और समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप राजतंत्र समर्थक प्रदर्शनों में हिंसा भड़क गई। प्रतिनिधि सभा में बोलते हुए पीएम ओली ने आरोप लगाया कि पूर्व राजा शाह ने उन व्यक्तियों के साथ मिलकर काम किया है जिन्होंने बैंक ऋण चुकाने से इनकार किया। शाह ने अपनी महत्वाकांक्षाओं के लिए सामाजिक अशांति फैलाने की कोशिश की, जिससे तिनकुने क्षेत्र में हिंसक घटनाएं हुईं।

### हिंसा में शामिल लोगों को नहीं बख्शेंगे



पीएम ओली ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की और प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसपैठ की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और तेल निगम के डिपो में आग लगाने जैसी आतंकवादी गतिविधियां कीं। पीएम ने कहा कि इन हिंसक गतिविधियों को राजनीतिक गतिविधियां नहीं माना जा सकता है और हिंसा में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रहे

पीएम ओली ने कहा कि गृह मंत्रालय जल्द ही इस घटना की विस्तृत जानकारी संसद को देगा और पूरे मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल की घटनाओं का विश्लेषण करना जरूरी है और धर्म, संस्कृति और परंपरा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर लोगों की भावनाएं भड़काकर हिंसा को उकसाने की कोशिश की गई। ओली ने दावा किया कि पूर्व राजा ने अराजक तत्वों को अपने घर बुलाया और एक तथाकथित कमांडर नियुक्त किया, जो देश में अशांति फैलाने के प्रयासों में शामिल था।

## राष्ट्रपति मैक्रों की राह का रोड़ा हटा

# फ्रांसीसी अदालत ने गबन मामले में मरीन ले पेन को पाया दोषी

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस की एक अदालत ने सोमवार को मरीन ले पेन को गबन के एक मामले में दोषी पाया, लेकिन तत्काल यह नहीं बताया कि उन्हें क्या सजा दी जाएगी और इसका इस दक्षिणपंथी नेता के राजनीतिक भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा। बता दें, मरीन ले पेन और उनकी नेशनल रैली के 24 अन्य अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने यूरोपीय संघ के संसदीय सहायकों के लिए निर्धारित धन का उपयोग 2004 से 2016 के बीच पार्टी के लिए काम करने वाले कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए किया, जो 27 देशों के ब्लॉक के नियमों का उल्लंघन था। मरीन ले पेन और उनके सह-प्रतिवादियों ने गलत काम करने से इनकार किया। दक्षिणपंथी नेता के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि अदालत उन्हें तत्काल प्रभाव से पद के लिए अयोग्य घोषित कर सकती है - भले ही वह अपील करें। इससे उन्हें 2027 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है।





### राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने पर लग सकती है रोक

*मरीन ले पेन 2017 और 2022 के राष्ट्रपति चुनावों में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो के बाद दूसरे स्थान पर रहीं और हाल के वर्षों में उनकी पार्टी का चुनावी समर्थन बढ़ा है। 2024 के अंत में हुए नौ हफ्ते के ट्रायल के दौरान, उन्होंने तर्क दिया कि अयोग्यता मुझे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होने से वंचित और उनके समर्थकों को मताधिकार से वंचित कर देगी। 11 करोड़ लोगों ने उस आंदोलन के लिए मतदान किया है जिसका मैं प्रतिनिधित्व करती हूं। उन्होंने तीन न्यायाधीशों के पैनल को बताया इसलिए कल, संभावित रूप से, लाखों और लाखों फ्रांसीसी लोग खुद को चुनाव में अपने उम्मीदवार से वंचित देखेंगे।*

## तुर्की-पाक की धड़कनें बढ़ाने को तैयार इनीयोकॉस-25

# युद्धाभ्यास में हिस्सा लेने ग्रीस पहुंची भारतीय सेना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तुर्की में आए भूकंप के बाद भारत ने मदद के लिए अपने दरवाजे खोले थे। उसके बाद भी तुर्की पाकिस्तान के खेमे में ही खड़ा दिखाई देता है। तुर्की और पाकिस्तान के बीच सामरिक रिश्तों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पाकिस्तान को बड़ी तादाद में अपने हथियार बेचने में लगा है। वहीं भारत के साथ ग्रीस के सामरिक रिश्ते और मजबूत हो रहे है। इससे पाकिस्तान और तुर्की को घुटन महसूस हो सकती है। भारतीय वायुसेना को फिर से ग्रीस ने अपने मल्टीनेशनल इनीयोकॉस-25 अभ्यास के लिए न्योता दिया। इसने एक बार फिर से पाकिस्तान को असहज कर दिया। तुर्की तो नेटो में ही फूट डलवाने के काम में भी जुटा है। तुर्की और ग्रीस जो की दोनों नेटो के सदस्य देश हैं। पूर्वी भूमध्य सागर में एजियन समुद्र और उनके द्वीप को लेकर दशकों पुराने विवाद पर आमने सामने है।

**11 अप्रैल तक चलेगा इनीयोकॉस-25 युद्धाभ्यास**

**15 देशों की वायुसेना अपना रणकौशल दिखलाएंगी**

### युद्धाभ्यास में सुखोई, आईएल-78 और सी-17 विमान




31 मार्च-11 अप्रैल तक चलने वाले इनीयोकॉस-25 युद्धाभ्यास में दुनिया के 15 देशों की वायुसेना अपने रणकौशल को साझा करेंगे। भारत, अमेरिका, ग्रीस के अलावा फ्रांस, इजरायल, स्पेन, इटली, कतर, यूएई, पोलैंड, स्लोवेनिया, ऑस्ट्रिया सहित कुल 15 देशों की वायुसेनाएं हिस्सा ले रही हैं। भूमध्य सागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी का एहसास कराने के लिए भारतीय वायुसेना ने 2023 में इस अभ्यास में शिरकत की थी। इस बार भारतीय वायुसेना की तरफ से सुखोई फाइटर जेट, आईएल-78 रिफ्यूलर और सी-17 ग्लोबमास्टर के साथ वायुसेना की टीम के साथ ग्रीस के एंड्राविडा एयर बेस पहुंच चुकी है। अभ्यास की शुरूआत भी हो चुकी है ।

### रियल वारजोन बनाकर होगा अभ्यास

*इस अभ्यास के दौरान फाइटर फुल रेंज कॉपलेक्स मिशन को ग्रीस और मेडिटेरियन समुद्र में अंजाम देगें। इसके अलावा दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम से निपटने और जमीनी टार्गेट को भी निशाना बनाने का अभ्यास करेंगे। इनीयोकॉस-25 में भारतीय वायुसेना की भागीदारी वैश्विक रक्षा सहयोग और समनवय को दर्शाती है। यह अभ्यास भारत की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। साथ ही मित्र देशों के साथ साझा अभियानों में इसकी क्षमताओं को बढ़ाएगा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109